e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com
रांची संस्करण
हिन्दी दैनिक
वर्ष 10, अंक 75
# प्रभात मंत्र
रविवार
19.03.2023
RNI No. - JHAHIN/2014/59110
ताजा खबरों के लिए देखें prabhatmantra.com
पृष्ठ 12 | मूल्य 3 रुपये
पोस्टल रजिस्ट्रेशन : आरएन /257/2021-23

**सुविचार**
समय की सीमा जानने का एक ही टिका है, असंभव से भी आगे निकल जाना।


झारखण्ड सरकार
GOVERNMENT OF JHARKHAND

# झारखण्ड के उत्कृष्ट विद्यालय

## सभी बच्चों को समावेशी शिक्षा प्रदान करने का लक्ष्य



80 उत्कृष्ट विद्यालय, 325 प्रखंड स्तरीय लीडर स्कूल, 4,091 ग्राम पंचायत स्तरीय आदर्श विद्यालय

सरकारी स्कूलों के 15 लाख से अधिक बच्चों को उत्कृष्ट शिक्षा के अवसर प्रदान करने का लक्ष्य

शिक्षा में समानता, गुणवत्ता और मानक तय करना

बदलते समय के अनुरुप विद्यार्थियों को अत्याधुनिक गुणवत्तापूर्ण शिक्षा

सीबीएसई से मान्यता तथा राष्ट्रीय एवं राज्य स्तरीय गाइडलाइन्स के अनुरुप आउटकम फ्रेमवर्क

मेरा मानना है कि समाज के प्रत्येक वर्ग को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्राप्त करने का पूर्ण अधिकार है।

मेरा प्रयास रहा है कि सरकारी स्कूल शिक्षा और प्रशिक्षण के मानकों को पूरा करें, ताकि राज्य में समावेशी शिक्षा की समानता और गुणवत्ता को सक्षम बनाया जा सके।

- अत्याधुनिक आधारभूत संरचना
- अंग्रेजी माध्यम स्कूल
- एकीकृत STEM लैब्स
- डिजिटल स्मार्ट क्लास
- सूचना प्रौद्योगिकी का मजबूत ढांचा
- राष्ट्रीय स्तर का खेल प्रशिक्षण

PR NO-293035 (School Education and Literacy) 22-23
स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग, झारखण्ड सरकार

# भूमि अधिग्रहण के मुआवजा भुगतान में असमानता के खिलाफ त्रिपाठी ने उपायुक्त को सौंपा ज्ञापन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर :** झारखंड सरकार के पूर्व मंत्री केएन त्रिपाठी ने शनिवार को स्थानीय रांची रोड स्थित गौरी शंकर मैरिज हॉल से उपायुक्त कार्यालय (समाहरणालय) तक पदयात्रा करके उपायुक्त को रैयतों के तरफ से ज्ञापन सौंपा। इस परियोजना में तीन पंचायत के एक सौ 23 एकड जमीन जाएगी। एनएचएआई के द्वारा किए गए भूमि अधिग्रहण के खिलाफ उपायुक्त को ज्ञापन सौंपने के बाद इन भू-धारकों ने सवाल खड़ा करते हुए कहा है कि जमीन का दाम विभाग ओने-पौने के दर से लगाने के फिराक में है।जबकि जो जमीन एनएच 75 में जा रहा है उसका सर्किल रेट काफी ज्यादा है। जमीन का जो रेट तय किया गया है उसका हमलोग विरोध करते हैं और सभी जमीन का मुआवजा एक समान देने की मांग करते हैं। दूसरे चरण के लिए भोगू से रेहला के शंखा गांव तक भूमि का अधिग्रहण किया जा चुका है। पूर्व मंत्री केएन त्रिपाठी ने कहा है कि सभी रैयतों को नेशनल हाईवे अथॉरिटी ऑफ इंडिया ने जो जमीन अधिग्रहण किया है। उसका एक समान मुआवजा दे ताकि जमीन मालिकों का गुजर बसर ठीक ढंग से हो सके। 1988 में संसद के एक अधिनियम द्वारा सड़क परिवहन व राजमार्ग के प्रबंधन जमीन देने वाले रैयतों को उन्हें स्थापित करने की जिम्मेवारी भी लेनी चाहिए। उन्होंने कहा कि गैरमजरूआ भूमि मालिक जिनका लगान रसीद 30 वर्षों से भरते आ रहे हैं उन्हें भी विभाग मुआवजा दे। सबसे ज्यादा जो जमीन का खरीदी हुई है उस केवाला के अनुसार अथॉरिटी उन्हें मुआवजा दे। श्री त्रिपाठी ने कहा कि सड़क और परिवहन राजमार्ग के द्वारा पोलपोल, सरजा और लहलहे पंचायत के 750 रैयतों का कूल एक सौ 23 एकड भूमि अधिग्रहण किया गया है। ज्ञापन सौंपने के दौरान काफी संख्या में रैयतों ने केएन त्रिपाठी के नेतृत्व में उपायुक्त कार्यालय तक पदयात्रा किया।

## हैदरनगर रेलवे स्टेशन के समीप ट्रेन की चपेट में आने से एक युवक की मौत



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हैदरनगर (पलामू) :** हैदरनगर रेलवे स्टेशन के समीप ट्रेन के चपेट में आने से हुई एक युवक की मौत,घटना की सूचना मिलते ही रेलवे पुलिस स्थल पर पहुची, बताया जा रहा है कि मृतक युवक हैदरनगर के बिंदु बीघा निवासी राजेश कुमार सिंह पिता इश्वर्धन सिंह का शव बताया जा रहा है घटना की सूचना मिलते ही रेल पुलिस घटनास्थल पर पहुंचकर शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हेतु भेज दिया घटना स्थल से मृतक का आधार कार्ड बरामद किया गया है इस घटना को लेकर पुलिस जांच में जुट गई है।

## केतार में सुरक्षा जवान एवं सुपरवाइजर भर्ती कैंप में दो हुए चयन



**केतार (गढ़वा) (प्रभात मंत्र संवाददाता):** शनिवार को एसआईएस सिक्योरिटी कमांडेंट कार्यालय सेंट्रल ट्रेनिंग एकेडमी सुरक्षा कंपनी गढ़वा बेलचांपा के द्वारा सुरक्षा जवान एवं सुपरवाइजर की भर्ती कैंप प्रखंड मुख्यालय केतार के सभागार कक्ष में की गई। इस दौरान क्षेत्र के दर्जनों बेरोजगार युवक सिक्योरिटी गार्ड में भर्ती होने पहुंचे। जहां योग्यता रखने वाले दो युवकों को एसआईएस सिक्योरिटी के पदाधिकारी सुनील प्रसाद के द्वारा सुरक्षा जवान में भर्ती किया गया। उन्होंने यह भी कहा की इस क्षेत्र में प्रचार प्रसार सही तरीके से नहीं की गई जिसकी वजह से भर्ती कैंप में ज्यादा लोग नहीं पहुंच सके। उन्होंने कहा कि हमारी एसआईएस कंपनी देश के सभी राज्यों में काम करती है और सुरक्षा के मामले विश्वस्तरीय प्रसिद्ध भी है। एसआईएस कंपनी 200 से अधिक भर्ती कैंप खोलकर योग्यता रखने वाले बेरोजगार युवकों को रोजगार पहुंचा रही है। हमारी कंपनी 65 वर्ष की उम्र तक स्थाई नौकरी, वार्षिक अथवा समय समय पर वेतन बढ़ोतरी, सलाना या परफॉर्मेंस के आधार पर प्रमोशन का अवसर, मेडिकल सुविधा, सेवा प्रावधान, लोन की सुविधा, बच्चों की उत्तम पढ़ाई सहित अन्य फैसिलिटी की सुविधा भी जवानों को मुहैया कराती है।

## रमना के मानस मानस मंदिर के प्रांगण मे बैठक हुई संपन्न, शांतिपूर्ण राम नवामी जुलुस को लेकर लिया गया निर्णय



**रमना (प्रभात मंत्र संवाददाता):** रमना प्रखंड मुख्यालय स्थित श्री सीताराम मानस मंदिर के प्रांगण में मंदिर निर्माण समिति के अध्यक्ष बिरेंद्र प्रसाद गुप्ता के अध्यक्षता शनिवार को बैठक संपन्न हुई।बैठक के दौरान श्री सीताराम मानस मंदिर के प्रांगण में रामनवमी पूजा आयोजन करने के साथ साथ मंदिर प्रांगण को फूल से सजाने, नवाह्नपरायण पाठ कराने,गुलहरीबांध से मुख्य सड़क होते हुए भगत सिंह चौक व बाजार में महावीरी झंडा लगाने,रामनवमी के अंतिम तिथि को भंडारा का आयोजन करने तथा शोभा यात्रा निकालने का निर्णय लिया गया।मौके पर बिरेंद्र प्रसाद गुप्ता ने कहा कि इस वर्ष भी रामनवमी पूजा धूमधाम से मनाई जाएगी जिसकी तैयारी आरंभ कर दिया गया है।सभी सदस्यों और धर्मप्रेमी सनातनी बंधुओं का सहयोग भी मिलना आरंभ हो गया है। इस अवसर पर मंदिर निर्माण समिति के सचिव धनंजय गुप्ता,उपाध्यक्ष कृष्णा प्रसाद, कोषाध्यक्ष मुन्ना प्रसाद, असर्फी चंद्रवंशी, मनोज सिंह, अनुज कुमार, आनंद गुप्ता, ललित किशोर, बबलू गुप्ता, महेंद्र प्रसाद गुप्ता, दिनेश गुप्ता, मिट्टू चंद्रवंशी, जगनरायण प्रसाद, श्यामकिशोर प्रसाद, पंकज प्रसाद, बालरूप पासवान, अरविंद कुमार सहित अन्य लोग मौजूद थे।

# लोहराही में अखंड कीर्तन के लिए निकाली गई कलश यात्रा



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**छतरपुर :** छतरपुर नगर पंचायत अंतर्गत ग्राम लोहराही के वार्ड नंबर 14 में रामायण पाठ सह अखंड कीर्तन को लेकर गाजे बाजे के साथ कलश यात्रा निकाली गई कलश यात्रा लोहराही देवी मंडप से शुरु हुआ, जो बकरदाहा नदी तट पर पहुंची जहाँ श्रद्धालुओं कलश में जल भरकर वापस देवी मंडप पहुँचकर कलश की स्थापना की यह रामायण पाठ 24 घन्टे में समाप्त होगी तत्पश्चात अखंड कीर्तन प्रारंभ होगी जो 24 घंटे की होगी दोनों 48 घंटे की होना सुनिचित किया गया है रामायण पाठ सह अखंड कीर्तन समाप्ति के बाद भंडारा का आयोजन किया गया है इस कलश यात्रा में मुख्य पुजारी प्रभात सिन्हा सह पत्नी अर्चना सिन्हा, आचार्य सत्येंद्र मिश्रा, बलराम पाठक, अरुण मिश्रा एवं अनूप मिश्रा, तथा पूजा को सफ़ल बनाने में गिरजा शर्मा, रामलाल प्रजापति, सत्यनारायण प्रजापति, ब्याश चंद्रवंशी, जयकुश प्रजापति, बालदेव यादव, राहुल सिन्हा (व्यास), पंचम साव, मनोज यादव, रामजी यादव, सुधीर प्रजापति, प्रेमचंद कुमार, ददन कुमार, राहुल कुमार सिन्हा, गुप्ता यादव, मंदीप यादव, ध्रूप सिन्हा, आलोक सिन्हा, श्रवन साव, रामशिष यादव, बिगन भुइयाँ, संजय विश्वकर्मा, मुन्ना चंद्रवंशी, बबलू सिन्हा, राजेश यादव सहित सैकड़ों श्रद्धालुओं शामिल रहे।

**समाजसेवी ने किसान मजदूरो को आत्मनिर्भर बनाने को आग्रह किया**

## झारखंड सरकार किसानों को मनरेगा योजना से जोड़कर स्वावलंबी बनाए : व्यास अशोक



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हुसैनाबाद (पलामू) :** समाजसेवी सह गायक अशोक कुमार चौधरी लंगरकोट निवासी ने प्रेस के माध्यम से झारखंड सरकार एवं केंद्र सरकार से आग्रह किया है कि झारखंड के किसानों को मनरेगा से जोड़कर स्वावलंबी बनाया जाए। खेती में काम करने वाले सभी मजदूरों एवं किसानों को इस योजना से जोड़कर आत्मनिर्भर बनाने का काम किया जाए। इस योजना के तहत किसानों को प्रेरित किया जाए की हर तरह के फसल आप उप जाए जिससे हमारा राज्य एवं देश किसानी के क्षेत्र में अपना पहचान स्थापित कर सके। सरकार के द्वारा तो बहुत ही मनरेगा संबंधित योजनाएं धरातल पर लाया गया लेकिन लूट के सिवाय और कहीं कुछ नहीं दिखाता है। पंचायती राज अधिनियम के तहत पंचायत एवं ग्रामीण स्तर पर खेती के लिए सभी प्रकार के उपकरण किसानों को व्यवस्था किया जाए जिससे हमारे किसान को खेती करने में आत्मबल मिल सके। मैं सरकार से यह मागं करता हूं कि झारखंड विधानसभा चालू सत्र के दौरान इस विषय को सभी सदस्यों को विश्वास में लेते हुए इस योजना को पारित करने का कृपा करें ताकि झारखंड में रहने वाले हमारे किसान भाइयों को भला हो सके।

## सगमा में धान क्रय केंद्र का हुआ उद्घाटन



**सगमा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** सगमा प्रखण्ड अंतर्गत भैया रूद्र प्रताप देव उच्च विद्यालय सगमा के प्रांगण में दिन शुक्रवार को धान क्रय केंद्र का उद्घाटन किया गया। धान क्रय केंद्र का उद्घाटन सगमा मुखिया तेजलाल राम, कल्याण पदाधिकारी ओमप्रकाश सिंह, पूर्व जिप सदस्य नन्द गोपाल यादव, 20 सूत्री उपाध्यक्ष देवचंद यादव, जेएएम प्रखंड अध्यक्ष जय गोपाल यादव, पूर्व मुखिया नारायन दास यादव, विधायक प्रतिनिधि राजेश बैठा ने संयुक्त रूप से फिता काट कर व नारियल फोड़ किया। मौके पर कल्याण पदाधिकारी ओमप्रकाश सिंह ने बताया कि सगमा प्रखण्ड में इस वर्ष कुल पन्द्रह सौ क्विंटल धान की खरीदारी करना है। जो किसान मुख्यमंत्री सुखाड़ राहत योजना का लाभ लेने वाले है, वैसे व्यक्ति धान का विक्रय नहीं कर सकते है। धान का न्यूनतम समर्थन मूल्य 1868 रुपए प्रति क्विंटल तथा बोनस दर 182 रुपए क्विंटल है। धान खरीदने के संबंध में उन्होंने बताया कि धान निबंधित किसान से ही खरीदा जाएगा। एसएमएस प्राप्ति के बाद टोकन निर्गत के उपरांत केंद्र पर धान खरीदा जाएगा। निबंधित किसान का आधार कार्ड, जमीन का लगान रसीद, बैंक खाता का पासबुक तथा मोबाइल नंबर होना आवश्यक है। किसानों के राशि का भुगतान आरटीजीएस /एनईएफटी /पीएफएमएस के माध्यम से उनके बैंक खाता में किया जाएगा। मौके पर पैक्स अध्यक्ष कृष्णा यादव, किसान दशरथ बैठा, दीपक यादव, सदानंद यादव, रामरतन यादव, अरुण यादव, हजारी यादव, सुभाष यादव, उमेश यादव, दीपक कुमार,रामश्रन चंद्रवंशी, भुपेंद्र यादव सहित कई किसान उपस्थित थे।

# महिंद्रा आर्केड पार्किंग से बाइक की चोरी



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर :** शहर थाना क्षेत्र के महिंद्रा आर्केड से शुक्रवार को मोटरसाइकिल जेएच03एल 0938 की चोरी हो गई। इस संबंध में भुक्तभोगी चैनपुर थाना क्षेत्र के विवेकानंद नगर मोहल्ला निवासी दिव्य प्रकाश ने बताया कि वह महिंद्रा आर्केड में रिलायंस लाइफ इंश्योरेंस कंपनी में कैशियर के रूप में कार्यरत हैं। शुक्रवार को वह अपना बाइक जेएच 03 एल 0938 महिंद्रा आर्केड पार्किंग में लगाकर काम करने चले गए। शुक्रवार की रात 8:30 बजे जब वह काम करके नीचे पार्किंग में पहुंचे तो उनका बाइक नहीं था। उन्होंने अपना बाइक को सभी जगहों पर खोजा लेकिन कहीं भी बाइक का पता नहीं चला। बाइक नहीं मिलने पर उन्होंने शनिवार को अपने बाइक चोरी होने से संबंधित मामला शहर थाना में दर्ज करा दिया है।

## विभिन्न शक्ति केंद्रों पर आम लोगों ने सुना राष्ट्रपति की अभिभाषण



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पांडू :** जिले के पांडू प्रखंड अंतर्गत विभिन्न पंचायतों के शक्ति केंद्रों पर शनिवार के दिन माननीय राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू जी के अभिभाषण को आम जनों के बीच पढ़कर सुनाया गया। इस अभिभाषण में सरकार के द्वारा चलाई गई कई कल्याणकारी योजनाओं से संबंधित लोगों को जानकारी दी गई। मौके पर उपस्थित भाजपा मंडल अध्यक्ष प्रेम सागर सिंह ने अभिभाषण को सुनाते हुए कहा मेरी सरकार देश के विकास के जिस स्पीड और स्केल पर काम कर रही है वह अभूतपूर्व है, अतुलनीय है। इस तरह से अन्य कई शक्ति केंद्र जैसे मुसिखाप कजरूखुर्द से पंकज पांडेय, प्रमोद सिंह, मनमोहन पांडेय, कुटमू से संकर गुप्ता, डालाकला बृद्ध खैरा से सोनी देवी, महुगांवा से सरजू पासवान, रामा शंकर पाठक, आदि के द्वारा माननीय राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू की अभिभाषण को पढ़ कर सुनाया गया. मौके पर जलेश्वर चंद्रवंशी, जय गुरुदेव प्रजापति, कमलेश शर्मा, राजेंद्र चंद्रवंशी, उदय चंद्रवंशी, सुरेश्वर प्रजापति, नामदेव सिंह, नसरुद्दीन अंसारी,, अफसर अली, दिलीप शर्मा, लखन चंद्रवंशी, सुदामा चंद्रवंशी, रमेश चंद्रवंशी, रितेश सिंह के अलावा अन्य कई लोगों ने इस अभिभाषण को सुना।

## अज्ञात वाहन की टक्कर से टूटी बिजली पोल ग्रामीणों ने किया सड़क जाम



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर :** नौडीहा बाजार सड़क मार्ग पर अज्ञात वाहन की टक्कर से एक बिजली पोल टूट गई। इससे आक्रोशित ग्रामीणों ने लगभग 5 घंटे तक सड़क को जाम कर दिया।ग्रामीणों का मांग था कि धक्का मारने वाले वाहन चालक पर कार्रवाई की जाए तथा तत्काल बिजली पोल लगाने एवं बिजली के चालू किया जाए। मौके पर मौजूद उपेंद्र सिंह, निरंजन सिंह, मनीष ठाकुर, लालन सिंह गुड्डू पटेल केदार सिंह इत्यादि ग्रामीणों ने बताया कि शुक्रवार के बीती रात्रि में अज्ञात वाहन ने बिजली पोल को धक्का मार दिया। जिस से पोल टुट गया।आसपास में बांधे मवेशियों बाल बाल बचे। थाना प्रभारी अमन कुमार ने जल्द से बिजली पोल को लगाने एवं बिजली को ठीक करने की बात कही। तब जाकर जांम को हटवाया दिया गया।

# सरस्वती शिशु विद्या मंदिर, जपला का वार्षिक परीक्षाफल व पुरस्कार वितरण कार्यक्रम सम्पन्न




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हुसैनाबाद (पलामू) :** स्थानीय सरस्वती शिशु विद्या मंदिर, जपला में सत्र -2022-23 का वार्षिक परीक्षाफल व पुरस्कार वितरण कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि पूर्व जिला परिषद उपाध्यक्ष विनोद कुमार सिंह, विद्यालय प्रबंधकारणी समिति के अध्यक्ष डॉ शिवप्रसाद मेहता, वरिष्ठ अधिवक्ता चंद्रेश्वर प्रसाद, सचिव राकेश तिवारी, सतीश सिंह, सत्येन्द्र कुमार चंदेल, कामाख्या सिंह, देवेंद्र गुप्ता ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलन व माँ सरस्वती के चित्र पर पुष्पार्चन के साथ वंदना से हुआ। इस अवसर पर मुख्य अतिथि विनोद कुमार सिंह का मार्गदर्शन छात्र-छात्राओं को प्राप्त हुआ। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि शिक्षा ही एक ऐसा माध्यम है जो हमें सफलता की ओर अग्रसर करता है। ज्ञान में किए गए निवेश से सबसे उत्तम लाभ प्राप्त होता है। विद्यालय के प्रधानाचार्य कृष्णकांत दूबे ने प्रार्थना सभा में मुख्य अतिथि विनोद कुमार सिंह का परिचय कराते हुए उन्हें अंगवस्त्र व स्मृति चिह्न प्रदान कर सम्मानित किया। परीक्षा परिणाम की घोषणा परीक्षा प्रमुख राजकुमार सिंह के द्वारा की गई। वहीं प्रधानाचार्य ने छात्र-छात्राओं का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि आज परीक्षा परिणाम में आप उतीर्ण हुए है लेकिन आपको इससे बेहतर करने के लिए लगातार प्रयास करते रहना होगा तभी आप अपना लक्ष्य को हासिल कर सकते है। विद्यालय के सभी शिक्षक मेहनत और लग्न से बच्चों को शिक्षित करते हैं। इसके लिए विद्यालय के सभी शिक्षक- शिक्षिकाएं धन्यवाद के पात्र हैं। इस कार्यक्रम में उत्कृष्टता के आधार पर 72 छात्र-छात्राओं को पुरस्कृत किया गया। पुरस्कार प्राप्त करने वाले कक्षा पंचम से आशुतोष कुमार षष्ठ से आराधना कुमारी, अभिषेक यादव, सप्तम से नीतीश यादव, विराट सिंह, अंकित सिंह, अष्टम से सौम्या कुमारी, सत्यम जौहरी तथा नवम से अर्चिता साहू,आरव कुमार सहित कक्षा-अरुण से नवम तक के कक्षा के प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले, विद्यालय में सर्वाधिक अंक प्राप्त करने वाले, सर्वाधिक उपस्थित रहने वाले बच्चों को पुरस्कृत किया गया। प्रांत स्तर पर प्रतियोगिता में विशिष्टता रखने वाले दो छात्राओं को नकद पुरस्कार एक-एक हजार रुपए की राशि प्रदान कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का समापन मंगल मन्त्र से हुआ। इस कार्यक्रम में परीक्षा सह प्रमुख दीपक पाण्डेय,मीडिया प्रभारी अभिषेक कुमार पाठक, हर्षदा चौबे, शशि कुमार, मृत्युंजय प्रसाद, संजय सिन्हा, धर्मेंद्र कुमार, उषा कुमारी, श्वेता सिंह, जयनारायण सिंह, मनोज सिंह सहित सभी शिक्षक-शिक्षिकाएं उपस्थित थे।

# कम्युनिस्ट पार्टी केरला के राज्यसभा सांसद विनय विश्वम पहुंचे पलामू



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर :** जन्नत संघ इप्टा के राष्ट्रीय महाधिवेशन के अवसर पर भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी केरला के राज्यसभा सांसद विनय विश्वम मेदनीनगर पहुंचे उनके साथ राज्य सचिव महेंद्र पाठक एवं राज्य कार्यकारिणी सदस्य अजय सिंह भी पहुंचे जिनका स्वागत भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी ने पार्टी के झंडा के साथ मोटरसाइकिल और कार की रैली के साथ नारा लगाते हुए इंकलाब जिंदाबाद कामरेड विनय विश्वम को लाल सलाम के साथ स्वागत किया स्वागत का नेतृत्व भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के जिला सचिव रुचिर कुमार तिवारी ने किया और उन्होंने कहा कि समतामूलक समाज के निर्माण के लिए इपटा का राष्ट्रीय सम्मेलन डाल्टनगंज में हो रहा है जिसमें पूरे देश के डेलीगेट साथी भाग ले रहे हैं भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी तमाम साथियों का स्वागत करती है एवं मेहनत कश मजदूर वंचितों शोषण मुक्त समाज के निर्माण ऊंच नीच का भेदभाव गरीबी अमीरी के बीच बटी खाई को समाप्त करने के लिए लगातार संघर्ष करते आ रही है और इस सम्मेलन के माध्यम से शुभकामनाएं देती है। स्वागत समिति में राज्य कार्यकारिणी सदस्य जितेंद्र सिंह, नगर सचिव सुरेश ठाकुर, उमेश सिंह चेरो, चंद्रशेखर तिवारी, अजेश चौहान, सोनू खान, नसीम राइन, मृत्युंजय तिवारी, आलोक तिवारी, श्रद्धानंद तिवारी, रुपेश रितेश सहित कई साथी उपस्थित से और सभी ने फूल माला पहनाकर कामरेड विनय विश्वम का स्वागत किया।

e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com
रांची संस्करण
हिन्दी दैनिक
वर्ष 10, अंक 75

**सुविचार**
समय की सीमा जानने का एक ही टिका है, असंभव से भी आगे निकल जाना।

# प्रभात मंत्र

रविवार
19.03.2023
RNI No. - JHAHIN/2014/59110
ताजा खबरों के लिए देखें prabhatmantra.com
पृष्ठ 12 । मूल्य 3 रुपये
पोस्टल रजिस्ट्रेशन : आरएन /257/2021-23

असर्फी हॉस्पीटल
आपका अपना सुपर स्पेशिएलिटी हॉस्पिटल
कैंसर रोग विभाग
धनबाद में पहली बार
Full Time
Medical Oncologist
उपलब्ध
Dr Parag Roy
MD, DrNB (Medical Oncology)
दिन: सोमवार से शनिवार
समय: सुबह 10AM से 4PM
09297970030

**रांची का तापमान**

| | |
|---|---|
| अधिकतम | 26° |
| न्युनतम | 12° |

### होटल रेडिसन ब्लू में एक कार्यक्रम में शामिल हुए मुख्यमंत्री

# राज्य में सर्वजन पेंशन योजना की हुई शुरुआत : हेमंत सोरेन

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची :** मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन होटल रेडिसन ब्लू में आयोजित संवाद झारखंड कार्यक्रम में शामिल हुए। इस अवसर पर मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने कहा कि वर्तमान सरकार के गठन के कुछ ही दिन हुए थे और वैश्विक महामारी कोरोना वायरस ने देश और दुनिया को अपनी चपेट में ले लिया। उस समय सर मुंडवाते ही ओले पड़े की कहावत चरितार्थ हुई। हमारी सरकार ठीक तरह से स्थापित भी नहीं हुई थी और हमें जीवन यापन के साथ-साथ जीवन को बचाने के लिए भी संघर्ष करना पड़ा, फिर भी हमारी सरकार ने काफी धैर्य और संवेदनशीलता के साथ राज्य वासियों के हितार्थ कई कार्य किए। वैसे मजदूर वर्ग जो झारखंड से देश के विभिन्न राज्यों में स्वरोजगार के लिए गए थे, राज्य सरकार ने उन्हें सकुशल घर वापसी करायी। झारखंड देश का पहला ऐसा राज्य रहा जिसने अपने मजदूर वर्ग को सकुशल वापसी के लिए ऐतिहासिक पहल किया। बस, ट्रेन तथा हवाई मार्ग सहित कई माध्यम से देश के कोने-कोने से मजदूर भाईयों को वापस झारखंड लाने का काम किया गया। मुख्यमंत्री ने कहा कि वैश्विक महामारी के समय यहां के गरीब, किसान, मजदूर, जरूरतमंद लोगों के लिए हमारी सरकार ने जीवन यापन के कई द्वार भी खोलने का काम किया। स्वरोजगार की कई योजनाएं संचालित की गई।

### देश के कोने-कोने से मजदूर भाईयों को वापस झारखंड लाने का काम किया

**हमारी सरकार सिर्फ कागजों पर नहीं बल्कि धरातल पर योजनाओं को उतारने में रखती है विश्वास**

मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने कहा कि पूर्ववर्ती सरकारों ने कार्य योजनाएं सिर्फ कागजों पर ही बनाई परंतु हमारी सरकार ने योजनाओं को कागज के साथ-साथ धरातल पर जाकर उतारने का काम कर दिखाया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार आपके द्वार तथा आपकी योजना-आपकी सरकार-आपके द्वार कार्यक्रम के तहत पंचायत-पंचायत गांव-गांव में जाकर हमारी सरकार ने लोगों को विभिन्न योजनाओं से जोड़ने का काम किया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि पानी,बिजली, सड़क सहित अन्य आधारभूत संरचनाओं के विकास कार्यों में राज्य सरकार तेजी से कार्य कर रही है। अब रात में भी सुदूरवर्ती क्षेत्रों में बिजली के माध्यम से रोशनी रहती है। राज्य में बिजली से संबंधित समस्याओं का समाधान किया गया है। सरकार गठन के बाद से ही हमने बेसिक रूट को मजबूत करने की कवायद तेज कर दी है। जिस गति से हमारी सरकार विकास के आयाम को बढ़ा रही है, अगर इसी गति से विकास के कार्य होते रहेंगे तो वह दिन दूर नहीं जब एक-एक झारखंडवासी गौरवान्वित महसूस करेगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारी सरकार ने नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में भी कई उल्लेखनीय काम किए हैं। पहले बूढ़ा पहाड़ के लोग शहर नहीं देख पाए थे और शहर के लोग बूढ़ा पहाड़ जाने का साहस नहीं दिखा पाते थे। हमारी सरकार ने उस स्थिति को बदलने का कार्य कर दिखाया है।



**कार्यक्रम में इनकी रही उपस्थिति**

मौके पर मंत्री मिथिलेश ठाकुर, मंत्री सत्यानंद भोक्ता, राज्यसभा सांसद महुआ माजी, विधायक सरफराज अहमद,दीपिका पांडे सिंह,विनोद सिंह,अनूप सिंह,दिनेश विलियम मरांडी, शिल्पी नेहा तिर्की सहित अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

**विकास की गति को तेज करने का निरंतर हो रहा है प्रयास**

मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने कहा कि वैश्विक महामारी से निजात मिलते ही हमारी सरकार ने राज्य में विकास की गति को तेज करने का निरंतर प्रयास किया। झारखंड ग्रामीण क्षेत्रों से घिरा हुआ राज्य है। यहां गरीबी, बेरोजगारी के साथ-साथ कई चुनौतियां हैं जिस पर विशेष कार्य करने की आवश्यकता है। हमारी सरकार ने राज्य में सर्वजन पेंशन स्कीम तथा सरकारी कर्मचारियों को ओल्ड पेंशन स्कीम देने का कार्य किया है। राज्य में बूढ़े-बुजुर्ग जनमानस जो अपने उम्र के अंतिम पड़ाव पर हैं, आज वे अपने-आप में सुरक्षित महसूस कर रहे हैं। सरकारी कर्मचारियों की भविष्य की चिंता भी हमारी सरकार ने किया तथा उन्हें ओल्ड पेंशन स्कीम से जोड़ा।

### जमशेदपुर में मिला एचएन2 वायरस का पहला मरीज

# राज्य के स्वास्थ्य महकमा अलर्ट




प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची :** राज्य में एच 3एन2 वायरस का पहला मामला जमशेदपुर में मिला है। रिपोर्ट आने के बाद मरीज को टीएमएच के आइसोलेशन वार्ड में भर्ती कराया गया है। इसकी पुष्टि सिविल सर्जन जुझार मांझी ने की है। इस केस के सामने आने के बाद स्वास्थ्य विभाग हाई अलर्ट मोड में है। सभी अस्पतालों को अलर्ट जारी कर एहतियात बरतने का निर्देश दिया गया है।

सिविल सर्जन जुझार मांझी ने बताया कि संभावित लक्षण वाले अब तक 22 मरीजों का सैंपल जांच के लिए माइक्रो वायरोलॉजी डिपार्टमेंट को भेजा गया था, जिसमें एक महिला मरीज में उक्त वायरस की पुष्टि हुई है। महिला की उम्र 68 वर्ष है। महिला साकची की रहने वाली है। उन्होंने बताया कि मरीज को टीएमएच में अलग बने आइसोलेशन वार्ड में रखकर उनका इलाज किया जा रहा है। अन्य मरीजों को संभावित एहतियात बरतने का निर्देश दिया गया है।

**सिविल सर्जन जुझार मांझी ने बताया कि संभावित लक्षण वाले अब तक 22 मरीजों का सैंपल जांच के लिए माइक्रो वायरोलॉजी डिपार्टमेंट को भेजा गया था, जिसमें एक महिला मरीज में उक्त वायरस की पुष्टि हुई है।**

स्वास्थ्य विभाग फिलहाल महिला की ट्रैवलिंग हिस्ट्री जानने का प्रयास कर रही है।

सिविल सर्जन ने बताया कि वायरस को लेकर पहले ही राज्य सरकार द्वारा एडवाइजरी जारी किया जा चुका है। इसी आधार पर विभाग अलर्ट मोड में रहकर काम कर रहा है, जिले के सभी निजी एवं सरकारी अस्पतालों को संभावित लक्षण वाले मरीजों का सैंपल लेने का निर्देश दिया गया है। सर्दी, जुकाम, गले में खराश, बुखार आदि के लक्षण पर मरीज की जांच की जा रही है। शहर के बड़े अस्पतालों में सैंपल लेने की व्यवस्था की गई है।

## क्विक न्यूज

### घुस लेते बीसीसीएलकर्मी गिरफ्तार

**महुदा :** बाघमारा प्रखंड अंतर्गत महुदा में धनबाद सीबीआइ की टीम ने 20-21 क्वार्टर गुलबाजार निवासी बीसीसीएल मजदूर भीम बाउरी को घूस लेते गिरफ्तार किया है। भीम रिटायर्ड कर्मी से पच्चीस हजार रुपये घुस लेते ऑन द स्पॉट पकड़ा गया ।सीबीआइ अपने साथ धनबाद ले गयी है। चर्चा है कि भीम बाउरी बीसीसीएल का क्वार्टर अलॉट करने के नाम पर कर्मियों से घुस लेता था। बीसीसीएल रिटायर्ड रविलाल हांसदा से भीम ने क्वार्टर खाली नहीं करने देने के एवज में 25 हजार रुपये की मांग किया था. इसकी शिकायत धनबाद सीबीआइ से किया गया। शिकायत की सीबीआइ ने पुष्टि करायी। घेराबंदी कर सीबीआइ ने भीम बाउरी को दबोच लिया। बताया जाता हैं कि पूछ ताछ के क्रम में एक बड़े खुलासे की उम्मीद है।

### लातेहार में 60 लाख रुपये का डोडा बरामद

**लातेहार :** जिले के चंदवा थानाक्षेत्र के लाधूप स्थित एनएच-75 पर छापेमारी कर पुलिस ने डोडा का बड़ा खेप जब्त किया है. पुलिस ने राजस्थान के एक ट्रक पर लदे 10 टन डोडा बरामद किया है. इसकी अनुमानित बाजार कीमत 60 लाख रुपये बताई जा रही है. हालांकि मौके से ट्रक चालक अन्य तस्कर फरार हो गया. एसपी अंजनी अंजन को मिली गुप्त सूचना पर एसडीपीओ संतोष कुमार मिश्र मजिस्ट्रेट के साथ लाधूप के पास आगरा ढाबा के समीप पहुंचे. पुलिस ने संदिग्ध हालत में खड़े ट्रक की तलाशी के क्रम में बोरा में भरा डोडा बरामद किया गया है. इसके बाद डोडा समेत ट्रक को पुलिस जब्त कर लिया. जब्त ट्रक राजस्थान से रजिस्टर्ड है. तस्कर खूंटी या रांची से लादकर राजस्थान तस्करी के लिये वे जा रहे थे. पुलिस तस्कर समेत वाहन मालिक के खिलाफ कार्रवाई की तैयारी में जुट गई है.

### जापान के प्रधानमंत्री कल आयेंगे भारत

**नई दिल्ली :** जापान के प्रधानमंत्री फुमिओ किशिदा सोमवार को दो दिवसीय आधिकारिक यात्रा पर नई दिल्ली पहुंचेंगे। यहां वे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से मुलाकात करेंगे और इंडो पैसिफिक पर केन्द्रित 41वें सप्रू हाउस व्याख्यान भी देंगे। उनका शाम को बुद्धा जयंती पार्क में बाल बोधी-ट्री जाने का भी कार्यक्रम है। विदेश मंत्रालय के अनुसार प्रधानमंत्री किशिदा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ बातचीत करेंगे। दोनों पक्ष आपसी हित के द्विपक्षीय और क्षेत्रीय मुद्दों पर चर्चा करेंगे। वे जी-7 और जी-20 की अपनी-अपनी प्रेसीडेंसी से जुड़ी प्राथमिकताओं पर भी चर्चा करेंगे।मंत्रालय की ओर से जारी कार्यक्रम के अनुसार जापान के प्रधानमंत्री आधिकारिक यात्रा पर सोमवार को नई दिल्ली पहुंचेंगे। वे राजघाट पर महात्मा गांधी की समाधि पर श्रद्धांजलि अर्पित करने जाएंगे। दिल्ली के हैदराबाद हाउस में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात करेंगे। इसके बाद प्रेस वक्तव्य जारी किया जाएगा।

### मप्र: कई जिलों में बारिश के साथ गिरे ओले, बिजली गिरने से आठ लोगों की मौत

**भोपाल :** मध्यप्रदेश में लगातार दूसरे दिन बेमौसम बारिश का दौरा जारी रहा। शुक्रवार को प्रदेश के मालवा-निमाड़ और बुंदेलखंड के कई इलाकों में तेज बारिश और ओले गिरे। इससे फसलों को भारी नुकसान हुआ है। ग्वालियर के घाटीगांव, आरोन पाटई में भी ओले गिरे हैं। नर्मदापुरम, सागर, बैतूल, रायसेन, अशोकनगर और धार जिले में आकाशीय बिजली गिरने से आठ लोगों की मौत हो गई है।

### देशभर में मौसम बदला, हल्की बरसात से मिली गर्मी से राहत

**नई दिल्ली :** बंगाल की खाड़ी में बने दबाव की वजह से आज (शनिवार) सुबह राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली और सीमावर्ती दूसरे राज्यों के जिलों में बरसात होने से मौसम खुशगवार हो गया। भारत मौसम विज्ञान विभाग के एक अधिकारी के मुताबिक दिल्ली और इसके आसपास के इलाकों समेत कई राज्यों में सुबह हल्की बारिश हुई।

### खालिस्तानी गतिविधियों को बढ़ावा देने वाला अमृतपाल सिंह अरेस्ट

# पंजाब में इंटरनेट सेवा बंद



एजेंसी

**चंडीगढ़ :** पंजाब पुलिस ने खालिस्तान समर्थक कट्टरपंथी अमृतपाल सिंह को नकोदर के निकट से हिरासत में ले लिया। अमृतपाल के पांच समर्थकों को भी पुलिस ने हिरासत में लिया गया है।पंजाब सरकार ने किसी प्रकार की अप्रिय घटना की आशंका के चलते राज्य में रविवार दोपहर 12 बजे तक इंटरनेट और सामान्य सेवाओं को निलंबित कर दिया है। पंजाब के 12 जिलों में हाई अलर्ट घोषित किया गया है। पंजाब पुलिस महानिदेशक गौरव यादव ने प्रदेशवासियों से सूबे में शांतिपूर्ण माहौल बनाए रखने की अपील की है। अमृतपाल सिंह पिछले कुछ दिनों से पंजाब में काफी सक्रिय था। वह पंजाब में खालिस्तानी गतिविधियों को बढ़ा रहा था। खालिस्तान समर्थक संगठन वारिस पंजाब दे के प्रमुख अमृतपाल के खिलाफ पंजाब में तीन केस दर्ज हैं, जिनमें से दो मामले अमृतसर जिले के अजनाला थाने में हैं। अपने एक करीबी की गिरफ्तारी से नाराज होकर अमृतपाल ने बीती 23 फरवरी को समर्थकों के साथ मिलकर अजनाला थाने पर हमला कर दिया था। इसके बाद अमृतपाल खुलेआम पंजाब सरकार तथा पंजाब पुलिस को चुनौती दे रहा था। पंजाब पुलिस महानिदेशक गौरव यादव के निर्देश पर फिरोजपुर, संगरूर, मोगा, एसएएस नगर (मोहाली) और पटियाला समेत आठ जिलों की पुलिस को अमृतपाल की गिरफ्तारी के लिए विशेष ऑपरेशन चलाने के निर्देश दिए। इस ऑपरेशन को शुरू करने से पहले पुलिस ने रविवार दोपहर 12 बजे तक पंजाब में इंटरनेट और सामान्य एसएमएस सेवाओं को निलंबित कर दिया। पुलिस ने अर्ध सैनिक बलों के साथ मिलकर अमृतसर जिले में स्थित अमृतपाल के पैतृक गांव जल्लूपुर खेड़ा की भी घेराबंदी की।

पुलिस ने जालंधर के पास नाकाबंदी करके अमृतपाल के काफिले के वाहनों को रोका लेकिन वह पुलिस को चकमा देकर फरार हो गया। पुलिस ने यहां अमृतपाल के पांच समर्थकों को हिरासत में ले लिया। इसके बाद पुलिस के 70 वाहनों ने अमृतपाल का पीछा करना शुरू किया। अमृतपाल ने पुलिस को कई बार चकमा दिया लेकिन करीब पांच घंटे की जद्दोजहद के बाद पुलिस ने अमृतपाल को नकोदर के पास काबू कर लिया। पुलिस ने अमृतपाल व उसके समर्थकों को कहां रखा है, समाचार लिखे जाने तक कोई खुलासा नहीं किया गया है।

# भारत के श्री अन्न अभियान से ढाई करोड़ छोटे व सीमांत किसानों का होगा लाभ : प्रधानमंत्री मोदी

एजेंसी

**नई दिल्ली :** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शनिवार को केंद्र सरकार के श्री अन्न (मोटा अनाज) अभियान को भारत में समग्र विकास का माध्यम बताते हुए कहा कि इससे 2.5 करोड़ छोटे और सीमांत किसानों को लाभ होगा। उन्होंने कहा कि भारत एक वैश्विक आंदोलन के रूप में मोटे अनाज या श्री अन्न को बढ़ावा देने के लिए लगातार काम कर रहा है। प्रधानमंत्री मोदी ने नई दिल्ली के पूसा स्थित भारतीय कृषि अनुसंधान संस्थान (आईएआरआई) के राष्ट्रीय कृषि विज्ञान परिसर (एनएएससी) स्थित सुब्रमण्यम हॉल में ग्लोबल मिलेट्स (श्री अन्न) सम्मेलन का उद्घाटन किया। इस मौके पर उन्होंने ग्लोबल मिलेट्स सम्मेलन पर स्मारक डाक टिकट और मिलेट्स 2023 के अंतरराष्ट्रीय वर्ष के आधिकारिक सिक्के का भी अनावरण किया। इससे पहले प्रधानमंत्री ने यहां आयोजित प्रदर्शनी का भी अवलोकन किया। प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत के प्रस्ताव और प्रयासों के बाद संयुक्त राष्ट्र संघ ने




2023 को अंतरराष्ट्रीय मोटा अनाज वर्ष घोषित किया है, यह बड़े सम्मान की बात है। उन्होंने कहा, मुझे खुशी है कि आज विश्व जब 'अंतरराष्ट्रीय मिलेट वर्ष' मना रहा है, तो भारत इस अभियान की अगुवाई कर रहा है। भारत के 75 लाख से ज्यादा किसान आज इस समारोह में वर्चुअली हमारे साथ मौजूद हैं, जो इसके महत्व को दर्शाता है। प्रधानमंत्री ने अपने संबोधन में कहा कि भारत के मोटे अनाज अभियान से 2.5 करोड़ छोटे और सीमांत किसानों को लाभ होगा। उन्होंने कहा, भारत का बाजरा मिशन 2.5 करोड़ सीमांत किसानों के लिए वरदान बनेगा। आजादी के बाद यह पहली बार है कि कोई सरकार बाजरा उत्पादक किसानों की जरूरतों पर ध्यान दे रही है। जब मोटे अनाज का बाजार बढ़ेगा, तो इससे 2.5 करोड़ सीमांत किसानों की आय में वृद्धि होगी।÷सम्मेलन में प्रधानमंत्री ने श्रीअन्न को भारत में समग्र विकास का एक माध्यम बताते हुए कहा कि भारत एक वैश्विक आंदोलन के रूप में मोटे अनाज या श्री अन्न को बढ़ावा देने के लिए लगातार काम कर रहा है। उन्होंने कहा कि भारत में मोटे अनाज को अब श्री अन्न केवल खेती या खाने तक सीमित नहीं है। हमारे यहां किसी के आगे 'श्री' ऐसे ही नहीं जुड़ता है। जहां श्री होती है, वहां समृद्धि भी होती है। समग्रता होती है। श्री अन्न भी भारत में समग्र विकास का एक माध्यम बन रहा है। इससे गांव और गरीब भी जुड़ा है।प्रधानमंत्री ने कहा कि मिलेटस् मानव और मिट्टी दोनों के स्वास्थ्य को सुरक्षित रखने की गारंटी देते हैं। इसे प्रतिकूल जलवायु परिस्थितियों में और बिना रसायनों और उर्वरकों के आसानी से उगाया जा सकता है। इसकी पैदावार में अपेक्षाकृत पानी भी कम लगता है, जिससे जल संकट वाली जगहों के लिए ये एक पसंदीदा फसल बन जाती है।

उन्होंने कहा, जलवायु रिजिल्यन्ट (लचीला) होना मिलेट्स की ताकत है। बहुत प्रतिकूल जलवायु परिस्थितियों में भी मिलेट्स का आसानी से उत्पादन हो जाता है। उन्होंने कहा कि भारत में बाजरा मुख्य रूप से 12-13 राज्यों में उगाया जाता था। हालांकि, इन राज्यों में प्रति व्यक्ति घरेलू खपत 2-3 किलोग्राम प्रति माह से अधिक नहीं थी।

# राज्य के 57 रेलवे स्टेशनों को बनाया जायेगा बेहतर

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची।** राज्य के 57 रेलवे स्टेशनों पर यात्रियों को हवाई अड्डे जैसी आधुनिक सुविधाएं मिलेंगी। अमृत-भारत योजना के तहत सरकार ने स्टेशनों में सुविधाओं की बढोत्तरी का फैसला लिया है। इसके लिए अलग से बजट तैयार किया गया और उसे मंजूरी भी दे दी गयी है। योजना के तहत झारखंड के 57 रेलवे स्टेशनों की व्यवस्था को बेहतर बनाया जायेगा। इसके लिए 176.53 करोड़ रुपये खर्च करने का प्रस्ताव है। झारखंड में रेलवे परिचालन को बेहतर करने और बुनियादी ढांचे को अधिक मजबूत करने के उद्देश्य से अमृत-रेल योजना के तहत 5,271 करोड़ रुपये दिए गए हैं। रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बताया कि झारखंड को केंद्रीय बजट से राज्य के रेलवे बुनियादी ढांचे को बढ़ाने के लिए 5,271 करोड़ रुपये आवंटित किए गए हैं।

झारखंड के लिए वार्षिक औसत बजट आवंटन 2009 और 2014 के बीच राज्य को मिलने वाले बजट से लगभग 11 गुना अधिक था।केंद्र सरकार स्टेशन पर आधुनिक सुविधा देने और रेलवे के परिचालन को झारखंड सूबे में अधिक बेहतर करने पर ध्यान केंद्रित कर रही है। रेल मंत्री वैष्णव ने पहले ही कहा था कि राज्य सरकार भूमि अधिग्रहण, वन मंजूरी और कानून व्यवस्था में सहयोग करे, ताकि इन परियोजना को जल्द पूरा किया




जा सके। केंद्र सरकार इन योजनाओं पर तेजी से काम करना चाहती है, ताकि तय समय से पहले इन योजनाओं को पूरा किया जा सके।जिन स्टेशनों में यह काम होगा, उनमें टाटानगर रेलवे स्टेशन के साथ-साथ चक्रधरपुर मंडल के अंतर्गत आने वाले बड़ाजामदा, बरकाकाना, मनोहरपुर, घाटशिला, चांडिल, राजखरसावां, मुरी, सीनी स्टेशन भी शामिल है। टाटानगर से गोड्डा के बीच चलने वाली साप्ताहिक ट्रेन के समय में 20 मार्च से बदलाव किया गया है। इसके तहत यह ट्रेन दोपहर दो बजे की बजाय दोपहर 2.35 बजे रवाना होगी। इसी तरह कई ट्रेन के परिचालन का वक्त बदला गया है या उनके ठहरने के समय में बदलाव किया गया है।

**योजना के तहत झारखंड के 57 रेलवे स्टेशनों की व्यवस्था को बेहतर बनाया जायेगा। इसके लिए 176.53 करोड़ रुपये खर्च करने का प्रस्ताव है। झारखंड में रेलवे परिचालन को बेहतर करने और बुनियादी ढांचे को अधिक मजबूत करने के उद्देश्य से अमृत-रेल योजना के तहत 5,271 करोड़ रुपये दिए गए हैं।**

### एयरक्राफ्ट क्रैश, दो पायलटों की मौत

**बालाघाट :** जिले के नक्सल प्रभावित क्षेत्र लांजी और किरनापुर के बीच जंगलों में शनिवार को एक प्रशिक्षु विमान क्रैश हो गया. हादसे में इंस्ट्रक्टर मोहित और महिला ट्रेनी पायलट वरशुका की मौत हो गई. शुरुआती जानकारी के मुताबिक, इस ट्रेनी एयरक्राफ्ट ने महाराष्ट्र की बिरसी हवाई पट्टी से दोपहर करीब तीन बजे उड़ान भरी थी. जिसके कुछ ही देर बाद ये पहाड़ी इलाके में क्रैश हो गया. गोंदिया के एटीसी एजीएम कमलेश मेश्राम ने हादसे की पुष्टि की है.महाराष्ट्र के गोंदिया स्थित बिरसी हवाई पट्टी से उड़ान भरने के 15 मिनट बाद ही एयरक्राफ्ट बालाघाट में लांजी और किरनापुर के बीच भक्कुटोला-कोसमारा की पहाड़ी पर क्रैश हो गया.

# ढाई टन अवैध कोयला लदा पिकअप जब्त



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**खलारी :** खलारी थाना क्षेत्र में इन दिनों कोयला चोरी को लेकर पूरे क्षेत्र में जमघट सा बना हुआ है. आये दिन कोयला का अवैध कारोबार थाना के सामने से तस्करी होते रहता है. समाचार पत्रों के माध्यम से कोयला चोंरी का खेल का खबर कई बार लिखा जाता है. जब खबर लिखा जाता है तब उसके एक दो दिन के बाद किसी ट्रक व पिकअप वाहन पर कार्रवाई कर जप्त कर दिखावे का कार्य पुलिस के द्वारा किया जाता रहता है. सूत्रों के अनुसार थाना क्षेत्र से ओमनी, ऑटो, पिकअप, अथवा ट्रक से अवैध कोयला का तस्करी धड़ले से किया जाता है,व किया जा रहा है. इसके लिये कई नामचीन हस्तियों व जनप्रतिनिधियों का सफेद हाथ से रंगा है.

**अवैध कोयला की खबर छपने के बाद पुलिस ने की कार्रवाई :** हालांकि प्रभात मन्त्र में 12 मार्च को खलारी थाना के आगे व पीछे से अवैध कोयले का कारोबार जारी का खबर छपी थी जिसका खलारी थाना में पदस्थापित एसआई सुमित कुमार के द्वारा रात्रि गस्ती में अवैध कोयला लदा पिकअप वैन जेएच 02जेड 9903 ओवरब्रिज झील होटल के पास पकड़ लिया गया. बताया जाता है कि वरिय पदाधिकारी के गुप्त सूचना पर कार्रवाई करते हुये झील होटल के पास चेकिंग लगा दिया गया. वाहन चेकिंग के दौरान ओवरब्रिज के तरफ से बिजुपाडा की ओर जा रहा था. इतने में एक पिकअप वाहन को देखा गया. उससे पहले पिकअप चालक कुछ दूर वाहन को खड़ा कर छोड़ कर फरार हो गया. जांच पड़ताल में पाया कि जुट की बारी में भर कर करीबन ढाई टन कोयला पाया गया. अग्रिम कार्रवाई करते हुए वाहन को जप्त कर लिया गया.

## मांडर थाना परिसर से सड़क सुरक्षा को लेकर यात्रा निकाली गई यात्रा



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मांडर :** आज मांडर मे एस.एस.पी.कप फुटबॉल टूर्नामेंट के शुभ अवसर पर मांडर थाना परिसर से सड़क सुरक्षा को लेकर यात्रा निकाली गई। इस यात्रा में झारखंड प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष सह झारखंड सरकार समन्वय समिति के सदस्य श्री बंधु तिर्की उपस्थित हुए। यात्रा की शुरुआत कंदरी मोड़ से हेसमी स्टेडियम तक यात्रा किया गया। फुटबॉल टूर्नामेंट का शुभारंभ कर श्री बंधु तिर्की ने सभा को सम्बोधित करते हुए कहा कि आज जिस तरह से दो पहीया और चार पहिया वाहन का वृध्दि हुआ है,उसी को लेकर के सड़क सुरक्षा यात्रा का आयोजन करना जरूरी था चुंकि आज जो सड़क दुर्घटना हो रही है इससे भारी जानमाल का छति हो रहा है। जो लोग किसी भी वाहन चलाते है उसका नियम का पालन करेंगे तो अच्छा होगा जैसे मोटरसाइकिल चलाते समय हेलमेट का प्रयोग करना,चार पहिया वाहन चलाते समय सीट बेल्ट का उपयोग करना,गाड़ी चलाते समय नशा पान नहीं करना मोबाइल का प्रयोग नहीं करना इत्यादि चीजों सड़क सुरक्षा के लिए बहुत ही जरूरी है। इसलिए यह यात्रा आम जनों तक पहुंचे और इस पर जागरूकता ला कर के बहुत बड़ी क्षति को रोका जा सकता है। यह टूर्नामेंट में जो भी प्रतिभागी भाग लेंगे उससे पुलिस की नौकरी या सैनिकों का बहाली में इसका सीधा लाभ होगा इसलिए इस खेल को अच्छी तरह से खेले और अपने कैरियर को निखारने का प्रयास करें। मौजे पर प्रखंड विकास पदाधिकारी सुलेमान मुडरी अंचल अधिकारी विजय हेमराज खलखो थाना प्रभारी विनय कुमार यादव पुलिस इंस्पेक्टर अवधेश कुमार ठाकुर आईएचएम ब्राम्बे के प्राचार्य डॉ भुपेश कुमार प्रखंड अध्यक्ष मंगा उरांव,विधायक प्रतिनिधि जमील मलिक,सेराफिना मिज,सरिता तिग्गा,होसे उरांव, तुलसी उरांव,तबारक खान,समसुल अंसारी, हसन अंसारी एवं मांडर प्रखंड के तमाम जनप्रतिनिधि एवं सामाजिक कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## रामनवमी व सरहुल पर्व को लेकर शांति समिति की बैठक



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**खलारी :** रामनवमी व सरहुल पर्व को लेकर खलारी थाना परिसर में थाना प्रभारी फरीद आलम की अध्यक्षता में शांति समिति का बैठक किया गया. बैठक में थाना क्षेत्र के गणमान्य व बुद्धिजीवी लोगो का आगमन हुआ. बैठक में थाना क्षेत्र में आगामी पर्व सरहुल व रामनवमी पर्व धूमधाम से मनाने को लेकर चर्चा किया गया. इस दौरान थाना प्रभारी ने बताया कि व्हाट्सएप व सोसल मीडिया के माध्यम से अपवाह फैलाने वाले, शराब पीकर हुडदंग करने वाले, डीजे के माध्यम से आपत्ति गीत संगीत बजाने वालो पर अथवा चौक चैराहो पर बैठ कर दूसरे धर्म का उपहास उड़ाने वालो पर पुलिस की शक्त नजर रहेगा. वही बैठक में जनप्रतिनिधियों व वरिष्ठ व्यक्तियों के निर्णय पर थाना क्षेत्र में शांति व सौहार्द पूर्ण त्योहार मनाने का निर्णय लिया गया. बैठक में वरिष्ठ कांग्रेस नेत्री इंदिरा देवी,आशा देवी,मुन्नी देवी,अनिता देवी,विक्की सिंह,राहुल कुमार,श्यामजी महतो,आनंद कुमार,कृष्णा चौहान,दमयंती उराँव, निर्मला उराँव, सीमा कच्छप, धर्मेंद्र सिंह,दिनेश पांडेय, धीरेंद्र प्रसाद,अरुण चौरसिया सहित अन्य उपस्थित थे.

## नि:शुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**खलारी :** सीएमपीडीआई के क्षेत्रीय निदेशक जयंत चक्रवर्ती व एके मिश्रा विभागाध्यक्ष कार्मिक क्षेत्रीय संस्थान 3 रांची के दिशा निर्देश में सीएसआर के तहत नि:शुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया. लपरा पंचायत के नावाडीह गांव में आयोजित शिविर में मुख्य रूप से उपमुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ ओम प्रकाश उपस्थित थे. शिविर में नावाडीह एवं आसपास के क्षेत्रों से आये लगभग 300 ग्रामीणों की स्वास्थ जांच कर नि:शुल्क दवा दिया गया. शिविर सफल बनाने में विभाग के एस गांगुली, श्री राजश्री, अमित कुमार, एके मिश्रा, अक्षय कुमार मनीष कुमार, किशोर कुमार, सुशील कुमार, बैजनाथ सहित अन्य का सराहनीय योगदान रहा.

## सरहुल व रामनवमी को लेकर टाटीसिल्वे थाना परिसर में शांति समिति की बैठक



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**नामकुम :** सरहुल एवम रामनवमी को लेकर शांति समिति कि बैठक टाटीसिल्वे थाना परिसर में बैठक बुलाई गई। इस बैठक में थाना प्रभारी महेंद्र करमाली ने कहा शराब पुरी तरह से बंद रहेगी। स्वच्छता,पीने कि पानी पर भी ध्यान देना हैं। रात्रि दस बजे के बाद डी जे,मायक साउंड बंद रहेगी। शराबियों एवम ओछी हरकत करने वाले पर विशेष नजर रहेगी। इस बैठक में मुख्य रूप से महेंद्र करमाली, जयपाल हज़ाम उपप्रमुख, मुखिया कृष्णा पाहन, नूतन पाहन, संदीप तिर्की, पूर्व मुखिया सोहन मुंडा, विधायक प्रतिनिधि किस्टो उराव, विनोद अग्रवाल,राजेंद्र महतो, अमित मिश्रा, जितेंद्र बड़ाइक, अर्जुन पाहन प्रधान,राजेश मिश्रा, मुकेश महतो, अशोक मिश्रा, श्री राम सिंह मुंडा, राजेश यादव, गिरेंद्र मोहन, गिरिधर मिश्रा, संजय साहू, के डी शर्मा, राजेंद्र प्रमाणिक इत्यादि के विभिन्न अखाड़े धारी उपस्थित थे। बैठक को सफल बनाने मे मनीष सिंह, राजकुमार यादव, पंकज चौधरी, मनीष कुमार इत्यादि का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

## चान्हो-मांडर प्रेस क्लब का हुआ गठन, डॉ. संजय बने अध्यक्ष



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चान्हो-मांडर :** चान्हो -मांडर के पत्रकारों की बैठक कल्याण ढाबा परिसर बिजुपाड़ा में रखी गई। बैठक की अध्यक्षता वरिष्ठ पत्रकार डॉ संजय प्रसाद के द्वारा किया गया। इस बैठक में प्रिंट व इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के पत्रकारों ने इस संगठन का नाम सर्वसम्मति से चान्हो- मांडर प्रेस क्लब रखा गया। इस बैठक में सर्वसम्मति से एक कमेटी का गठन किया गया जिसमें निम्न पदाधिकारियों एवं कार्यकारिणी सदस्यों का चयन किया गया। जिसमें अध्यक्ष - डॉ संजय प्रसाद, उपाध्यक्ष- रहमतुल्लाह अंसारी व तबरेज आलम,सचिव- अल्ताफ अहमद अंसारी, उपसचिव - शमीम अंसारी व साबिर अंसारी, कोषाध्यक्ष- विवेक सोनी, उप कोषाध्यक्ष- शमीम अंसारी, संगठन मंत्री- अमीन अंसारी, प्रेस प्रवक्ता - आसिफ रजा एवं कार्यकारिणी सदस्य हर्ष कुमार संदीप मिश्रा मोहसिन खान आशीषनन्द तिवारी, ऐनुल अंसारी को मनोनीत किया गया। प्रेस क्लब के गठन के पश्चात अपने विचार व्यक्त करते हुए डॉ. संजय प्रसाद ने कहा कि काफी दिनों से इस दो प्रखंड में प्रेस क्लब की जरुरत पत्रकार समझ रहे थे।आज प्रेस क्लब के गठन से सभी पत्रकारों में एक नई ऊर्जा का संचार हुआ है। पत्रकारों में खुद को बेहतर साबित करने के लिए आपसी एकता व सहयोग का होना आवश्यक है।इस बैठक में चान्हो मांडर प्रखंड के पत्रकारों का आज एक मंच पर मिलन कल के गये मील का पत्थर साबित होगी।प्रेस क्लब के नवनिर्वाचित उपाध्यक्ष रहमततुल्ल्ह अंसारी ने कहा कि प्रिंट मीडिया हो या इलेक्ट्रॉनिक मीडिया पत्रकार की हर जगह अहम भूमिका होती है।प्रजातंत्र के चौथे स्तंभ के रुप मे पत्रकारों की गरिमामयी छवि रही है हम सभी पत्रकारों इस गरिमा को कभी धूमिल नहीं होने देना है।संगठन में शक्ति तो होती ही है किन्तु संगठन में हमें एक दूसरे से बहुत कुछ सीखने का मौका भी मिलता है।नवनिर्वाचित सचिव अल्ताफ अहमद अंसारी ने कहा कि प्रेस क्लब के इस बैठक में जिस एकता का परिचय हमारे पत्रकार बंधुओ ने दिया है यह काफी सराहनीय है।भविष्य में भी इनका यह जज्बा बना रहे यही उम्मीद करता हूँ।प्रेस क्लब का गठन सभी पत्रकारों को एक सूत्र में पिरोने के उद्देश्य से किया गया है अर्थात सभी फूल रुपी पत्रकारों की एक माला बनाई गई है।मंच संचालन ऐनुल अंसारी तथा धन्यवाद ज्ञापन तबरेज खान ने किया

## फरार अपराधी ने कोर्ट में सरेंडर किया

**खलारी (प्रभात मंत्र संवाददाता):** मैक्लुस्कीगंज थाना क्षेत्र में दिनदहाड़े हथियार के भय दिखाकर प्रज्ञा केंद्र संचालक से 70 हजार व एक एंड्रॉइड फ़ोन लूट की घटना का अंजाम देने वाला फरार अपराधी साहिल अंसारी पिता सुलतान अंसारी जेहली टांड़ निवासी का है, वह शनिवार को दिन में कोर्ट में सरेंडर कर दिया. इस संबध में मैक्लुस्कीगंज थाना प्रभारी ने बताया कि लपरा पंचायत के विकास नगर में शुक्रवार के दिन में लगभग 11ः30 में प्रज्ञा केंद्र संचालक विजय यादव से पैसा व मोबाइल लूट के फरात अपराधी कोर्ट में सरेंडर कर दिया है. अपराधी से पूछताछ में बताया कि दुकान लूटने गये थे. लेकिन पैसा नही लिए है.

## सरला बिरला परिसर में संगोष्ठी का आयोजन

**नामकुम :** सरला बिरला विश्व विधालय परिसर में सरला बिरला विश्व विधालय एवम् आदित्य वाहिनी रांची झारखंड के द्वारा शनिवार 05 बजे से एक दिवसीय संगोष्ठी स्वामी निश्चला नंद सरस्वती जी महाराज के पावन सानिध्य में आयोजित कि गई। महाराज गुरु ने कहा कि प्रेम,, शांति,संसार को जीत जा सकता है।इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से डॉक्टर प्रदीप वर्मा, आशुतोष दिवेदी, रविंद्र तिवारी, राजेश मिश्रा, विनोद अग्रवाल, सरयु प्रसाद, गाजु महतो, श्री राम सिंह मुंडा,बृजेश सिंह,राजेंद्र प्रमाणिक, राजेंद्र महतो मंडल अध्यक्ष, अमित मिश्रा महामंत्री, गिरिधर मिश्रा इत्यादि उपस्थित थे।


**पूर्व मध्य रेल**

**ई–निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति के तरफ से निम्न कार्य हेतु ई–निविदा आमंत्रित की जाती है। **क्रम सं: (1), ई–निविदा सं०– पूमरे–मुप्रअ–नि–द– ईटीएन–85–22–23 एकल पैकेट सिस्टम, कार्य का नाम :** उप मुख्य अभियंता (नि.)/पूमरे/बरकाकाना के तहत धनबाद–चंद्रपुरा वाया तेतुलमारी, नीचितपुर, मतारी, तेलो के बीच, वाई –कनेक्शन सहित धनबाद और चंद्रपुरा (42.72 किमी.) के बीच दोहरीकरण कार्य के संबंध में ईपीसी निविदा तैयार करने के लिए मिट्टी की खोज और अन्य विविध कार्य। **अंकलित मूल्य (रू०):** 1,95,36,195.54, बोली प्रतिभूति (रू.) : 2,47,700.00, **कार्य पूर्ण करने की अवधि :** 03 महीने, **निविदा बंद होने की तिथि एवं समय : 06.04.2023 15.30 बजे अपराह्न।** ऐसी ई–निविदाओं के तहत डाक/ कुरियर/ फैक्स या व्यक्तिगत रूप से भेजा गया कोई भी मैनुअल निविदा स्वीकार नहीं किया जायेगा, भले ही यह फर्म (firm) के लेटर हेड एवं नियत समय पर प्राप्त किया गया हो। ऐसे सभी मैनुअल निविदा अस्वीकार्य होगा तथा उसके बारे में बिना किसी विचार के तत्काल निरस्त कर दिया जायेगा। उपरोक्त ई–निविदा दस्तावेज सहित की संपूर्ण जानकारी वेबसाइट **http://www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध हैं। **द्रष्टव्य :** निविदा सूचना में पाए गए किसी भी विसंगति विवरण के मामले में अंग्रेजी संस्करण ही मान्य होगा। प्रत्याशित निविदादाताओं को यह सलाह दी जाती है कि इस ई–निविदा के लिए जारी कोई भी परिवर्तन/ शुद्धिपत्र की ओर ध्यान देने के लिए वे निविदा बंद होने की अंतिम तिथि से कम से कम पन्द्रह दिन पहले वेबसाइट **www.ireps.gov.in** का अवलोकन करें।

**मुख्य प्रशासनिक अधिकारी/निर्माण/दक्षिण/महेन्द्रूघाट, पटना**

पीआर/2363/सीओएनएन/ईएनजीजी/टी/22-23/40



**अधीक्षण अभियंता का कार्यालय**
**पेयजल एवं स्वच्छता अंचल, हजारीबाग**

–:: आम सूचना ::–

"जल ही जीवन है" "जल है तो कल है"

सर्व साधारण को एतद द्वारा सूचित किया जाता है कि आगत ग्रीष्म ऋतु को ध्यान में रखते हुए पेयजल एवं स्वच्छता अंचल, हजारीबाग कार्यालय सहित प्रमण्डलों में नियंत्रण कक्ष का गठन किया जाता है। कार्यालयवार सूचना निम्नांकित है:–

| क्र0 | नियंत्रण कक्ष/कार्यालय का नाम | नियंत्रण कक्ष में प्रतिनियुक्त पदाधिकारी/कर्मचारी का नाम | मोबईल नं0 | नियंत्रण कक्ष की दूरभाष संख्या |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| 1 | पेयजल एवं स्वच्छता अंचल, हजारीबाग | श्री विजय प्रसाद (नोडल पदाधिकारी) | 9304933309 | 06546–262811 |
| | | श्री महेश महतो (नि0व0लि0) | 9113467519 | |
| | | श्री विक्की राम (नि0व0लि0) | 8540883056 | |
| | | श्री राजेश कुमार (कम्प्यूटर ऑपरेटर) | 8709418857 | |
| 2 | पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल, हजारीबाग | ई0 मनोज कुमार मुण्डारी, कार्यपालक अभियंता | 8002093156 | 06546–296105 |
| 3 | पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल, रामगढ | ई0 आनंद कुमार सिंह, कार्यपालक अभियंता, | 9204931335 | 06553–223193 |
| 4 | पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल, झुमरीतिलैया | ई0 चन्द्रशेखर, कार्यपालक अभियंता, | 9608892111 | |
| 5 | पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल, चतरा | ई0 अविक अम्बाला, कार्यपालक अभियंता, | 7544099310 | 06541–253273 |

आम जनता से अपील है कि अपने आस–पास के ग्रामीण क्षेत्रों में नलकूप मरम्मति/जलापूर्ति संबंधित शिकायत उपर्युक्त अंकित मोबाईल/दूरभाष/शिकायत पंजी एवं विभागीय टोल फ्री दूरभाष संख्या–18003456502 तथा ई–मेल sedwsd.hazaribagh@gmail.com पर भी संपर्क स्थापित कर शिकायत दर्ज कराना चाहेंगे, ताकि आम जनता को नियमित रूप से पेयजलापूर्ति की जा सके।

ह0:–
(ई0 विजय कुमार एडविन)
अधीक्षण अभियंता

PR 293014 Drinking Water and Sanitation(22-23).D



**कार्यपालक पदाधिकारी, नगर पंचायत, श्री बंशीधर नगर**

अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना संख्या–12/2022-23

कार्य की विस्तृत विवरणी : 15वें वित्त आयोग के अंतर्गत चयनित योजना HLMC से स्वीकृत

| क्र0 | वार्ड | कार्य का नाम | मद | प्रा0 राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य | अग्रधन की राशि | कार्य पूर्णता अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 8 | CONSTRUCTION OF R.C.C DRAIN & DRAIN SLAB FROM AHIPURWA MORE TO NEAR STATE BANK NALA | 15वें वित्त आयोग | 23,16,400.00 | 5000.00 | 46400.00 | 4 माह |

1. वेबसाइट में निविदा प्रकाशन की तिथि — 15.03.2023
2. ई–निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय — 29.03.2023 अपराह्न 5:00 बजे तक।
3. कार्यपालक पदाधिकारी, श्री बंशीधर नगर में निविदा शुल्क,अग्रधन की राशि, Bank Credit Certificate एवं Affidavit जमा करने की तिथि एवं समय — 31.03.2023 अपराह्न 2:00 बजे तक।
4. हार्ड कॉपी जमा करने का स्थान — कार्यालय, कार्यपालक पदाधिकारी, नगर पंचायत, श्री बंशीधर नगर।
5. निविदा खोलने का स्थान — कार्यालय, कार्यपालक पदाधिकारी, नगर पंचायत, श्री बंशीधर नगर।
6. निविदा खोलने की तिथि एवं समय — 31.03.2023 पूर्वा0 03:00 बजे से।
7. निविदा आमंत्रित करने वाले पदा0 का नाम एवं पता — कार्यपालक पदाधिकारी, श्री बंशीधर नगर।
8. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं0 — 7004019730
9. निविदा शुल्क भारतीय स्टेट बैंक/अन्य नेशनलाईज बैंक द्वारा निर्गत ड्राफ्ट या बैकर्स चेक जो कार्यपालक पदाधिकारी, नगर उंटारी, नगर पंचायत के पदनाम से देय हो देना होगा।

जानकारी के लिये के बेबसाईट www.jharkhandtenders.gov.in, www.garhwa.nic.in, https://udhd.jharkhand.gov.in एवं कार्यालय की सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक पदाधिकारी,
नगर पंचायत, श्री बंशीधर नगर

PR 292997 (Urban Development)22-23*D



**रॉंची समाहरणालय,रॉंची**
**(समाज कयाण शाखा), (जिला बाल संरक्षण इकाई)**

**गुमशुदा बालक की सूचना**
**(बाल कल्याण समिति, रांची के आदेशानुसार)**



. बालक नाम– नीखिल (काल्पनिक नाम)
. लिंग– बालक
. पिता का नाम– अज्ञात
. माता का नाम– अज्ञात
. पता– अज्ञात
. जन्म तिथि–01.01.2010
. उम्र – 11 वर्ष
. रंग – गोरा
. लम्बाई – 4'5"

एतद द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि बाल कल्याण समिति, रॉंची के आदेशानुसार आदिम जाति सेवा मण्डल निवारणपुर, रॉंची में एक बालक आवासित है। जिसके जैविक एवं विधिक संरक्षक का पता लगाने हेतु राज्य स्तरीय एवं स्थानीय अखबार में विज्ञापन प्रकाशित की गयी है। उक्त बालक के जैविक एवं विधिक संरक्षक का विज्ञापन प्रकाशन के 60 दिनों तक कोई दावा प्रस्तुत नहीं होने पर दत्तक ग्रहण मार्गदर्शिका 2017 के नियम, 6 के उपनियम, 13 के अन्तर्गत बालक को दत्तक ग्रहण हेतु बाल कल्याण समिति, रॉंची द्वारा कानुनी रूप से मुक्त किया जा सकेगा।

दावा प्रस्तुत करने का पता एवं संपर्क नम्बर–
1. बाल कल्याण समिति, रॉंची, रॉंची समाहरणालय, रॉंची, भवन–ब्लॉक बी, कमरा संख्या–110
2. जिला बाल संरक्षण इकाई, रॉंची।
रॉंची समाहरणालय, रॉंची, भवन–ब्लॉक बी, कमरा संख्या–111, सम्पर्क नम्बर–6513505516

जिला बाल संरक्षण पदाधिकारी, रॉंची। जिला समाज कल्याण पदाधिकारी, रॉंची।

PR 292952Social Welfare,Women and Child Development(22-23)#D



**सिमडेगा समाहरणालय, सिमडेगा।**
(भू–अर्जन शाखा)
प्रपत्र VII झारखण्ड सरकार राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग
(भू–अर्जन निदेशालय)
या उपायुक्त या समुचित सरकार अधिघोषणा का प्रारूप
(अधिनियम–30/2013 की धारा–19(1)के अधीन )

अधिघोषणा सं0– .......................... दिनांक– ............

चूंकि झारखण्ड सरकार/उपायुक्त सिमडेगा को यह प्रतीत होता है कि ग्राम – ढोढीबहार , थाना न0 – 69, थाना / अंचल– जलडेगा, जिला – सिमडेगा में भूमि, सार्वजनिक प्रयोजनार्थ यथा परियोजना – कोलेबिरा (SH- 04) गंगुटोली जामटोली NH-143 पर पथ भाग–1 कि0मी0 0.00 से कि0मी0 10.36 एवं भाग–2 22.00 से 38.95 कुल लंबाई 28.31 कि0मी0 तक पथ चौड़ीकरण एवं मजबूतीकरण हेतु अपेक्षित है। अतएव अधिघोशित किया जाता है कि ग्राम – ढोढीबहार , थाना न0 – 69, थाना/अंचल– जलडेगा, जिला – सिमडेगा में उपर्युक्त कथित योजना के लिए कमोवेश 2.21 एकड़ यानि 0.8944 हेक्टेयर मानक माप का रैयती भूखण्ड जिसका विस्तृत विवरण निम्नलिखित है, अर्जनाधीन है–

| क्रम संख्या | खाता सं0 | सर्वे भूखण्ड सं0 | स्वमित्व का प्रकार | भूमि का प्रकार | अर्जन के अधीन क्षेत्रफल एकड़ में | हितबद्ध व्यक्ति का नाम | सीमा भूखण्ड संख्या उ0 | द0 | पु0 | प.0 | वृक्ष किस्म | संख्या | संरचनाएँ प्रकार | प्लिंथ एरिया sft. |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 | 11 | 12 | 13 | 14 | 15 |
| 1 | 126 | 1635 | रैयत | टांड़ तीन | 0.03 | इग्नेस किड़ो वगै0 | सड़क | अंश | 1634 | 1631 | – | – | – | – |
| 2 | 66 | 1657 | रैयत | टांड़ | 0.02 | सुधीर गोंड़ पिता स्व0 लोधी गोंड | सड़क | अंश | 1656 | 1655 | – | – | – | – |
| 3 | 149 | 1651 | गैरमजरूआ | परती कदीम | 0.04 | – | सड़क | अंश | 1646 | 1645 | – | – | – | – |
| 4 | 149 | 1645 | गैरमजरूआ | जंगली झाडी | 0.06 | – | सड़क | अंश | 1647 | 1648 | – | – | – | – |
| 5 | 149 | 1648 | गैरमजरूआ | जंगली झाडी | 0.18 | – | सड़क | अंश | 1727 | 1728 | – | – | – | – |
| 6 | 149 | 1636 | गैरमजरूआ | जंगली झाडी | 0.08 | – | सड़क | अंश | 1731 | 1722 | – | – | – | – |
| 7 | 77 | 1728 | रैयत | टांड़ तीन | 0.10 | अनुप कुल्लू वगै0 | सड़क | अंश | 1727 | 1728 | – | – | – | – |
| 8 | 76 | 1730 | रैयत | टांड़ तीन | 0.24 | अनुप कुल्लू वगै0 | सड़क | अंश | 1731 | 1722 | – | – | – | – |
| 9 | 149 | 1729 | गैरमजरूआ | परती पथल | 0.01 | – | 1728 | 1736 | सड़क | अंश | – | – | – | – |
| 10 | 53 | 1722 | रैयत | टांड़ | 0.02 | दशरथ लोहरा वगै0 | 1721 | 1723 | सड़क | अंश | – | – | – | – |
| 11 | 149 | 1726 | गैरमजरूआ | परती गढ़ह | 0.04 | – | सड़क | अंश | 1725 | 1727 | – | – | – | – |
| 12 | 77 | 1724 | रैयत | टांड़ तीन | 0.09 | अनुप कुल्लू वगै0 | सड़क | अंश | 1724 | 1726 | – | – | – | – |
| 13 | 36 | 1758 | रैयत | टांड़ तीन | 0.03 | रामकुमार मांझी वगै0 | सड़क | अंश | 1769 | 1770 | – | – | – | – |
| 14 | 79 | 1759 | रैयत | टांड़ तीन | 0.04 | बुटी खड़िया वगै0 | सड़क | सड़क | 1758 | 1761 | – | – | – | – |
| 15 | 19 | 1773 | रैयत | टांड़ | 0.01 | विकास तोपनो वगै0 | सड़क | अंश | 1772 | 1774 | – | – | – | – |
| 16 | 19 | 1779 | रैयत | टांड़ तीन | 0.18 | विकास तोपनो वगै0 | सड़क | अंश | 1778 | 1777 | – | – | – | – |
| 17 | 19 | 1778 | रैयत | टांड़ | 0.05 | विकास तोपनो वगै0 | 1776 | 1771 | सड़क | अंश | – | – | – | – |
| 18 | 56 | 1783 | रैयत | टांड़ तीन | 0.05 | दिनु मांझी वगै0 | सड़क | 1782 | 1781 | 1780 | – | – | – | – |
| 19 | 37 | 1785 | रैयत | टांड़ तीन | 0.46 | विमल कंडुलना वगै0 | 1783 | सड़क | 1786 | 1717 | – | – | – | – |
| 20 | 37 | 1784 | रैयत | टांड़ | 0.05 | विमल कंडुलना वगै0 | सड़क | अंश | 1753 | 1785 | – | – | – | – |
| 21 | 103 | 1128 | रैयत | टांड़ तीन | 0.23 | श्यामलाल साहु वगै0 | 1129 | सड़क | अंश | 1127 | – | – | – | – |
| 22 | 149 | 1956 | गैरमजरूआ | जंगली झाडी | 0.20 | - | सड़क | अंश | 1955 | 1357 | – | – | – | – |

कुल 2.21

यह अधिघोशणा हितबद्ध व्यक्तियों की आपत्तियों के सुनने और अधिनियम सं0 – 30/2013 की धारा 15 में प्रदत्त यथा उपबंधित सम्यक जाँच के पश्चात् किया गया है। भूमि अर्जन के कारण पुनर्व्यवस्थापन के लिए संभावित परिवारो की संख्या शुन्य है।

कानूनगो, भू–अर्जन सिमडेगा। भू–अर्जन पदाधिकारी, सिमडेगा। अपर समाहर्त्ता, सिमडेगा। उपायुक्त, सिमडेगा।

PR 292880 Land Reforms(22-23)D

## नेशनल योगा चैंपियनशिप के लिए खिलाड़ी जोधपुर रवाना



**जमशेदपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** गतदिनों खेलो इंडिया खेलो दस का दम महिला योगा लीग प्रतियोगिता में झारखंड की महिला योग प्रतिभागियों ने उम्दा प्रदर्शन करते हुए विजेता होने के बाद अब योगासना स्पोर्ट्स एसोसिएशन ऑफ झारखंड के 10 खिलाड़ियों का चयन तृतीय नेशनल सीनियर योगा चैंपियनशिप के लिए किया गया है. उक्त प्रतियोगिता राजस्थान राज्य के जोधपुर शहर में आयोजित होगा. चयनित खिलाड़ियों को धनबाद रेलवे स्टेशन से जोधपुर के लिए रवाना किया गया. उनके अच्छे प्रदर्शन के लिए एसोसिएशन के अध्यक्ष संजय कुमार सिंह, कोषाध्यक्ष मनोज तिवारी, वरीय उपाध्यक्ष अंशु सरकार, प्रह्लाद भगत, प्रशांत सिंह, अमित कुमार, सुनीता ओझा, मनोज कुमार सिंह एवं संघ के अन्य पदाधिकारियों ने बधाई दी है. टीम के कोच डॉ डीके घोषाल एवं मैनेजर सोनाली सरकार को बनाया गया है. सभी खिलाड़ी 19 से 21 मार्च तक चलनेवाले इस प्रतियोगिता के विभिन्न इवेंट में अपनी योग कला का प्रदर्शन करेंगे. रवानगी के समय योगासना स्पोर्ट्स एसोसिएशन ऑफ झारखंड के महासचिव विपिन कुमार पांडे उपस्थित थे. उक्त जानकारी सरकार योग अकैडमी के संस्थापक तथा संचालक योगाचार्य, अंतरराष्ट्रीय योग गुरु एवं योगासना स्पोर्ट्स एसोसिएशन ऑफ झारखंड के वरीय उपाध्यक्ष अंशु सरकार ने दी.

## मेडिका में 3डी तकनीक से पहली बार हुआ पूरे जबड़े का प्रत्यारोपण

**नीमडीह(प्रभात मंत्र संवाददाता):** मेडिका अस्पताल में डॉक्टरों की टीम ने पहली बार पूरे जबड़े का प्रत्यारोपण करने में सफलता प्राप्त की।यह ऑपरेशन 3डी तकनीक द्वारा संभव हो पाया जिसकी मदद से मरीज़ का कृत्रिम जबड़ा बनाया गया।मेडिका के मैक्सिलोफ़ेशियल सर्जन डॉ अनुज कुमार ने बताया की ये पूरे बिहार झारखंड में पहली सर्जरी है जहाँ मरीज़ के पूरे जबड़े का प्रत्यारोपण किया गया है। मेडिका के ओंकोसर्जन डॉ मदन गुप्ता ने जानकारी दी की कैंसर की वजह से एक मरीज के जबड़ा पूरी तरह से निकाल दिया गया था। फिर मरीज़ के सीटी स्कैन और 3डी तकनीक की मदद से बिलकुल मरीज़ के आकार का जबड़ा बनाया गया और उसका सफल प्रत्यारोपण किया गया । ख़ास बात ये रही कि पूरी सर्जरी मुख्यमंत्री गंभीर योजना के तहत की गई। सर्जिकल टीम में ओंकोसर्जन डॉ मदन गुप्ता, मैक्सिलोफ़ेशियल सर्जन डॉ अनुज कुमार, एनेस्थेटिस्ट डॉ नॉंगसे लामा और मेडिका के ओटी स्टाफ मौजूद थे।



## एमजीएम मेडिकल कॉलेज के छात्र बड़ौदा अचीवर्स अवार्ड से हुए सम्मानित

**जमशेदपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** बैंक ऑफ बड़ौदा, जमशेदपुर क्षेत्रीय कार्यालय द्वारा आज एमजीएम मेडिकल कॉलेज के छात्र - छात्राओं को जो हमारे देश के भावी चिकित्सक हैं उनको विशेष सम्मान देते हुए तीन विधाओं शिक्षा, खेल-कूद तथा विशेष उपलब्धि के लिए बड़ौदा अचीवर्स अवार्ड के तहत प्रमाण पत्र एवं चेक राशि 31,000/- प्रति मेधावी छात्र- छात्रा प्रदान की गई। समारोह में पटना अंचल प्रमुख एवं महाप्रबंधक सोनाम टी भूटिया, क्षेत्रीय प्रमुख मनीष प्रकाश सिन्हा के द्वारा सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में कॉलेज के प्राचार्य डॉ. प्रोफेसर केदार नाथ सिंह, डॉ. प्रोफेसर रमेश कुमार मन्धान, प्रमुख पैथोलॉजी विभाग, विभिन्न विषयों के विभागाध्यक्ष, वरिष्ठ शिक्षक शिक्षिकागण तथा क्षेत्रीय कार्यालय के स्टाफ सदस्य उपस्थित रहें।



## भाजपा का सोशल मीडिया विषय पर कार्यशाला का आयोजन

**सरायकेला(प्रभात मंत्र संवाददाता):** भाजपा ज़िला कार्यालय सरायकेला में ज़िला अध्यक्ष विजय महतो की अध्यक्षता में सोशल मीडिया विषय पर एक कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला के माध्यम से ज़िले के सभी कार्यकर्ताओं को सोशल मीडिया की उपयोगिता एवं बेहतर उपयोग पर विस्तृत रूप से जानकारी दी गई। मुख्य अतिथि व भाजपा सोशल मीडिया के प्रदेश संयोजक राहुल अवस्थी ने कहा कि हमें विपक्ष द्वारा भाजपा सरकार के ख़िलाफ़ फैलाये जा रहे भ्रामक खबरों का शालीनता से जवाबी हमला करना है। कार्यक्रम में मुख्य रूप से ज़िला उपाध्यक्ष राजा सिंहदेव, ज़िला मंत्री दुलाल स्वंशी, सोशल मीडिया के ज़िला संयोजक निरंजन मिश्रा, सह-संयोजक दिवाकर सिंह, संजय सरदार, मनोज महतो, आकाश रंजन, विषकन्द प्रधान, सुमन मुखर्जी, बदरी दरोग़ा एवं मंडलों के सोशल मीडिया कार्यकर्ता मौजूद थे।



## सोनादुंगरी मैदान में आंचलिक क्रिकेट प्रीमियर लीग शुरु

**नीमडीह(प्रभात मंत्र संवाददाता):** सरायकेला खरसावां जिला के नीमडीह कुकड़ू प्रखंड के सीमांत में स्थित सोनादुंगरी मैदान में आज से आंचलिक प्रीमियर लीग का शुभारंभ किया गया। लीग का उद्घाटन पारगामा पंचायत मुखिया लालू माझी, झिमड़ी पंचायत मुखिया प्रतिनिधि पाथर सिंह,ग्राम प्रधान सुकेन चंद्र महतो, सुबोध चंद्र महतो एवं आयोजक समिति ने किया। लीग का पहला मैच बजरंग 11 और रॉयल चैलेंजर्स पारगामा के बीच हुआ। प्रत्येक शनिवार व रविवार को चार टीमों के बीच मुकावाला होगा। लीग में कुल पंद्रह मैचों का आयोजन होगा। मौके पर अश्विनी महतो, दीपू कुमार,गौरीशंकर सेन,राजेंद्रनाथ महतो, विक्की सिंह राजपूत,सुदामा महतो,संजय महतो, रबी महतो,सर्वसची महतो, जितेन मंडल सहित आयोजक समिति के सदस्य मौजूद थे।

## बोड़ाम के चुनिडीह व पगदा में सुभाष कर्मकार ने किया चेकडैम निर्माण योजना का शिलान्यास

**पटमदा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** लघु सिंचाई विभाग से स्वीकृत दो चेक डैम निर्माण योजना का शिलान्यास शनिवार को जुगसलाई विधायक के निर्देश पर झामुमो नेता सुभाष कर्मकार ने किया। पहला कार्यक्रम चुनिडीह के समीप लोकल नाला पर हुआ। यहां करीब 52 लाख की योजना का नारियल फोड़कर शिलान्यास किया गया। मौके पर बोड़ाम के विधायक प्रतिनिधि छुटुलाल हांसदा, पटमदा के विधायक प्रतिनिधि चंद्रशेखर टुडू, झामुमो के बोड़ाम प्रखंड अध्यक्ष श्यामापद महतो, पटमदा प्रखंड अध्यक्ष अश्विनी महतो, काजल सिंह, शम्भू सिंह, विद्याधर गोराई, बोड़ाम की मुखिया रूपा सिंह सरदार, समर गोप व लक्ष्मण रुहिदास आदि मौजूद थे।



# टुना सबर को अस्पताल से दी गई छुट्टी, उपायुक्त ने जताई खुशी

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** जिस टुना सबर को मरणासन्न हालत में सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया था उसका सफलतापूर्वक इलाज करते हुए आज अस्पताल से छुट्टी दे दी गई। गौरतलब है कि भयावह रूप से चर्म रोग से पीड़ित डुमरिया प्रखंड के दंपाबेड़ा के रहने वाले टुना सबर का मामला सामने आने के बाद उपायुक्त विजया जाधव ने तत्काल संज्ञान में लिया था । एक महीने से ज्यादा चले इलाज के बाद टुना को आज घर भेजा गया तो टुना के चेहरे की चमक नया जीवन मिलने की खुशियां बयां कर रही थी ।



**टुना स्वस्थ होकर घर लौटेगा हमें पूर्ण विश्वास था : सिविल सर्जन**

हीमोग्लोबिन निम्नतम स्तर पर तथा किसी तरह सिर्फ सांस ले रहे, चलने-फिरने में असमर्थ टुना सबर की जान बच जाये इसको लेकर सभी की संवेदना थी। सिविल सर्जन डॉ. जुझार माझी कहते हैं कि कि टुना की हालत ऐसी थी कि इतनी जल्दी ठीक होने का भरोसा भी किसी को नहीं था, हालांकि इलाज कर रहे चिकित्सकों की टीम ने पहले दिन से ही आश्वस्त किया था कि देर भले हो सकता है लेकिन टुना को बिल्कुल स्वस्थ हालत में घर भेजेंगे । चिकित्सकों के विश्वास एवं जिलेवासियों की दुआ से टुना सबर अब पूरी तरह स्वस्थ है।

**टुना को स्वस्थ व खुशहाल जीवन की शुभकामनायें : उपायुक्त**

मुख्यधारा से दूर रहने वाले सबर जनजाति के उत्थान के प्रति जिले की उपायुक्त शुरू से संवेदनशील रहीं हैं । टुना को सदर अस्पताल में भर्ती कराने के बाद रात हो या दिन उन्होने खुद उसके स्वास्थ्य की मॉनिटरिंग की। अब जब टुना सबर को अस्पताल से छुट्टी मिली है तो उन्होने प्रसन्नता जाहिर करते हुए टुना के स्वस्थ व खुशहाल जीवन की शुभकामनायें दी हैं। साथ ही उन्होने सिविल सर्जन डॉ. जुझार माझी के नेतृत्व में टुना का इलाज कर रहे चिकित्सकों एवं स्वास्थ्यकर्मियों की पूरी टीम को बधाई दी है ।

## विधायक ने विधानसभा में उठाया तिरुलडीह गोलीकांड में शहीद परिजनों को नौकरी की मांग

### आंदोलनकारी को मिले पेंशन : सविता

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**तिरुलडीह :** ईचागढ़ के विधायक सविता महतो ने शनिवार को विधानसभा के पटल पर शून्य काल में विगत 21 अक्टूबर 1982 को तिरुलडीह गोलीकांड में शहीद अजीत, धनंजय महतो के परिजनों को नौकरी की मांगी विधानसभा में की वही उन्होंने कहा इस गोलीकांड में हुए घायल सर्वेश्वर महतो व खगेन महतो और चालीस निर्देश छात्रों व ग्रामीणों को नामजद अभियुक्त बनाकर जेल भेजा गया था। विधायक ने आसन के माध्यम से सरकार से उक्त छात्र आंदोलन में मृतको के आश्रितों को सरकारी नौकरी तथा आंदोलन में जेल की सजा काटने वाले छात्रो व ग्रामीणों को चिन्हित कर उन्हें आंदोलनकारी घोषित करने तथा उन्हें पेंशन एवं अन्य सुविधाएं मुहैया कराने की मांग कीया है।

## रामनवमी को लेकर आजादनगर थाना शांति समिति की अहम बैठक

# शरारती तत्वों पर रहेगी पैनी नजर



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** शनिवाकर को आजादनगर थाना परिसर में रामनवमी के अवसर पर शांति समिति के सदस्य एवं राम नवमी लाइसेंसी अखाड़ा की बैठक हुई, जिसमे मुख्य अतिथि के तौर पर पटमदा सर्कल के डीएसपी सुमित कुमार,मानगो नगर निगम के कार्यपालक पदाधिकारी सुरेश प्रसाद यादव,आजादनगर थाना प्रभारी राकेश कुमार,बिजली विभाग के जेई अमीर हम्ज़ा, मानगो नगर निगम के सिटी मैनेजर निशांत कुमार,एवं शेख बदरुद्दीन उपस्थित हुए। रामनवमी अखाड़ा लाइसेंसी के शंभू त्रिवेदी, पारडीह रामनवमी अखाड़ा के सदस्य एवं दाईगुट्टू के सुरेंद्र शर्मा और काशी प्रजापति ने सुझाव दिया की जुलूस में कुछ ऐसे शरारती तत्व नशे के हालात में भी होते है ऐसे लोगों पर नजर रखने के जरूरत है ताकि कोई अप्रिय घटना न हो जाए। इस बैठक के मुख्य अतिथि सुमित कुमार ने कहा के पिछले वर्ष की भांति इस वर्ष भी सुरक्षा के कड़े इंतजाम रहेंगे और वैसे लोगों पर नजर रखी जायेगी जो किसी भी तरह की बाधा उत्पन्न करने की कोशिश करेंगे। और ऐसा करने वालों पर उचित कार्यवाई की जाएगी। नगर निगम के कार्यपालक पदाधिकारी सुरेश प्रसाद ने कहा के आजादनगर थाना क्षेत्र में जहां जहां रामनवमी का अखाड़ा निकाला जाता है वैसे स्थानों पर विशेष सफाई, लाइट एवं पानी की व्यवस्था की जाएगी। आजादनगर थाना के प्रभारी राकेश कुमार ने कहा पिछले वर्ष के तरह इस वर्ष भी हम सभी त्योहार के मौके पर उपस्थित रहेंगे। इस बैठक में मुख्य रूप से समाजसेवी हाजी जमील असगर, शाहिद परवेज, मोइनुद्दीन अंसारी, जावेद अख्तर, ताहिर हुसैन, मोहम्मद निजाम खान, राजी नौशाद, हाजी फिरोज असलम, दाईगुट्टी अखाड़ा के लाइसेंसी काशी प्रजापति एवं प्रमोद गोराई, अभिनव सिन्हा, पारडीह रामनवमी अखाड़ा के सक्रिय सदस्य उपस्थित थे।

# बैटरी चोरी करते पकड़े गए चोर की पिटाई से मौत, आरोपी दंपत्ति गिरफ्तार

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गम्हरिया :** आदित्यपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत गम्हरिया के शिवनारायणपुर में शनिवार सुबह ट्रैक्टर से बैटरी चोरी करते एक युवक को पति पत्नी ने रंगे हाथों पकड़ कर बेरहमी से पिटाई कर दी जिससे उसकी मौत हो गई। मृतक की पहचान लोलको गोप के रूप में की गयी है जो शिवनारायणपुर गांव के पास में ही रहता हैं। घटना के बावत प्राप्त जानकारी के अनुसार, बीती रात करीब डेढ़ बजे आरोपी मृतक लोलको गोप ने शिवनारायणपुर निवासी पुटूरु टुडू के घर के बाहर रखे ट्रैक्टर की बैटरी को चुराने का प्रयास किया। तभी पुटूरु टुडू की नजर उस पर पड़ी और उसने उक्त चोर पर हमला कर दिया। इस बीच उसकी पत्नी भी मौके पर पहुंच गई और दोनों पति-पत्नी ने मिलकर डंडे से लोलको गोप की जमकर पिटाई कर दी। शनिवार सुबह तक लोलको गोप होश में था। लेकिन समय से इलाज नहीं मिलने के कारण उसने दम तोड़ दिया। घटना की सूचना मिलने पर शनिवार सुबह पहुंची आदित्यपुर पुलिस ने मृतक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए उसे सरायकेला सदर अस्पताल भेज दिया। पुलिस ने इस मामले में आरोपी दंपति को गिरफ्तार कर थाना ले गई। पुलिस आरोपी लोल्को गोप और उसकी पत्नी को थाना में पूछताछ कर रही है। बताया जाता है कि आरोपी दंपति के दो छोटे बच्चे हैं। आरोपी दंपति ने पुलिस को बताया है कि आवेश में आकर उन्होंने डंडे से पिटाई की है। लेकिन वे उसकी हत्या नहीं करना चाहते थे।



# डीएसओ ने किया पीडीएस दुकानों का औचक निरीक्षण, तीन दुकानें मिली बंद

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गम्हरिया :** उपायुक्त अरवा राजकमल के निर्देश पर जिला आपूर्ति पदाधिकारी प्रदीप कुमार भगत द्वारा शनिवार को गम्हरिया प्रखंड के नौ पीडीएस दुकानों का औचक निरीक्षण किया गया। इस दौरान उन्होंने गम्हरिया व आदित्यपुर स्थित पीडीएस दुकानों का निरीक्षण किया। निरीक्षण क्रम में उन्होंने लेखा पंजी, वितरण विवरणी, स्टॉक राशन समेत अन्य बिन्दुओ का जायजा लिया। अपने निरीक्षण के क्रम मे उन्होंने राजेश कुमार जायसवाल, नरेश सिंह कर्मा और पूर्णमासी जायसवाल के पीडीएस दुकानों को बंद पाया। इन तीनों डीलरों को शोकॉज नोटिस जारी किया गया। अन्य दुकानों मे राशन वितरण प्रतिशत में कमी पाई गई जिसे दो दिन के अंदर सुधारात्मक प्रगति लाते हुए कार्यालय मे प्रतिवेदन समर्पित करने का निर्देश दिया गया है। जिला आपूर्ति पदाधिकारी ने बताया कि विभिन्न माध्यमों से गम्हरिया एवं आदित्यपुर क्षेत्र में राशन कम वितरण करने तथा दुकान समय पर ना खुलने की शिकायतें प्राप्त हो रही थी। उन शिकायतों के आलोक में यह निरीक्षण किया गया है। उन्होंने कहा कि दोषी पाए जाने वाले दुकानदारों के खिलाफ नियमसंगत कानूनी कार्रवाई की जाएगी।



# आज साकची बंगाल क्लब में सजेगा जीण माता का दरबार

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** साकची बंगाल क्लब में रविवार 19 मार्च को जीण माता का भव्य 17वां वार्षिक महोत्सव धूमधाम से मनाने की सभी तैयारियां पूरी कर ली गयी हैं। साकची बंगाल क्लब के एसी हॉल में दोपहर तीन बजे से मां भवानी जीण शक्ति का मंगल पाठ और संध्या आठ बजे से भजनों की अमृत वर्षा होगी। मंगलपाठ का वाचन करने हेतु जयपुर (राजस्थान) से रविश-सोनम सोनी की जोड़ी आ रही हैं। कोलकात्ता के आमंत्रित भजन गायक हर्षिता डीडवानिया एवं विवेक शर्मा भजनों की अमृत वर्षा करने के लिए पधार रहे हैं।



कोलकात्ता के कारीगरों द्वारा फूलों से माता का भव्य दरबार सजाया जायेगा। इस धार्मिक कार्यक्रम को सफल बनाने में अध्यक्ष बजरंग लाल अग्रवाल, संस्थापक शंभू खन्ना, राज कुमार रिंगसिया, विनोद खन्ना, सुनील देबुका, जगदीश खेमका, बजरंग अग्रवाल, मनीष खन्ना, आशीष खन्ना, अनंत अग्रवाल आदि लगे हुए हैं।

# हाईवा ऑनर एसो. ने प्रदूषण नियंत्रण के लिए नियमित जल छिड़काव शुरु किया

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चांडिल :** हाईवा ऑनर एसोशिएशन चांडिल द्वारा पितकी रेलवे फाटक व आसपास क्षेत्र में प्रदूषण नियंत्रण के लिए नियमित जल छिड़काव शुरु किया। राष्ट्रीय राजमार्ग 32 पर 20 स्प्रिंकल के माध्यम से करीब एक किलोमीटर तक नियमित पानी का छिड़काव कार्य शुरु किया गया। शनिवार को चांडिल के उप प्रमुख रामकृष्ण महतो, लुपुंगडीह पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि भोलानाथ सिंह, रसुनिया के मुखिया मंगल माझी, चांडिल के मुखिया मनोहर सिंह, पितकी के ग्राम प्रधान गौरी शंकर सिंह व रूचाप पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि बनु सिंह द्वारा नारियल फोड़कर जल छिड़काव कार्य का शुभारंभ किया गया। एसोशिएशन के राजु सिंह ने कहा कि आज से राष्ट्रीय राजमार्ग 32 पर नियमित जल छिड़काव किया जायेगा। उन्होंने कहा कि पितकी रेलवे फाटक से रैक यार्ड तक करीब 40 स्प्रिंकल लगाने का काम शुरू किया गया है। इस अवसर उप प्रमुख रामकृष्ण महतो, चांडिल मुखिया मनोहर सिंह ,मुखिया प्रतिनिधि भोला सिंह, पर विश्वनाथ गोप, मनोज सिंह, राजु सिंह, फुचु सिंह, श्रावण महतो, छोटन सिंह, अलोक महतो, बंशी कुंडू, बाबु पाल, शांति हालदार आदि उपस्थित थे।



## आगुईडांगरा में हरिनाम संकीर्तन जारी, विमल बैठा हुए शामिल



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पटमदा :** पटमदा प्रखंड के आगुईडांगरा गांव के दास पाड़ा स्थित हरि मंदिर में आयोजित 72 घंटे का अखंड हरिनाम संकीर्तन कार्यक्रम में शनिवार को पहुंचे भाजपा नेता बिमल बैठा ने हरिनाम का श्रवण किया एवं मत्था टेका। इस दौरान मुख्य रूप से निरंजन रजक, सुनील रजक, बूथ अध्यक्ष जन्मंजय सिंह, जीतू कुमार, सोनू श्रीवास्तव, आदि लोग मौजूद थे।

## बारियादा व बिड़रा में आयोजित हरिनाम संकीर्तन में आस्तिक महतो ने टेका मत्था



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पटमदा :** झारखंड आंदोलनकारी सह समाजसेवी आस्तिक महतो ने शुक्रवार को बोड़ाम प्रखंड के बारियादा गांव में आयोजित 72 घंटे का अखंड हरिनाम संकीर्तन कार्यक्रम में शामिल होकर मत्था टेका। इस दौरान उन्होंने भगवान से आशीर्वाद प्राप्त करने के पश्चात प्रसाद ग्रहण किया। मौके पर मुख्य रूप से बोड़ाम प्रखंड के पूर्व जिला पार्षद स्वपन कुमार महतो, बृंदावन महतो, पशुपति महतो, बंकेश महतो व गोपेन महतो आदि मौजूद थे।

## करीम सिटी कॉलेज में तीन दिवसीय अंतरराष्ट्रीय संगोष्ठी शुरु

# आजाद भारत में पहली बार महात्मा गांधी ने रेडियो के माध्यम से रखी थी अपनी बात



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** रेडियो प्रसारण के 100 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष में करीम सिटी कॉलेज के मास कम्युनिकेशन विभाग के तत्वाधान में आयोजित तीन दिवसीय संगोष्ठी आज से शुरू हो गया। इस अवसर पर मुख्य वक्ता के रूप में स्नेहाशीष सुर (सीनियर ब्रॉडकास्ट जनरलिस्ट एवं प्रेसिडेंट, प्रेस क्लब, वेस्ट बंगाल) उपस्थित हुए तथा चिन्मय महतो (अध्यक्ष गाइड इंटरनेशनल रेडियो लिस्नर्स क्लब) अतिथि वक्ता के रूप में सम्मिलित हुए। इस अवसर पर शाहिद अनवर (इंटरनेशनल स्पोर्ट्स कमेंटेटर एवं वेटरन रेडियो ब्रॉडकास्ट, भारत) ने पावर प्रेजेंटेशन के द्वारा अपनी प्रस्तुति दी जिसका विषय था- रेडियो- आवाज का सफर। इस अवसर पर डॉ शालिनी प्रसाद, डॉ श्याम कुमार, सुमित कुमार, नील कुलसुम कुल्लू, डॉ इंद्रसेन सिंह, डॉ बी एन त्रिपाठी, डॉ अनवर शहाब,डॉ मोइज अशरफ के अलावा महाविद्यालय के कई शिक्षक और बाहर से आए हुए लोग भारी संख्या में उपस्थित रहे। कार्यक्रम को आयोजित करने में सैयद साजिद परवेज, तासीर शाही, बापी मुर्मू, तन्मय सोलंकी तथा जावेद का विशेष योगदान रहा।

# चांदनी तिवारी इंटक जमशेदपुर का सहायक सचिव मनोनित



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** इंटक के जमशेदपुर महानगर अध्यक्ष राजेश सिंह 'राजू' द्वारा चांदनी तिवारी को इंटक जमशेदपुर महानगर का सहायक सचिव मनोनित किया गया, उन्हें मनोनयन पत्र इंटक के झारखंड प्रदेश अध्यक्ष राकेश्वर पाण्डेय के हाथों दिया गया, मौके पर श्री पाण्डेय ने कहा आज तमाम कम्पनी मे हजारों की संख्या मे मजदूर काम करते है, बहुत जगह सरकारी नियमो का पालन किया जाता है तो काफी ठेकेदारों के द्वारा उसका पालन नहीं किया जाता। इसलिए हम लोगो को असंगठित क्षेत्र के ज्यादा से ज्यादा मजदूरों को अपने साथ जोड़ना है और उनकी समस्या का समाधान करना है। चांदनी तिवारी को महानगर इंटक का सहायक सचिव बनाए जाने पर उपाध्यक्ष नालिनी सिन्हा, महासचिव चंदा सिंह, सचिव उषा कुमारी, मनीष सिन्हा, देव कुमार, रवि उपाध्याय, संतोष सिंह, रौशन सिंह, सुसील कुमार, कृष्णा राजू आदि लोगो ने बधाई दिया।

## संपादकीय

# गतिरोध के मायने

**संसद** में गतिरोध जारी है। सत्तारूढ़ पक्ष कांग्रेस सांसद राहुल गांधी की माफी पर अड़ा है, तो कांग्रेस नेतृत्व वाला विपक्षी खेमा अडानी मामलों की जांच और जेपीसी के गठन पर आमादा है। विपक्ष के करीब 200 सांसदों ने प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के मुख्यालय तक पैदल मार्च करने और निदेशक को ज्ञापन देने की रणनीति तय की थी, लेकिन पुलिस ने संसद के बाहर विजय चौक पर ही विपक्षी भीड़ को रोक लिया। इसी तरह विपक्ष सीबीआई निदेशक के दफ्तर और 'राष्ट्रपति भवन' तक मार्च निकालने की भी योजना बना रहा है। सबसे अहम और संवैधानिक महत्त्व का सवाल है कि संसद का गतिरोध कब और कैसे टूटेगा? क्या वित्त विधेयक, अर्थात बजट, भी शोर और हंगामे के बीच ध्वनि मत से पारित किया जाएगा? बजट पर जो संशोधन प्रस्तावित हैं या जो बहस अनिवार्य है, उसका क्या होगा? यदि बजट पर बहस ही नहीं होनी है, तो फिर संसद का औचित्य ही क्या है? कुछ राज्यों की अनुदान मांगों पर बिना विचार किए ही क्या उन्हें स्वीकार कर लिया जाएगा? विपक्ष के 16 दलों ने इंटरनेट मेल के जरिए जो ज्ञापन ईडी को भेजा है, उसमें अडानी समूह के खिलाफ गंभीर आरोप हैं, लेकिन वे दोहराव और पुराने आरोपों के अलावा कुछ और नहीं हैं। लेकिन प्रमुख विपक्षी दल कांग्रेस ने यह खुलासा नहीं किया कि अडानी और अंबानी करीब 1.75 लाख करोड़ रुपए का निवेश राजस्थान सरकार की किन परियोजनाओं में करने वाले हैं। ये संकेत सूचना के अधिकार के जरिए मिले हैं। पहले से ही कांग्रेस की राजस्थान सरकार ने करीब 65,000 करोड़ रुपए का ठेका अडानी समूह को दे रखा है। सैकड़ों एकड़ जमीन उसे मुहैया कराई गई है। कांग्रेस की ही छत्तीसगढ़ सरकार ने अडानी समूह को 11,000 करोड़ रुपए का ठेका दे रखा है। केरल में वामपंथी सरकार है। वामपंथी भी विपक्षी भीड़ में शामिल हैं। उनसे और कांग्रेस से भी सवाल किए जाने चाहिए कि यदि अडानी समूह ने फर्जीवाड़े, मनी लॉन्ड्रिंग के अपराध किए हैं और वे 'महाघोटालेबाज' हैं, तो मोटे ठेके अडानी को क्यों दिए गए हैं? यह सवाल कई और राज्यों से भी किए जा सकते हैं, जहां कांग्रेस सत्ता में शामिल रही है अथवा अब भी है। बहरहाल यह बहस और सियासत जारी रहेगी, क्योंकि निशाने पर प्रधानमंत्री मोदी हैं, लेकिन गौरतलब संकेत ये भी हैं कि विपक्षी एकता में आज भी स्पष्ट दरारें हैं, जबकि आम चुनाव 2024 सिर्फ एक साल दूर है। विपक्ष के अडानी-विरोधी ज्ञापन पर शरद पवार की एनसीपी के किसी सांसद या नेता-पदाधिकारी के हस्ताक्षर नहीं हैं। इसके अलावा, तृणमूल कांग्रेस विपक्ष के मोदी-विरोधी तमाम अभियानों से अलग है। संसद के दोनों सदनों में 142 सांसदों की ताकत वाले 13 राजनीतिक दल कमोबेश विपक्षी एकता की मुहिम से बाहर हैं। यह बहुत बड़ा सियासी संकेत है। तृणमूल के अलावा, आंध्रप्रदेश में सत्तारूढ़ वाईएसआर कांग्रेस, ओडिशा में सत्तारूढ़ बीजद, तेलुगूदेशम पार्टी, बसपा और अन्नाद्रमुक आदि दल उल्लेखनीय हैं, जो कांग्रेस की छतरी तले विपक्षी एकता पर असहमत हैं।

> विपक्ष के करीब 200 सांसदों ने प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के मुख्यालय तक पैदल मार्च करने और निदेशक को ज्ञापन देने की रणनीति तय की थी, लेकिन पुलिस ने संसद के बाहर विजय चौक पर ही विपक्षी भीड़ को रोक लिया। इसी तरह विपक्ष सीबीआई निदेशक के दफ्तर और 'राष्ट्रपति भवन' तक मार्च निकालने की भी योजना बना रहा है। सबसे अहम और संवैधानिक महत्त्व का सवाल है कि संसद का गतिरोध कब और कैसे टूटेगा? क्या वित्त विधेयक, अर्थात बजट, भी शोर और हंगामे के बीच ध्वनि मत से पारित किया जाएगा? बजट पर जो संशोधन प्रस्तावित हैं या जो बहस अनिवार्य है, उसका क्या होगा? यदि बजट पर बहस ही नहीं होनी है, तो फिर संसद का औचित्य ही क्या है? कुछ राज्यों की अनुदान मांगों पर बिना विचार किए ही क्या उन्हें स्वीकार कर लिया जाएगा? विपक्ष के 16 दलों ने इंटरनेट मेल के जरिए जो ज्ञापन ईडी को भेजा है, उसमें अडानी समूह के खिलाफ गंभीर आरोप हैं, लेकिन वे दोहराव और पुराने आरोपों के अलावा कुछ और नहीं हैं।

## बोध कथा

# मरम्मत करो !

**एक** साधक ने श्री रामकृष्णदेव से पूछा , "गुरुदेव ! मैं इतना प्रभुनाम लेता हूँ, धर्म चर्चा करता हूँ, चिंतन-मनन करता हूँ, फिर भी समय-समय पर मेरे मन में कुभाव क्यों उठते है?" श्री रामकृष्णदेव साधक को समझाते हुए बोले , "एक आदमी ने एक कुत्ता पाला था। वह रात-दिन उसी को लेकर मग्न रहता, कभी उसे गोद में लेता तो कभी उसके मुँह में मुँह लगाकर बैठा रहता था। उसके इस मूर्खतापूर्ण आचरण को देख एक दिन किसी जानकार व्यक्ति ने उसे यह समझाकर सावधान किया कि 'कुत्ते का इतना लाड़-दुलार नहीं करना चाहिए, आखिर जानवर की ही जात ठहरी, न जाने किस दिन लाड़ करते समय काट खाये।' इस बात ने उस आदमी के मन में घर कर लिया। उसने उसी समय कुत्ते को गोद में से फेंक दिया और मन में प्रतिज्ञा कर ली कि अब कभी कुत्ते को गोद में नहीं लेगा । पर भला कुत्ता यह कैसे समझे ! वह तो मालिक को देखते ही दौड़कर उसकी गोद पर चढ़ने लगता। आखिर मालिक को कुछ दिनों तक उसे पीट-पीट कर भगाना पड़ा तब कहीं उसकी यह आदत छूटी। तुम मनुष्य भी वास्तव में ऐसे ही हो ।जिस कुत्ते को तुम इतने दीर्घ – काल तक छाती से लगाते आये हो , उससे अब अगर तुम छुटकारा पाना भी चाहो तो वह भला तुन्हें इतनी आसानी से कैसे छोड़ सकता है ? अब से तुम उसका लाड़ करना छोड़ दो और अगर वह तुम्हारी गोद में चढ़ने आये तो उसकी अच्छी तरह से मरम्मत करो।ऐसा करने से कुछ ही दिनों के अन्दर तुम उससे पूरी तरह छुटकारा पा जाओगे।" इसका तात्पर्य यह है कि कुभाव को भी इस कहानी तरह व्यवहार करो। अर्थात जब भी मन में कुभाव आये तो उसे लाड़ प्यार मत करो। उसे तुरंत बाहर निकाल कर फेंक दो।यदि फिर भी ना माने तो उसकी ताड़ना करो।

## अमृत कलश

# लोकतंत्र, संविधान जिंदा हैं

**आज** तो बल्लियों उछलने का दिन है। भारतीय सिनेमा ने रचनात्मक आसमान छुए हैं। सुपरहिट फिल्म 'आरआरआर' के गीत 'नाटू-नाटू' को सर्वश्रेष्ठ मौलिक गीत की श्रेणी में 'ऑस्कर अवार्ड' से नवाजा गया है। यह प्रथम भारतीय गीत है। इससे पहले 'जय हो...' के गीत-संगीत के लिए ऑस्कर दिया गया था, लेकिन वह मूलतः ब्रिटिश फिल्म थी। इसके अलावा, 'द एलिफेंट व्हिस्पर्स' को सर्वश्रेष्ठ लघु वृत्तचित्र के लिए ऑस्कर अवार्ड से सम्मानित किया गया है। यकीनन दोनों ही उपलब्धियां असाधारण, अभूतपूर्व और अतुलनीय हैं। इस गीत-संगीत पर तो पूरी दुनिया झूम रही है। दोनों तरह के सिनेमा की रचना करने वाली टीमों को सलाम...जय हिंद ! मन और भावुकताएं इसी विषय पर लिखने की थीं, लेकिन इनसे भी महत्त्वपूर्ण मुद्दा है-लोकतंत्र। यदि हम लोकतांत्रिक व्यवस्था में हैं, तो सिनेमा, सृजन और अभिव्यक्ति की आजादी संभव और हासिल है। हमारा सशक्त विश्वास है कि भारत एक लोकतंत्र है और सबसे जीवंत उदाहरण है। यदि कुछ लोग बेचैन हैं, छटपटा रहे हैं, तो यह उनकी कुंठा हो सकती है। देश की जनता ने भी कमोबेश उन्हें खारिज कर दिया है। बहरहाल भारत तो प्राचीन, लोकतांत्रिक सभ्यता और संस्कृति वाला राष्ट्र रहा है। कांग्रेस के वरिष्ठ सांसद राहुल गांधी कुछ भी बयान दे सकते हैं, यह कोई नई बात नहीं है। यदि वह 2004 से लगातार लोकसभा सांसद हैं, तो सिर्फ लोकतंत्र के कारण... । प्रधानमंत्री मोदी ने शंघाई, टोरंटो, सियोल में भारतवंशियों को संबोधित करते हुए जिस देश में जन्म लेने को पाप करार दिया था, हम मानते हैं कि उन्हें ऐसे उथले बयानों से बचना चाहिए। प्रधानमंत्री का पद राष्ट्रीय है, उसका अपना गौरव, अपनी गरिमा है, लिहाजा भारत का प्रथम प्रतिनिधि होने के नाते प्रधानमंत्री मोदी को यथार्थ इस तरह बयां नहीं करना चाहिए।

## विवादों का ऐसा सिलसिला छिड़ गया है, जो लगता नहीं कि आसानी से खत्म होगा

# राष्ट्र का विकास बाधित होगा संसदीय गतिरोध से

> संसद के बजट त्रस के दूसरे चरण में देखने को मिल रही है, इस त्रस को शुरू हुए पांच दिन बीत चुके हैं, लेकिन दोनों सदनों में हंगामे और नारेबाजी के अतिरिक्त और कुछ नहीं हुआ है ।जहां सत्तापक्ष संसद में अपनी इस मांग पर जोर दे रहा है कि राहुल गांधी ने अपनी लंदन यात्रा के दौरान भारतीय लोकतंत्र के बारे में जो कुछ कहा, उसके लिए उन्हें माफी मांगनी चाहिए, वहीं कांग्रेस एवं अन्य विपक्षी दल अदाणी मामले की जांच संयुक्त संसदीय समिति यानी जेपीसी से कराने पर अड़े हुए हैं और संसद नहीं चलने दे रहे हैं। विरोध प्रकट करने का असंसदीय एवं आक्रामक तरीका, सत्तापक्ष एवं विपक्ष के बीच तकरार और इन स्थितियों से उत्पन्न संसदीय गतिरोध लोकतंत्र की गरिमा को धुंधलाने वाले हैं।

**संसद** की कार्रवाई को बाधित करना एवं संसदीय गतिरोध आमबात हो गयी है। यही स्थिति संसद के बजट सत्र के दूसरे चरण में देखने को मिल रही है, इस सत्र को शुरू हुए पांच दिन बीत चुके हैं, लेकिन दोनों सदनों में हंगामे और नारेबाजी के अतिरिक्त और कुछ नहीं हुआ है। जहां सत्तापक्ष संसद में अपनी इस मांग पर जोर दे रहा है कि राहुल गांधी ने अपनी लंदन यात्रा के दौरान भारतीय लोकतंत्र के बारे में जो कुछ कहा, उसके लिए उन्हें माफी मांगनी चाहिए, वहीं कांग्रेस एवं अन्य विपक्षी दल अदाणी मामले की जांच संयुक्त संसदीय समिति यानी जेपीसी से कराने पर अड़े हुए हैं और संसद नहीं चलने दे रहे हैं। विरोध प्रकट करने का असंसदीय एवं आक्रामक तरीका, सत्तापक्ष एवं विपक्ष के बीच तकरार और इन स्थितियों से उत्पन्न संसदीय गतिरोध लोकतंत्र की गरिमा को धुंधलाने वाले हैं। अपने विरोध को विराट बनाने के लिये सार्थक बहस की बजाय शोर-शराबा और नारेबाजी की स्थितियां कैसे लोकतांत्रिक कही जा सकती है? कितना दुखद है कि एक दिन भी संसद में ढंग से काम नहीं हो सका है। विवादों का ऐसा सिलसिला छिड़ गया है, जो लगता नहीं कि आसानी से खत्म होगा। विवाद संसद में भी होती हैं और सड़क पर भी। लेकिन संसद को सड़क तो नहीं बनने दिया जा सकता? वैसे, भारतीय संसदीय इतिहास में ऐसे अवसर पहले भी आए हैं, जब परस्पर संघर्ष के तत्व ज्यादा और समन्वय एवं सौहार्द की कोशिशें बहुत कम नजर आई है। स्पष्ट है कि यदि दोनों पक्ष अपने-अपने रवैये पर अडिग रहते हैं तो संसद का चलना मुश्किल ही होगा। यदि ऐसा होता है तो यह बहुत ही दुर्भाग्यपूर्ण होगा। ऐसी भी परिस्थिति आ सकती है कि बजट को बिना बहस के पारित कराना पड़े। यह ठीक नहीं होगा, लेकिन संसद तभी चल सकती है, जब दोनों पक्ष अपना-अपना हठ छोड़ेंगे। फिलहाल इसके आसार नहीं दिख रहे हैं, क्योंकि यह तय है कि राहुल गांधी लंदन में दिए गए अपने बयान को लेकर माफी नहीं मांगने वाले। एक ओर जहां मल्लिकार्जुन खरगे यह साफ कर चुके हैं कि राहुल गांधी माफी नहीं मांगने वाले, वहीं दूसरी ओर कांग्रेस के अन्य नेता भी यह सिद्ध करने में लगे हुए हैं कि उनके नेता ने लंदन में वैसा कुछ कहा ही नहीं, जैसा बताया जा रहा है। इस तरह की द्वंद्वपूर्ण स्थितियों से तो संसदीय मर्यादाएं बार-बार भंग होती रहेगी एवं संसद में हुड़दंग मचाने, अभद्रता प्रदर्शित



करने एवं हिंसक घटनाओं को बल देने के परिदृश्य बार-बार उपस्थित होते रहेंगे। गलत को गलत न मानने की हठ को कैसे स्वीकार्य किया जा सकता है? यह कैसी हठधर्मिता है कि भारतीय लोकतंत्र की गरिमा से खिलवाड़ करने वाले राहुल के माफी मांगने पर कांग्रेस तैयार नहीं कि उन्होंने कुछ गलत किया है। संसद का यह सत्र इसलिये भी आक्रामक बना हुआ है कि पक्ष एवं विपक्ष दोनों की ही नजरों में वर्ष 2024 के लोकसभा चुनाव है। इसीलिये इसके आसार नहीं कि राहुल गांधी माफी मांगेंगे, वैसे ही इसके भी कोई संभावना नहीं कि मोदी सरकार अदाणी मामले की जांच के लिए संयुक्त संसदीय समिति गठित करने की विपक्ष की मांग मानने के लिए तैयार हो जाएगी। इसका एक कारण तो यह है कि सुप्रीम कोर्ट पहले ही छह सदस्यीय समिति के गठन की घोषणा कर चुका है और दूसरा यह कि वित्तीय मामलों में अब तक गठित संयुक्त संसदीय समितियों ने जांच के नाम पर या तो लीपापोती की है या फिर दलगत राजनीति। इसकी भी अनदेखी नहीं की जा सकती कि अदाणी मामले की जांच संयुक्त संसदीय समिति से कराने की विपक्ष की मांग का मुख्य उद्देश्य इस मामले को अगले आम चुनाव तक जिंदा रखना है। चूंकि सरकार विपक्ष के इस इरादे को भांप चुकी है, इसलिए वह उसकी मांग पर ध्यान देने के लिए तैयार नहीं। कैसी विचित्र एवं त्रासद स्थिति है कि सबके सामने देश नहीं, सत्ता का स्वार्थ है। देश को बनाने एवं विकास की रफ्तार देने के लिये बजट का लोकतांत्रिक तरीकों से पारित होना जरूरी है। यदि ऐसा नहीं होता है तो यह बहुत ही दुर्भाग्यपूर्ण होगा। ऐसी भी परिस्थिति आ सकती है कि बजट को बिना बहस के पारित कराना पड़े। यह ठीक नहीं होगा, लेकिन संसद तभी चल सकती है, जब दोनों पक्ष अपना-अपना हठ छोड़ेंगे। फिलहाल इसके आसार नहीं दिख रहे हैं। आग्रह, पूर्वाग्रह और दुराग्रह- भारतीय राजनीति में ऐसे लोग गिनती के मिलेंगे जो इन तीनों स्थितियां से बाहर निकलकर जी रहे हैं। पर जब हम आज राष्ट्र की विधायी संचालन में लगे अगुओं को देखते हैं तो किसी को इनसे मुक्त नहीं पाते। आजादी के बाद सात दशक बीत चुके हैं, लोकतंत्र के सारथियों की परिपक्वता नहीं पनप पा रही हैं, साफ चरित्र जन्म नहीं ले पाया है, लोकतंत्र को हांकने के लिये हम प्रशिक्षित नहीं हो पाये हैं। उसका बीजवपन नहीं हुआ या खाद-पानी का सिंचन नहीं हुआ। आज आग्रह पल रहे हैं-पूर्वाग्रहित के बिना कोई विचार अभिव्यक्ति नहीं और कभी निजी और कभी दल स्वार्थ के लिए दुराग्रही हो जाते हैं। कल्पना सभी रामराज्य की करते हैं पर रचा रहे हैं महाभारत। महाभारत भी ऐसा जहां न श्रीकृष्ण है, न युधिष्ठिर और न अर्जुन। न भीष्म पितामह हैं, न कर्ण। सब धृतराष्ट्र, दुर्योधन और शकुनि बने हुए हैं। न गीता सुनाने वाला है, न सुनने वाला। विपक्षी दल अनावश्यक आक्रामकता का परिचय देंगे तो सरकार उन्हें उसी की भाषा में जवाब देगी। इसके चलते अब संसद के सत्रों के दौरान कहीं अधिक शोर-शराबा होने लगा हैं। ऐसा होने का सीधा मतलब है कि संसद में विधायी कामकाज कम, हल्ला-गुल्ला ज्यादा होता है। कायदे से इस अप्रिय स्थिति से बचा जाना चाहिए। यह एक बड़ा सच है कि लोकतंत्र एक जटिल व्यवस्था है और इसे बार-बार परीक्षाओं से गुजरना पड़ता है। निश्चित ही, लोकतंत्र पर देश में या देश से बाहर टिप्पणी करते समय व्यापकता में विचार करना चाहिए। भारतीय लोकतंत्र के किसी भी बड़े नेता की टिप्पणियों में शासन-प्रशासन का इतिहास और भूगोल, भारतीय लोकतंत्र की गरिमा के स्वर होने ही चाहिए। आशा की जाती है कि लोकतंत्र पहले भी बड़ी परीक्षाओं से गुजरकर निखरा है और लोगों को यही उम्मीद होगी कि इस बार भी निखरेगा। लेकिन बड़ा प्रश्न है कि भारतीय लोकतंत्र को हांकने वाले लोग आखिर कब परिवक्व होंगे? कब भारतीय लोकतंत्र इन दुर्भाग्यपूर्ण एवं विडम्बनापूर्ण त्रासदियों से बाहर आयेगा? संसदीय लोकतंत्र की अपनी मर्यादाएं हैं, वह पक्ष-विपक्ष की शर्तों से नहीं, आपसी समझबूझ, मूल्यों एवं आपसी सहमति की राजनीति से चलता है। एक तरह से साबित हो गया, भारतीय राजनीति में परस्पर विरोध कितना जड़ एवं अव्यावहारिक है।

# पढ़ाई की तरह स्वास्थ्य का भी रिपोर्ट कार्ड हो

> कोरोना महामारी के परिणामों को देखते हुये अब हर नागरिक की फिटनेस का आधार विद्यार्थी जीवन से ही मजबूत बनाना जरूरी हो गया है। हवा में जब अधिक धूल धुआं हो गया है और पृथ्वी पर जैसे जैसे जीवन जीने की आवश्यक चीजें घटती जा रही हैं वैसे वैसे मानव को स्वास्थ्य के प्रति सजग होना पड़ेगा। पूरे विश्व की शिक्षा पद्धति में अच्छे स्वास्थ्य की नींव बचपन से लेकर विद्यार्थी जीवन तक पक्की की जाती है। हिमाचल प्रदेश के अधिकांश विद्यालयों में प्रत्येक विद्यार्थी की स्वास्थ्य के लिए न तो सुविधा है और न ही पर्याप्त शिक्षक हैं। विद्यार्थी कितना फिट है उसके लिए विद्यालय में कोई परीक्षा ही नहीं है। ऐसे में शिक्षा के कर्णधारों के साथ साथ अभिभावकों व विद्यालय प्रशासन को इस विषय पर अनिवार्य रूप से सोचना होगा कि हमारी अगामी पीढ़ियों की फिटनेस व नैतिकता कैसे उन्नत हो सके। स्वास्थ्य के सिद्धांतों से नैतिकता का गहरा संबंध है। संयम, निरंतरता, निस्वार्थ सोच व ईमानदारी से कार्य निष्पादन हम खेल के मैदान में ही सही ढंग से सीख पाते हैं।

**पुरातन** भारत की शिक्षा पद्धति गुरु-शिष्य परंपरा पर आधारित गुरुकुलों में दी जाती थी। उसमें विभिन्न विद्याओं के साथ-साथ शारीरिक विकास पर पूरा ध्यान दिया जाता था। वर्तमान में भी भारत के अच्छे विद्यालयों में भी शारीरिक स्वास्थ्य को प्रमुखता से पाठ्यक्रम के साथ जोड़ा गया है जहां विद्यार्थी के मानसिक विकास के साथ साथ शारीरिक विकास को भी ठीक ठाक समय दिया गया है। शिक्षा का अर्थ मानव के मानसिक व शारीरिक यानी सर्वांगीण विकास से जुड़ता है। मतलब स्वास्थ्य के बगैर शिक्षा अधूरी है। इसलिए विद्यालय स्तर पर पढ़ाई के साथ साथ फिटनेस के टैस्ट व उनका मूल्यांकन भी जरूरी हो जाता है। विद्यालय में पढ़ाई के रिपोर्टकार्ड की तरह फिटनेस का भी रिपोर्टकार्ड अनिवार्य होना चाहिए। कोरोना महामारी के परिणामों को देखते हुये अब हर नागरिक की फिटनेस का आधार विद्यार्थी जीवन से ही मजबूत बनाना जरूरी हो गया है। हवा में जब अधिक धूल धुआं हो गया है और पृथ्वी पर जैसे जैसे जीवन जीने की आवश्यक चीजें घटती जा रही हैं वैसे वैसे मानव को स्वास्थ्य के प्रति सजग होना पड़ेगा। पूरे विश्व की शिक्षा पद्धति में अच्छे स्वास्थ्य की नींव बचपन से लेकर विद्यार्थी जीवन तक पक्की की जाती है। हिमाचल प्रदेश के अधिकांश विद्यालयों में प्रत्येक विद्यार्थी की स्वास्थ्य के लिए न तो सुविधा है और न ही पर्याप्त शिक्षक हैं। विद्यार्थी कितना फिट है उसके लिए विद्यालय में कोई परीक्षा ही नहीं है। ऐसे में शिक्षा के कर्णधारों के साथ साथ अभिभावकों व विद्यालय प्रशासन को इस विषय पर अनिवार्य रूप से सोचना होगा कि हमारी अगामी पीढियों की फिटनेस व नैतिकता कैसे



उन्नत हो सके। स्वास्थ्य के सिद्धांतों से नैतिकता का गहरा संबंध है। संयम, निरतंरता, निस्वार्थ सोच व ईमानदारी से कार्य निष्पादन हम खेल के मैदान में ही सही ढंग से सीख पाते हैं। किसी भी देश को इतनी क्षति युद्ध या महामारी से नहीं होती है जितनी तबाही नशे के कारण हो सकती है। आज जब देश के अन्य राज्यों सहित हिमाचल प्रदेश में भी नशा युवा वर्ग पर ही नहीं किशोरों तक चरस, अफीम, स्मैक, नशीली दवाओं तथा दूरसंचार माध्यमों के दुरुपयोग से शिकंजा कस रहा है। इसलिए विद्यालय व अभिभावकों को इस विषय पर सचेत हो जाना चाहिए। इस विषय पर पहले भी इस कालम के माध्यम से कई बार सचेत किया जाता रहा है। विद्यार्थी किशोरावस्था में नशे से बच जाता है तो वह फिर युवावस्था आते आते समझदार हो गया होता है। इसलिए विद्यालय स्तर पर प्राथमिक से वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय स्तर पर विद्यार्थियों को विभिन्न विद्याओं में व्यस्त रखने के साथ साथ शारीरिक फिटनेस की तरफ मोडना बेहद जरूरी हो जाता है। शारीरिक विकास के लिए खेलों के माध्यम से फिटनेस कार्यक्रम बहुत जरूरी हो जाता है, मगर कुछ विद्यार्थियों द्वारा बनी दो टीमें तो खेलने लग जाती हैं और सारा विद्यालय दर्शक बन जाता है। फिटनेस तो विद्यालय के हर विद्यार्थी को अनिवार्य रूप से चाहिए होती है। विद्यालय स्तर पर हर विद्यार्थी के लिए अभी तक कोई भी कार्यक्रम नहीं है। पिछले कुछ दशकों से हिमाचल प्रदेश के नागरिकों की फिटनेस में बहुत कमी आई है ।इस के पीछे का प्रमुख कारण भी विद्यालय स्तर पर विद्यार्थियों के लिए किसी भी प्रकार के फिटनेस कार्यक्रम का न होना है। रट्टे वाली पढ़ाई की होड़ में हम विद्यार्थियों की फिटनेस को ही भूल गये हैं। हिमाचल प्रदेश की अधिकांश आबादी गांव में रहती है। वहां पर सवेरे शाम वर्षों पहले से ही विद्यार्थी अपने अभिभावकों के साथ कृषि व अन्य घरेलू कार्यों में सहायता करता था। विद्यालय आने जाने के लिए कई किलोमीटर दिन में पैदल चलना पड़ता था। इसलिए उस समय के विद्यार्थी को किसी भी प्रकार के फिटनेस कार्यक्रम की कोई जरूरत नहीं थी। मगर अब घरेलू कार्यों से विद्यार्थी दूर हो गया है और विद्यार्थी घर के आंगन में बस पर सवार होकर विद्यालय के प्रांगण में उतरता है। पढ़ाई के नाम पर ज्यादा समय खर्च करने के कारण फिटनेस के लिए कोई समय नहीं बचता है। इस कालम के माध्यम से पहले भी फिटनेस के बारे में सचेत किया जाता रहा है। अधिकतर स्कूलों के पास फिटनेस के लिए न तो आधारभूत ढांचा है और न ही कोई कार्यक्रम है। आज का विद्यार्थी फिटनेस व मनोरंजन के नाम पर दूरसंचार माध्यमों का कमरे में बैठ कर खूब दुरुपयोग कर रहा है। ऐसे में शिक्षा के द्वारा विद्यार्थी के सर्वांगीण विकास की बात मजाक लगती है। आज के विद्यार्थी को अगर कल का अच्छा नागरिक बनाना है तो हमें विद्यालय व घर पर उस के लिए सही फिटनेस कार्यक्रम देना होगा तभी हम सही अर्थों में अपनी अगली पीढ़ी को शिक्षित करेंगे। बचपन से युवावस्था जैसे पढ़ाई का सही समय है उसी प्रकार शारीरिक विकास का समय भी यही है। इस समय ही हमारे शरीर की रक्त वाहिकाओं के बढ़ने, मांसपेशियों व हड्डियों के मजबूत होने का समय है। इस सब के लिए भी फिटनेस कार्यक्रम अनिवार्य रूप से चाहिए क्योंकि एक उम्र बीत जाने के बाद भी हम इन का विकास नहीं कर सकते हैं। बिना फिटनेस कार्यक्रम के आज का विद्यार्थी अच्छा पढ़ लिख कर डॉक्टर, इंजीनियर, मैनेजर व अन्य बड़ा डिग्री धारक बनकर नौकरी तो ले सकता है मगर क्या वह साठ वर्ष की उम्र तक अपने कार्य का निष्पादन सही तरीके से कर सकता है। आज चालीस वर्ष पार करते ही बुढ़ापा आ रहा है। ऐसे में विद्यार्थियों को विद्यालय स्तर पर फिटनेस कार्यक्रम की बहुत जरूरत है। अमेरिका व यूरोप के विकसित देशों के विद्यालयों में हर विद्यार्थी की सामान्य फिटनेस के लिए वैज्ञानिक आधार पर तैयार किये गये कार्यक्रम के साथ साथ उचित आहार का भी प्रबंध होता है। विद्यार्थी की फिटनेस कैसी है, इसके लिए साल में कई बार परीक्षा होती है। हमारे यहां कुछ स्तरीय विद्यालयों में फिटनेस कार्यक्रम तो हैं मगर शारीरिक क्षमताओं को नापने के लिए कोई परीक्षण नहीं है। इस सब के लिए विद्यालय स्तर पर विद्यार्थियों की सामान्य फिटनेस का मूल्यांकन कर उस में सुधार के लिए सुझाव दे कर सुधार करवाने के लिए फिटनेस मूल्यांकन व सुझाव कार्यक्रम की शुरुआत जल्द ही करनी चाहिए। इस कार्यक्रम के अतंर्गत विद्यालय के हर विद्यार्थी का साल में तीन बार विभिन्न शारीरिक क्षमताओं का परीक्षण कर उन का मूल्यांकन किया जाए। उसके बाद प्रत्येक विद्यार्थी को शारीरिक शिक्षा के शिक्षकों द्वारा आहार व स्वास्थ्य सुधार पर सुझाव भी दिये जाएं जिन्हें वे उपलब्ध समय में विद्यालय व घर पर आसानी से कर सकें। तभी हम आने वाली पीढ़ी को फिट रख सकेंगे।

## देश दुनीया से

# विदेश में राहुल गांधी का प्रचार

**इटली** और इंग्लैंड में राहुल गांधी ने यूरोप और अमेरिका से गुहार लगाई कि हिन्दुस्तान में लोकतन्त्र ख़त्म हो रहा है, लेकिन अमेरिका और यूरोप के देश इस लोकतन्त्र को बचाने के लिए कुछ नहीं कर रहे। उन्होंने इन देशों में विभिन्न विभिन्न स्थानों पर जाकर भाषण नुमा बातें कहीं, जिस पर कांग्रेस के लोग लगभग जश्न मनाने की मुद्रा में पहुंच गए हैं। राहुल गान्धी ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी ने देश में से लोकतन्त्र समाप्त कर दिया है। देश में बोलने की आजादी समाप्त कर दी गई है। लोकसभा में तो जैसे ही मैं बोलने लगता हूं, मेरा माइक बंद करवा दिया जाता है। देश में अघोषित आपात काल चल रहा है। लेकिन मुख्य बात तो यह कि राहुल गान्धी को इन दोनों देशों में बोलने के लिए किसने निमंत्रित किया था? इटली के बारे में तो स्पष्ट है कि किसी ने उन्हें वहां बुलाया नहीं होगा। वे वहां स्वयं अपने नाना-नानी के घर मिलने गए होंगे। वहां ही पत्रकार पहुंच गए होंगे। पत्रकारों को सामने देख मन पर नियंत्रण कर पाना कठिन साधना है। भारत जोड़ो यात्रा में आधी बांह की क़मीज़ पहने देख कर लगा था कि राहुल भी साधना करते हैं और अब तक उनमें वाणी संयम आ ही गया होगा। लेकिन दुर्भाग्य से ऐसा नहीं हुआ। वे इटली में भारत में बढ़ रहे तथाकथित नाज़ीवाद व फासीवाद के बारे में जो कह कर आए थे, वही उन्होंने इंग्लैंड में कहना शुरू कर दिया। इंग्लैंड में उन्हें बोलने के लिए कैमब्रिज विश्वविद्यालय के बिजनेस स्कूल ने निमंत्रित किया था। इस स्कूल के प्रति कुलपति पाकिस्तान मूल के डा. कमाल मुनीर हैं। मुनीर को लगा होगा कि विश्वविद्यालय के बिजनेस स्कूल के छात्रों को भारत की वर्तमान स्थिति पर राहुल गान्धी से अच्छा कोई वक्ता नहीं मिल सकता। वैसे भी ब्रिटेन का मीडिया संस्थान बीबीसी अभी कुछ दिन पहले ही नरेन्द्र मोदी के खिलाफ एक वृत चित्र प्रसारित कर चुका था, जिसमें मोदी को अल्पसंख्यकों का विरोधी बताया गया था और गुजरात दंगों के लिए उन्हें ही दोषी ठहराया गया था। अमेरिका में सिलिकन वैली बैंक के डूबने से कुछ दिन पहले ही अमेरिका से हिंडनवर्ग रिपोर्ट प्रसारित की गई थी, जिसमें मोदी को परोक्ष रूप से घेरने की कोशिश की गई थी। यह अलग बात है कि अमेरिका में एक के बाद एक दो नामी बैंक दम तोड़ गए लेकिन हिंडनवर्ग को भनक तक न लगी। लेकिन रपट लिखने वाले सात समुद्र पार अडानी की वित्तीय स्थिति और उसके भीतर की तथाकथित कमज़ोरियों को जरूर पकड़ते रहे। सभी जानते हैं कि कुछ साल पहले अमेरिका में एक सैयद गुलाम अली फाई रहता था जो कि आईएसआई का छिपा हुआ एजेंट था। उसने एक एनजीओ चला रखी थी जो कश्मीर पर सैमीनार करवाती थी। वह भारत के नामी गिरामी पत्रकारों को कश्मीर पर बोलने के लिए किराया देकर बुलाता था। ये पत्रकार कश्मीर पर वही कुछ बोल कर आते थे जो पाकिस्तान की नीति के अनुकूल होता था। पत्रकार तो भाषण देकर और किराया व आतिथ्य हलाल कर चले आते थे और पाकिस्तान उनकी बतकही को अपने हित के लिए अन्तर्राष्ट्रीय मंचों पर उपयोग करता था। कई बार वक्ता को भी इस बात का इल्म नहीं होता कि जो वह कह रहा है, उसका देश को कितना बड़ा नुक़सान हो रहा होता है। राहुल गान्धी का यह विदेश दौरा तो यक़ीनन उनकी पार्टी के अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खडग़े ने ही पार्टी अध्यक्ष के नाते पार्टी फंड से किया होगा। वैसे तो यदि कैमब्रिज विश्वविद्यालय को भारत की वर्तमान राजनीति पर कांग्रेस पार्टी की आधिकारिक राय जानने की इतनी ही जरूरत थी तो वह पार्टी अध्यक्ष को बुला सकती थी। लेकिन उनको शायद राहुल गान्धी में ही ज्यादा संभावना दिखाई दे रही होगी। लेकिन राहुल गान्धी को इतना ध्यान तो रखना ही चाहिए था कि डा. कमाल मुनीर के जिस संस्थान का आतिथ्य वह स्वीकारने जा रहे हैं वह एक बड़ा अन्तरराष्ट्रीय जाल है जिसमें उनको इसलिए फंसाया जा रहा है ताकि उनकी बतकही का प्रयोग पाकिस्तान और अन्य भारत विरोधी गिरोह भारत के खिलाफ करेंगे। यह माना जा सकता है कि राहुल गान्धी शायद इस प्रकार इतनी दूर तक नहीं देख पाते या सोच पाते। इसलिए उन्हें बैनिफिट आफ डाऊट दिया जा सकता है।

> लोकसभा में तो जैसे ही मैं बोलने लगता हूं, मेरा माइक बंद करवा दिया जाता है। देश में अघोषित आपात काल चल रहा है। लेकिन मुख्य बात तो यह कि राहुल गान्धी को इन दोनों देशों में बोलने के लिए किसने निमंत्रित किया था? इटली के बारे में तो स्पष्ट है कि किसी ने उन्हें वहां बुलाया नहीं होगा। वे वहां स्वयं अपने नाना-नानी के घर मिलने गए होंगे। वहां ही पत्रकार पहुंच गए होंगे। पत्रकारों को सामने देख मन पर नियंत्रण कर पाना कठिन साधना है। भारत जोड़ो यात्रा में आधी बांह की क़मीज़ पहने देख कर लगा था कि राहुल भी साधना करते हैं और अब तक उनमें वाणी संयम आ ही गया होगा।

## नागरिक बोध

# सादा जीवन उच्च विचार एक आदर्श वाक्य

**विचारो** के द्वारा ही जीवन मे सभी क्रियाएं संपादित होती है ।विचार की उच्चता हर दृष्टि में अपेक्षित है। आज के इस विज्ञान युग मे बहुत से व्यक्तियों को यह आशा बन गई है कि हमारे पास जितने विलासिता के व सुखोपभोग के साधन प्रसाधन अधिक होंगे, उतना ही समाज मे हमारा प्रभाव और दबदबा बना रहेगा और मान प्रतिष्ठा भी बढ़ेगी। किन्तु उसकी यह उसकी धारणा नितांत मिथ्या है। आज की सामाजिक व राजनैतिक व्यवस्था और विलासप्रियता और साधनों की अधिकता कोई महत्व नही रखती है। अतीत की और हम जब निगाह डालते है तो सम्राट चंद्रगुप्त के महामंत्री चाणक्य का सादगीपूर्ण जीवन स्मृति के क्षितिज पर चमक उठता है। चाणक्य एक महान व्यक्ति थे।उस युग मे भारत के निर्माता चाणक्य ही थे। किंतु उनका जीवन कितना सीधा साधा और निष्परिग्रह था। जब चाणक्य आश्रम में रहते थे और विद्यार्थियों को पढ़ाते थे।उस समय उनके पास क्या था? एक पत्थर तो कंडे तोड़ने के लिए था और जब वे महामंत्री के पद पर अवस्थिति हुए तब भी उनके पास वही सादगी थी। जो पहले थी। वे वृक्ष के नीचे बैठकर भारत के शासन सूत्र का संचालन किया करते थे। उनके पास न तो सुरम्य कोठियां थी और न चमचमाती कारे। इस सादगी प्रदान जीवन में रहकर ही चाणक्य ने चन्द्रगुप्त के शासन को चमकाया और भारत के यश को विदेशो तक फैलाया। डॉ सर्वपल्ली राधाकृष्णन, अटल बिहारी वाजपेयी, लालबहादुर शास्त्री, आरके सिन्हा, डॉ रणदीप गुलेरिया और वर्तमान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आदि भारत के ये रत्न है जिनका जीवन साधा जीवन उच्च विचार एक आदर्श वाक्य प्रस्तुत कर रहा है। मोदी के पास अपना घर, गाड़ी भी नही है ।हमारे देश के मंत्रियों को इनके जीवन की प्रेरणा प्राप्त करने की जरूरत है। मनुष्य की शान शौकत रहन रहन के ऊंचे स्तर में नही है।

## संक्षिप्त खबरे

### प्रखण्ड के आराआरतु के सुपर सरस्वती कोचिंग सेंटर में विदाई समारोह का हुआ आयोजन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लावालौंग :** प्रखण्ड अन्तर्गत हेडुम पंचायत के आराआतु में सुपर सरस्वती कोचिंग सेंटर में शनिवार को एक समारोह आयोजित कर मैट्रिक/ इंटर परीक्षा देने वाले छात्र/छात्राओं को विदाई दी गई। कोचिंग संस्थान के संचालक बाल्मिकी कुमार यादव ने विद्यार्थियों के लिए उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए कहा कि मेहनत कर अच्छी तरह से तैयार कर परीक्षा लिखें ताकि अच्छी अंक प्राप्त कर सकें। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में मॉडल स्कूल के शिक्षक हरी ओम कुमार ने बच्चों को सम्बोधित करते हुए कहा कि जब बच्चे दशवी तथा इंटर कर बाहरी शहरों/कस्बों की गलियों में अपनी पढ़ाई के लिए निकलते हैं तो आपसबो को अच्छे संगत के साथ रहना चाहिए। कियोकि संगत से ही रंगत निखरती है। तथा उनके परिवेश के साथ साथ अच्छे गुरु का भी नाम रौशन होता है।


# उपायुक्त की अध्यक्षता में समीक्षात्मक बैठक सम्पन्न



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चतरा :** समाहरणालय स्थित सभाकक्ष में उपायुक्त अबु इमरान की अध्यक्षता में आपदा प्रबंधन, कारा सुरक्षा, उग्रवादी हिंसा, जिला स्तरीय सड़क सुरक्षा टास्क फोर्स, मेगा प्रोजेक्ट, भू अर्जन समेत अन्य से संबंधित मामलों पर किये जा रहे कार्यों की प्रगति एवं उसमें आ रहे रुकावटों की गहन समीक्षा की गई। जिला स्तरीय सड़क सुरक्षा टास्क फोर्स से बैठक की शुरुआत करते हुए उपायुक्त ने जिला में सड़क दुर्घटनाओं से जुड़े आंकड़ो की जानकारी लेते हुए निर्देश दिया कि जितने भी ब्लैक स्पॉट्स चिन्हित किये गए हैं वहाँ सुरक्षा बढ़ाने हेतु सभी जरूरी कदम उठाये जाएं जिससे की वहाँ हो रही दुर्घटनाओं में कमी आये। उन्होंने मार्ग चौड़ीकरण, झाड़ी सफाई, साइनेज, स्पीड लिमिटर, तीखे मोड़ पर लगाए जाने वाले कॉन्वेक्स मिरर आदि जैसे सड़क सुरक्षा उपायों की बात करते हुए कहा कि इनका उपयोग तत्वरित रूप से किया जाए ताकि सड़क सुरक्षा में और सुधार आ सके। बैठक में उपायुक्त ने रोड रिफ्लेक्टर, ज़ेबरा क्रोसिंग, व्हाइट मार्किंग आदि लगाने का निर्देश जो पिछले बैठक में दिया गया था उसके प्रगति की जानकारी लेते हुए निर्देश दिया कि समाहरणालय सहित जिला के जितने भी आलाधिकारी हैं उनके आवासों के समीप स्पीड ब्रेकर का निर्माण किया जाए। आगे उन्होंने शहर में यातायात व्यवस्था सुधारने को लेकर ऑटो चालक संघ को जरूरी दिशा निर्देश दिया जिससे कि सड़क को अतिक्रमण मुक्त रखा जाए ताकि आमजनों को आवागमन में दिक्कत न होने पाए। बैठक में सभी मेगा प्रोजेक्ट के प्रबंधक समेत अन्य उपस्थित प्रतिनिधियों द्वारा जिले में चल रहे मेगा प्रोजेक्ट को लेकर अद्यतन प्रगति की जानकारी दी गई। साथ ही विभिन्न योजनाओं के क्रियान्वयन में आ रही समस्याओं से भी अवगत कराया गया। मेगा प्रोजेक्ट के प्रबंधक समेत अन्य उपस्थित प्रतिनिधियों द्वारा भूमि अधिग्रहण के पश्चात रैयतों को मुआवजा भुगतान, वन विभाग से जुड़े मामले, एन0ओ0सी, एफआरए,रैयती मान्यता, अवार्ड, जीएम लैंड समेत अन्य मामलों की जानकारी लेते हुए उपायुक्त ने संबंधित अधिकारियों को अपने स्तर से मामलों की समीक्षा कर जल्द उन मामलों का निराकरण हेतु निर्देशित किया जिससे कि रैयतों को ससमय भुगतान हो सके एवं जिले में सभी प्रोजेक्ट के क्रियान्वयन में किसी भी प्रकार की समस्या न हो। समीक्षा के दौरान कुछ मामलों में उपायुक्त ने रैयतों से बात कर मुआवजा समेत अन्य प्रक्रिया पूर्ण करने को लेकर कई आवश्यक निर्देश दिए। बैठक में उपायुक्त ने जमीन मुआवजा राशि एवं अब तक किए भुगतान की पूर्ण जानकारी विस्तार पूर्वक लिया। गहन समीक्षा उपरांत उपायुक्त ने संबंधित अधिकारियों को आपस में समन्वय रखते हुए समस्याओं का ससमय समाधान करने को कहा गया। जिससे कि प्रोजेक्ट का संचालन सरलता पूर्वक हो सके।आपदा प्रबंधन अन्तर्गत प्राकृतिक आपदा एवं अन्य से संबंधित लंबित मामलों की समीक्षा करते हुए आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया। कारा सुरक्षा की समीक्षा में उपायुक्त ने सुरक्षा व्यवस्था तथा अन्य किये जा रहे सम्बंधित कार्यों की जानकारी लेते हुए आवश्यक दिशा निर्देश दिया। बैठक में पुलिस अधिक्षक राकेश रंजन, उत्तरी वन प्रमंडल पदाधिकारी राहुल मीना, जिला भू अर्जन पदाधिकारी गोरांग महतो, पुलिस उपाधीक्षक मुख्यालय केदार राम, संबंधित अंचल अधिकारी, सभी परियोजनाओं के संबंधित समेत अन्य उपस्थित थे।

## विधान सभा क्षेत्र विकास के लिए विधायक ने प्रश्नकाल में कई सवाल उठाए



**मयूरहंड (प्रभात मंत्र संवाददाता):** सिमरिया विधायक किसुन कुमार दास ने राज्य में संचालित वित्त रहित शैक्षणिक संस्थानों के शिक्षकों के लिए विधानसभा में प्रश्नकाल के दौरान ध्यानाकर्षण कराया। वित्त रहित विद्यालयों को लेकर किए गए सवाल पर चतरा जिला के वित्तरहित शैक्षणिक संस्थानों के शिक्षक और प्रधानाध्यापकों ने विधायक के प्रति गहरा आभार जताया है। मयूरहंड प्रखंड के हरिजन जनता उच्च विद्यालय मझगावां के सचिव सचित कुमार सिंह हुआ शैलजा गिरजा स्वामी विवेकानंद उच्च विद्यालय के सचिव लक्ष्मी राम ने प्रभात मंत्र से कहा सिमरिया विधायक आदरणीय श्री किसुन कुमार दास ने हम सभी शिक्षकों की समस्याओं के साथ-साथ इन वित्त रहित विद्यालय में पढ़ रहे हैं गरीब घरानों के बच्चों के समस्याओं को प्रश्नकाल के दौरान ध्यानाकर्षण कराया है जो काफी अहम है। गौरतलब हो कि संयुक्त बिहार और अब झारखंड में वर्षों से संचालित वित्त रहित शिक्षक आर्थिक तंगहाली का सामना करते हुए गरीब घरानों के बच्चों को शिक्षा देने का काम कर रहे हैं। राज्य सरकार वितरित शिक्षकों को लेकर कब तक ठोस फैसला लेती है क्या कहना जल्दबाजी होगा लेकिन विधायक किसुन कुमार दास ने गरीबी और तंगहाली के बीच शिक्षा व्यवस्था से स्वयं को जोड़ रखे वित्त रहित शिक्षकों के लिए प्रश्नकाल के दौरान ध्यानाकर्षण कराया जाना इन शिक्षको के जीवन से जुड़ा एक महत्वपूर्ण और खुशी की बात है।

## लातेहार में बीएलओ की हुई बैठक



**लातेहार (प्रभात मंत्र संवाददाता):** सदर प्रखंड लातेहार में प्रखंड विकास पदाधिकारी मेघनाथ उरांव की अध्यक्षता में बैठक हुई संपन्न।सभी 132 बीएलओ एवं 14 पर्यवेक्षकों की बैठक प्रखंड कार्यालय के मीटिंग हॉल में किया गया। सभी बीएलओ को फॉर्म गरुडा के माध्यम से भरने रजिस्टर फॉर्म छः बी को वापस करने एवं आदिम जनजाति का वोटर कार्ड बनाने, दोहराव मतदाता का नाम हटाने, तथा खराब इमेज वाले मतदाता का नया रंगीन फोटो लेकर इंट्री करने आदि के बारे में बताया गया। साथ ही निर्वाचन के कार्य को समय से पूरा करने का निर्देश भी दिया गया। इस अवसर पर ऑपरेटर अरुण कुमार पर्यवेक्षक अतुल कुमार सोपान सिंह, मदन सिंह, फर्दीनांद लकड़ा पवन यादव, रंथू उरांव, इकबाल अंसारी, संगीता कुमारी रेणु देवी सुनीता देवी कालिंदी कुमारी कुंती कुमारी, ज्ञान प्रभा मिंज, मीना देवी, गायत्री देवी, रवि कुमार, शुशील तिवारी, ऋचा कुमारी, विनिल कुजुर अमरेंद्र प्रजापति, प्रकाश सिंह बलराम कुमार, सावित्री देवी, मनोरमा देवी सविता देवी निरंजन कुमार निर्मल यादव वीरेंद्र यादव आदि उपस्थित थे।

# एक दिवसीय जलसा व दस्तारबंदी सम्पन्न





**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिमरिया :** प्रखण्ड क्षेत्र के कसारी पंचायत अंतर्गत लोहसिंगना गाँव में एक दिवसीय जलसा व दस्तारबंदी का आयोजन किया गया। आयोजन में क्षेत्र के हजारों पुरुष महिला शामिल थे। सम्मेलन में अन्तर्राजिय महशूर धर्म वक्ता हजरत वेबाक, मुफ्ती इमरान गंगुही, हदीस के जानकार प्रोफेसर साहिब कासमी व दारुल उलूम वक्फ के नायब मुफ्ती, हजरत मौलाना मुफ्ती मुस्तकीम कासमी, मौलाना मुफ़्ती इदरिस, मौलाना मुफ्ती मन्नान मुंबई, मौलाना मुहम्मद साहिब कासमी, सबान दिलखैरा वादी यूपी, फारूक दिलकश मऊ के अलावे हिंदी, इंग्लिश, संस्कृत अरबी, उर्दू जुबान के धर्म ज्ञाता एवं क्षेत्र के सैकड़ों आलिम ओलमा शामिल थे। जिसकी सदारत हजरत मौलाना मुफ़्ती नजर तौहीद अल मजाहरी चतरा ने किया। जलसा में जिले से लेकर प्रखण्ड के हजारों मुस्लिम धर्मावलम्बी के अलावे सभी समाज के जनप्रतिनिधि शामिल थे। जलसा को सफल बनाने के लिए ड्रोन कैमरा से निगरानी की जा रही थी साथ हीं अत्यधिक भीड़ को देखते हुए जगह जगह स्क्रीन टीवी लगाया गया था। मौके पर मनोज चन्द्रा, जीप सदस्य देवनंदन साहू प्रमुख रोहन साहू, उगन भुइंया, कृष्णा साहू के अलावे हजारों मुस्लिम समुदाय के महिला पुरुष व बच्चे शामिल थे।

# परिवार नियोजन जागरूकता बैठक का आयोजन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लातेहार :** प्रखंड के अन्तर्गत मोंगर सामपंचायत के घुतुआ गांव में पिरामल स्वास्थ्य के द्वारा पंचायत बैठक और परिवार नियोजन पर सामुदायिक जागरूकता बैठक का अयोजन किया गया। जिसमे गांधी फैलो सृजनि चक्रवर्ती के द्वारा सभी लोगो को परिवार नियोजन के बारे में जानकारी दिया गया। इसमें पहले जिला स्तर के फैमिली प्लानिंग काउंसलर डॉक्टर आभा मिश्र एबंग सेक्शुअली ट्रांसमिटेड इंफेक्शन के काउंसलर अंजना कुमारी रजक के माध्यम से परिवार नियोजन के माध्यम, उसका जरूरत अंग उसके साथ साथ किशोर किशोरीके स्वास्थ्य के बेरेमैं बोहोत सारे जानकारी दिया गया हैं। सामुद्रायिक स्वास्थ्य केंद्र के द्वारा गांवों एएनएम शोबावती देवी, संगीता देवी, एमपीडब्ल्यू सरबसरी पांडे के माध्यम से परिवार कल्याण दिवस में परफॉर्मेंस के हिसाब से 6 योग दंपति को उपहार दिया गया। साथ ही साथ सास बहू पति सम्मेलन के लिए चुना गया गर्भवती एबंग धात्री महिलाओं को तौलिया वितरण किया गया। राष्ट्रीय टीकाकरण दिवस होनी के कारण लेडी सुपरवाइजर लीलावती देवी के द्वारा टिकाकारण के बेरेमैं भी चर्चा किया गया साथ ही साथ टीकाकरण भी किया गया। इस कार्यक्रम में जिलास्तर से जिला प्रोग्राम लीड पवन मिश्रा, हेल्थ डीपीसी आशीष दिन, आयुष्मान भारत के डीपीसी छ्ह्न. रूद्रदेव बर्मन मुखिया अतिथिके रूप में सामिल थे। इसकैन अलावा एसटीटी बंधु उरांव, बीटीटी उमानाथ सिंग, गांव के मुखिया रमली देवी, वर्ड मेंबर सभी लोगोके उपस्थिति में कार्यक्रमको बोहोत जेयादा सफलता प्राप्त हुआ। गांवके युवा एबंग युवती के द्वारा उपस्थित अतिथियों के लिए गुलदस्ता बनाके भी दिया गया।

## घर का ताला तोड़ कर किया चोरी

**बारियातू (प्रभात मंत्र संवाददाता):** बारियातू थाना क्षेत्र के फुलसु पंचायत के मतकोमा गांव निवासी संजय पाहन पिता स्व पाहन के घर में अज्ञात चोरों ने, घर का ताला तोड़ कर घर के बक्से में रखे ,बीस हजार रूपए चोरी करके फरार हो गए। उक्त संबंध में पिड़ित परिवार ने जानकारी देते हुए कहा कि -हम सभी परिवार के सदस्य घर में ताला लगाकर महुआ चुनने गए हुए थे। तथा उपस्थित ग्रामीणों ने बताया कि- लगभग ग्यारह बजे दिन में तीन लोग केटीएम बाईक पर सवार होकर आए थे। इस संबंध में पिड़ित परिवार के लिखित शिकायत बारियातू थाना में दे दी गई है।

## बारियातू में शांतिपुर्ण ठंग से संपन्न हुई मैट्रिक की परीक्षा

**बारियातू (प्रभात मंत्र संवाददाता):** बारियातू प्रखण्ड अन्तर्गत झारखंड अधिविध परिषद द्वारा आयोजित मैट्रिक परीक्षा केंद्र परियोजना प्लस टू उच्च विद्यालय, बारियातू में शांति पुर्ण ठंग से उर्दू भाषा की परीक्षा संपन्न हुई। परिक्षा केन्द्र टोटी रोल कोड 33067 से सभी विद्यार्थी उपस्थित थे। गोनियां रोल कोड 33051 में सभी 16 विद्यार्थी उपस्थित रहे। इधर 17 मार्च को हुई उरांव भाषा की परीक्षा में गोनियां परिक्षा केन्द्र में 18 में से 16 तथा टोटी परिक्षा केन्द्र में 23 में से 22 परिक्षार्थी उपस्थित रहे। कुल 41 में 39 परीक्षार्थी ही परीक्षा में सामिल हुए।

# जेसीबी मशीन से निर्माण कार्य पर नाराज मजदूरों ने लगाई रोक



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बरवाडीह :** बरवाडीह प्रखंड अंतर्गत ग्राम पंचायत छेंचा के होरिलौंग में जल जीवन मिशन के तहत हर घर जल नल कनेक्शन को लेकर जेसीबी मशीन से हो रहे निर्माण कार्य पर ग्रामीण तथा मजदूरों ने रोक लगाई है। मजदूर संतोष सिंह, जितेंद्र सिंह अशोक कोरबा अर्जुन राम, सुदर्शन राम किरण देवी पार्वती देवी जगनारायण सिंह बबीता देवी फूलवती देवी अंजू देवी मोहन भुइंया त्रिवेणी कोरवा, वृक्ष सिंह, सत्येंद्र कुमार सिंह विनोद राम अनीता देवी पैरवा देवी समेत दर्जनों मजदूरों ने बताया कि हम बेरोजगार हैं कहीं कोई काम नहीं है मनरेगा काम भी ठप पड़ गया है हमारे कई लोग पलायन कर गए हैं हमें रोजगार चाहिए हम काम करना चाहते हैं। वही इस संबंध में पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि कामाख्या सिंह ने बताया कि हमने संबंधित कनीय अभियंता से दूरभाष पर बात की तो उन्होंने अभद्र व्यवहार किया कहा कि काम तुम रोके हो। तुम्हारा नहीं चलेगा। हम जेसीबी मशीन से काम करेंगे कोई हमारा कुछ बिगाड़ नहीं लेगा। वही ग्रामीण तथा मजदूरों ने जिले के उपायुक्त भोर सिंह यादव से मशीन से हो रहे निर्माण पर रोक लगाने और हम मजदूरों द्वारा निर्माण कार्य कराने की बिनती की है।

# चेंबर ऑफ कॉमर्स लातेहार इकाई की हुई बैठक



**संजय प्रजापति @ लातेहार**

**लातेहार :** लातेहार प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत माको डाक बंगला में शुक्रवार की शाम चेंबर ऑफ कॉमर्स लातेहार इकाई की बैठक की गई। सुशील अग्रवाल की अध्यक्षता में बैठक संपन्न हुई। बैठक मे सर्वसम्मति से विभिन्न निर्णय लिए गए।जिसमे सदन के द्वारा लातेहार चेंबर ऑफ कॉमर्स की नियमावली को चर्चा उपरांत मंजूर किया गया। सदस्यता शुल्क पर चर्चा उपरांत मंजूर किया गया।एवं लातेहार में किसी भी बैंक में चेंबर का खाता खोलने पर विचार किया गया। बैठक में उपस्थित सचिव रामनाथ अग्रवाल, कोषाध्यक्ष निर्मल महलाका, उपध्यक्ष गजेंद्र प्रसाद शाउंडिक, कानूनी सलाहकार अधिवक्ता राजीव रंजन पांडेय, प्रवक्ता निर्दोष गुप्ता, बसंत प्रसाद, सुनील प्रसाद शौंडीक, राजबल्लभ प्रसाद, दिनेश महल्का, पवन कुमार, विष्णूदेव गुप्ता, सत्रुधन प्रसाद, उमाकांत प्रसाद, बिपिन प्रसाद समेत अन्य लोग मौजूद थे।

## वायु सैनिक वसंत कुमार के द्वारा टंडवा मे किया गया मैराथन दौड़ का सफल आयोजन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**टंडवा :** प्रखंड के वायुसेना में कार्यरत सैनिक बसंत कुमार के द्वारा शनिवार को 2.5 किलोमीटर मैराथन दौड़ का आयोजन किया गया।दौड़ की शुरुआत राष्ट्गान और भारत माता की जय,बंदे मातरम के उदघोष के साथ किया गया। ये आयोजन स्वास्थ्य के प्रति लोगों को जागरूक करने के साथ ही युवाओं मे देश भक्ति की भावना भरने के लिए किया गया। यह दौड़ वनांचल कॉलेज टंडवा से शुरू होकर डीएवी स्कूल के रास्ते टंडवा थाना होते हुए नीम चौक और बाजार टांड, बैंक ऑफ इंडिया से अंबेडकर चौक होते हुए हाई स्कूल मैदान में समाप्त हुआ। इस दौड़ मे सीआरपीएफ के अधिकारी व जवान, सीआईएसएफ के अधिकारी व जवान, दनानदं पब्लिक स्कूल के बच्चे, दिल्ली पब्लिक स्कूल के बच्चे, बिरसा मुंडा फाउंडेशन मिश्रोल के बच्चे और बच्चियां, बनांचल कॉलेज के बच्चे तथा टंडवा प्रखंड के सैकड़ों बच्चों ने भाग लिया। इस मैराथन दौड़ में प्रथम पांच विजेता संतोष कुमार, महेश गंझू, कमल कुमार, दिनेश कुमार और विनय कुमार को शील्ड देकर पुरस्कृत किया गया। साथ ही सीआरपीएफ टीम और सीआईएसएफ के टीम को भी सील्ड देकर सम्मानित किया गया। बाकी सभी प्रतिभागियों को मेडल और कलम पुरस्कार में देकर सम्मानित किया गया। इस कार्यक्रम मे पुर्व सैनिक वेलफेयर ट्रस्ट एसोसिएशन झारखंड के सदस्यों ने भी हिस्सा लिया।

## प्रभात मंत्र में छपी खबर का असर, रेस हुआ शिक्षा विभाग

**महुआडांड़ (प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड अंतर्गत दिन शनिवार को खबर छपी कि आसुविधाओं के बीच परीक्षा दे रहे है छात्राएं। इस खबर को अच्छे ढंग से बनाया गया एवम् प्रभात मंत्र अखबार में 18/3/23 को लातेहार पेज में प्रकाशित हुआ एवम् जैसे ही खबर शिक्षा विभाग पर आई खबर का हुआ असर परीक्षा केंद्र में बिजली की व्यवस्था की गई जिससे छात्रों में खुशी के माहौल देखी गई। एवं सभी छात्राएं ने धन्यवाद दिए। जो इंटर की परीक्षा प्रोजेक्ट उच्च विद्यालय में चल रहा था जिसे की वहां पर बिजली की व्यवस्था नहीं थी खबर छपने के बाद शिक्षा विभाग खबर में संज्ञान लेते हुए बिजली कि समस्या दूर कर दी।

## डायन भूत के आरोप में महिला की जलाकर हत्या, दो पर मामला दर्ज

**कुन्दा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** कुन्दा थाना क्षेत्र के एकता में डायन भूत पिशाच को लेकर महिला की जलाकर हत्या कर दी गई। सूचना के बाद कुन्दा थाना पुलिस ने घटनास्थल स्थल पर पहुँच कर मलुगढ़ा जंगल से अधजला शव बरामद कर पोस्टमार्टम के लिए चतरा भेज दिया है।परिजनों ने हत्या का आरोप लगाते हुए थाने में तहरीर दी है। पुलिस ने आवेदन के आधार पर दो के खिलाफ मामला दर्ज की है।थाना क्षेत्र के ग्राम एकता निवासी कोइली भारती की 70 वर्षीय पत्नी को गुरुवार की शाम को जलाकर हत्या कर दी।वही रात में परिजनों को जानकारी मिला तो महिला जली हुई थी,उधर एकता के ग्रामीणों ने बताया की डायन भूत पिसाच को लेकर अक्सर झगड़ा झँझट होता रहता था।पूर्व में डायन बिसाही के आरोप में इस पर पंचायती भी हो चुकी है।वही थाना प्रभारी परमानन्द मेहरा ने बताया की डायन भूत को लेकर हत्या हुवी है परिजनों के आवेदन के आधार पर जाँच पड़ताल कर दो लोगो के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर कार्रवाई की जा रही है।

# समेकित बाल संरक्षण योजना के तहत तीन दिवसीय प्रशिक्षण सह जागरुकता कार्यक्रम का आयोजन

**➲परिवार में ही बच्चों को संरक्षित करने के उद्देश्य से स्पॉन्सरशिप योजना, फोस्टर केयर योजना तथा दत्तक ग्रहण योजना : अरुणा प्रसाद**



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चतरा :** समेकित बाल संरक्षण योजना के तहत बाल संरक्षण के विभिन्न मुद्दे बाल श्रम, बाल विवाह, बाल यौन शोषण, बाल व्यापार तथा अनाथ बेसहारा बच्चों की देखभाल एवं संरक्षण हेतु पंचायती राज संस्थान के सदस्यों की भूमिका की जानकारी देने के उद्देश्य से उपायुक्त अबू इमरान के निर्देश पर तीन दिवसीय प्रशिक्षण सह जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम 11 मार्च से शुरू हुआ। चतरा प्रखण्ड सभागार में 11 मार्च को, टण्डवा प्रखण्ड मुख्यालय में 14 मार्च को जबकि कुन्दा प्रखण्ड में मुख्यालय में 16 मार्च को आयोजित किया गया। जिला बाल संरक्षण पदाधिकारी अरूणा प्रसाद ने बताया कि इस योजना को लागू करने का उद्देश्य तथा इसकी संरचना की जानकारी दी गई है। योजना के तहत बाल हित के सिद्धांत को बताते हुए परिवार में ही बच्चों को संरक्षित करने के उद्देश्य से संचालित तीन योजना स्पॉन्सरशिप योजना, फोस्टर केयर योजना तथा दत्तक ग्रहण योजना के बारे में बताया गया। साथ ही बताया गया कि जिला में जिला बाल संरक्षण समिति द्वारा सभी प्रखण्ड में प्रखंड स्तरीय बाल संरक्षण समिति तथा ग्राम में ग्राम बाल संरक्षण समिति का गठन किया गया है। ग्राम बाल संरक्षण समिति के अध्यक्ष संबंधित वार्ड के वार्ड सदस्य होते है। जबकि प्रखण्ड स्तर पर बाल संरक्षण समिति के अध्यक्ष प्रखण्ड के प्रमुख होते है जिन्हे क्रमशः मासिक एवं त्रैमासिक स्तर पर बैठक कर बाल संरक्षण के मुद्दों पर बातचीत चर्चा कर समाधान करना तथा उस क्षेत्र में बाल विवाह, बाल मजदूरी, बाल यौन शोषण एवं बाल व्यापर को रोकने की जिम्मेदारी होती है। जरूरतमंद बालकों और बालिकाओं को इस योजना से लाभ दिलाने हेतु उच्च स्तर पर मामले को अग्रसारित किया जाना है। ऐसी समस्या आने पर संबंधित थाना के बाल कल्याण पुलिस पदाधिकारी जो योजना के तहत डीएसपी (मुख्यालय) द्वारा नामित है को सूचित करे या 1098 टौल फी चाइल्ड लाइन नंबर पर कॉल कर सकते हैं। 18 वर्ष से वैसे कम उम्र के बच्चे जो कानूनी फन्दा में फंस गये है या जरूरतमंद या देखभाल की आवश्यकता रखते है,उसके संरक्षण हेतु किशोर न्याय अधिनियम 2000 के तहत इस योजना की शुरूआत की गई है। यह केन्द्र प्रायोजित योजना है जो पूरे देश भर में लागू है। सभी कार्यक्रम में संबंधित प्रखण्ड के सभी वार्ड सदस्य, मुखिया, प्रमुख, पंचायत समिति सदस्य एवं प्रखण्ड विकास पदाधिकारी, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी, जिला बाल संरक्षण इकाई के सहायक एवं अन्य सहयोगी गण मुख्य रूप से शामिल हुए।

## रामनवमी पर्व पर गंगा-जमुनी तहजीब का मिशाल पेश करेगा लावालौंग का रामनवमी



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लावालौंग :** थाना परिसर में रामनवमी को लेकर शांति समिति की बैठक हुई। बैठक की अध्यक्षता प्रखण्ड विकास पदाधिकारी सह अंचलाधिकारी अमित कुमार ने की। मौके पर पुलिस इंस्पेक्टर केपी चौधरी तथा थाना प्रभारी बमबम कुमार समेत विभिन्न राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि, पूजा समिती व अखाड़ों के प्रतिनिधि मौजूद थे। बैठक में अधिकारियों ने पूजा समितियों, अखाड़ों के प्रतिनिधियों और प्रबुद्धजनों से रामनवमी पूजा के दौरान गंगा-जमुनी तहजीब की मिशाल पेश करने की अपील की। साथ ही आपसी सौहार्द के साथ पूजा व पर्व मनाने की अपील की। इंस्पेक्टर चौधरी ने पूजा समितियों को सदस्यों के नाम, पता व मोबाईल नंबर उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। इसके अलावा झांकी निकालने पूर्व प्रशासन को सूचित करने की भी बात कही। साथ ही साथ अधिकारियों ने कहा कि राज्य सरकार के निर्देश के अनुसार जुलूस के दौरान डीजे पूरी तरह प्रतिबंधित रहेगा। इतना ही नहीं जुलूस में अश्लील व भड़काऊ गाना बजाने पर भी पूरी तरह रोक रहेगा। मौके पर उपस्थित प्रबुद्धजनों, पूजा समितियों और अखाड़ों के प्रतिनिधियों ने भी पूजा के दौरान चप्पे-चप्पे पर सुरक्षा व्यवस्था चाक-चौबंद रखने की अपील की।

## वन विभाग की टीम ने आम्रपाली का किया निरीक्षण, सेफ्टी जोन व गार्डवाल निर्माण संबंधी की गई जांच



**टंडवा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** अम्रपाली कोल परियोजना के वन भूमि पर आम्रपाली प्रबंधन द्वारा कोयला उत्पादन करने की तैयारी का भनक लगते ही वन विभाग के डीडीजी, एआईजी रेंक के अधिकारियों ने अम्रपाली वन भूमि का निरीक्षण कर जांच किया। बताया गया कि माइंस के सेफ्टी जोन और बने गार्डवाल में सीसीएल द्वारा मनमानी बरतने को लेकर उन्हे फटकार लगाया। आगे उन्होंने कहा कि अगर निर्माण को तोड़ कर माइनिंग आगे भी करना है तो बीच में करोड़ों रुपया क्यों बर्बाद किया गया, इसका कोई औचित्य नहीं था। अम्रपाली कोल परियोजना के वन भूमि पर उत्खनन कार्य करने के लिए वन विभाग को दिया गया जानकारी गलत है। प्रबंधन द्वारा समर्पित रिपोर्ट पर जांच में अंतर होने से पर्यावरण को भारी नुकसान होने की आशंका होने की बात कही गई। टीम ने वन विभाग और सीसीएल को कई दिशा निर्देश दिया है। मामले को लेकर सीसीएल से पूरी जांच रिपोर्ट जानने के प्रयास किया गया। पर प्रबंधन पूरी बात बताने में अशमर्थ रहा।

## संक्षिप्त खबरें

### नाबालिग युवती के साथ शारीरिक शोषण करने के आरोप में बड़कागांव थाने में मामला दर्ज

**बड़कागांव (प्रभात मंत्र संवाददाता):** 17 वर्षीय नाबालिग युवती ने शादी का प्रलोभन देकर एक वर्ष से शारीरिक शोषण करने के आरोप में 19 वर्षीय युवक सहित पिता, माता, भाई एवं चाचा को अभियुक्त बनाते हुए बड़कागांव थाना में मामला दर्ज कराया है। मामला बड़कागांव थाना क्षेत्र के तलसवार गांव का है। नाबालिग युवती के लिखित आवेदन पर बड़कागांव थाना कांड संख्या 96/ 23 धारा 341, 323, 376, 504, 506, 34 भादवी एवं 4 पोक्सो एक्ट के तहत अभिषेक कुमार, पिता बुलक महतो, मां, भाई, एवं चाचा बुधन महतो के ऊपर मामला दर्ज किया गया है। दर्ज मामले में युवती द्वारा आरोप लगाया है कि विगत एक वर्ष से युवक शादी का प्रलोभन देकर मेरे साथ शारीरिक शोषण किया। जब मैं शादी का प्रस्ताव रखी तो कई माह तक टालमटोल करने के बाद शादी से इंकार कर दिया। जब इस बात को युवक के परिजनों तक ले जाया गया तो सभी मुझे मारपीट कर जान से मारने की धमकी देने लगे। बड़कागांव पुलिस ने मामला दर्ज करते हुए पीड़ित नाबालिक युवती को मेडिकल जांच एवं धारा 164 के तहत बयान के लिए हजारीबाग न्यायालय भेज दिया है।

### हिन्दू नववर्ष को मनाने के लिए राष्ट्रीय सवर्ण सेना युवा शक्ति ने की बैठक

**विष्णुगढ़ (प्रभात मंत्र संवाददाता):** राष्ट्रीय सवर्ण सेना युवा शक्ति कि ओर से हिन्दू नववर्ष 2080 महापर्व मनाने कि तैयारी हो चुकी है दिनांक-19/03/2023/को सनातन संदेश दुर्गेश पांडेय विष्णुगढ़ प्रखंड अध्यक्ष के अध्यक्षता में बिष्णुगढ राम मंदिर में समय 10ः00बजे दिन से हिंदू नववर्ष पर्व मनाया जायेगा जिसमें मुख्य रूप से राष्ट्रीय अध्यक्ष उमाशंकर शास्त्री उर्फ टाइगर रंजीत, राष्ट्रीय महासचिव मिथिलेश कुमार पांडेय, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष अवध पाण्डेय, प्रदेश अध्यक्ष नरेन्द्र प्रताप सिंह, प्रदेश उपाध्यक्ष आचार्य दिवाकर पांडेय बोकारो जिला अध्यक्ष अमित शर्मा नावाडीह प्रखंड समिति के नवनिर्वाचित अध्यक्ष पदाधिकारी गण प्रदेश संगठन मंत्री ओम प्रकाश वेध उपस्थित रहेंगे कार्यक्रम कि शुरुवात पुजा हवन आरती ध्वजारोहण पुष्पांजली आरती शस्त्र पूजा शास्त्र पूजा प्रसाद वितरण भाषण एवं दिनांक 22 03 2023 को हिन्दू नव वर्ष के उपलक्ष्य में गीले शिकवे मिटाकर एक दूसरे को मिठाई खिलाकर हिन्दू नव वर्ष का स्वागत , अभिवादन , शुभकामनाएं दे एवम् अपने अपने घरों में भगवा ध्वजारोहण किया जाना है अपने अपने घरों में शस्त्र पूजा , शास्त्र पूजा एवं संध्या में अपने घरों में पांच दिया जलाने का संदेश देना है ताकि अब 1 जनवरी नया कलेंडर के दिन हम नया साल नहीं मनाएंगे संकल्प लिया जाएगा

### नंदकिशोर बेदिया का नागरिक अभिनंदन किया गया

**रामगढ़ (प्रभात मंत्र संवाददाता):** सेल रिफैक्ट्रीज यूनिट इफिको मरार में नंदकिशोर बेदिया को नागरिक अभिनंदन किया गया। नंदकिशोर बेदिया को विगत दिनों अखिल भारतीय असंगठित कामगार एवं कर्मचारी कांग्रेस (च्चयष्ट) का रामगढ़ जिला अध्यक्ष केंद्रीय अध्यक्ष उदित राज द्वारा नियुक्त किया गया । जिसका इफिको मरार के कामगार यूनियन द्वारा हर्ष व्यक्त किया गया। कांग्रेस पार्टी के इंटक सचिव के डी मिश्रा के नेतृत्व में माला पहना कर नंदकिशोर बेदिया का स्वागत किया गया जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में कांग्रेस पार्टी के प्रदेश सचिव सी पी संतन उपस्थित हुए जिसमें सीपी संतन ने कहा कि केंद्रीय नेतृत्व ने नंदकिशोर बेदिया पर जो भरोसा करके बड़ी जिम्मेदारी दिया गया है उसे वह पूरी इमानदारी से निर्वहन करेंगे और असंगठित कामगार और कर्मचारि कांग्रेस को जन जन तक पहुंचाएंगे ।

## कॉलेज की लापरवाही से छात्र-छात्राएं परेशान

**आशीष कृष्णन @ प्रभात मंत्र**

**हजारीबाग :** मार्खम कॉलेज ऑफ कॉमर्स की लापरवाही के चर्चे बड़े जोर शोर से हो रहे हैं। मीडिया में भी कॉलेज सुर्खियों में हैं। ऐसे समय में कॉलेज प्रबंधन की एक और लापरवाही सामने आई है। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार कॉलेज ने माइनरिटी स्कालर्शिप पोर्टल पर अपने कॉलेज के विद्यार्थियों को वेरिफाइ नहीं किया है जिसकी वजह से सारे छात्र-छात्राओं के आवेदन रद्द कर दिए गए हैं। चूंकि पहले बोनाफाइड ले चुके विद्यार्थियों को कॉलेज प्रबंधन दोबारा बोनाफाइड उपलब्ध नहीं करवा रहा, इस वजह से वैसे छात्र छात्राएं अब ई कल्याण स्कालरशीप भी नहीं भर पा रहे। इसका सीधा असर सैंकड़ों विद्यार्थियों के अभिभावकों की जेब पर पड़ेगा। इस महाविद्यालय में पढ़ रहे ज्यादातर विद्यार्थी नीचे वर्ग से आते हैं। ऐसे में कॉलेज प्रबंधन की इतनी बड़ी लापरवाही कहीं से भी जायज नहीं है। ऐसे मे अब देखना है विनोबा भावे विश्वविद्यालय क्या कार्रवाइ करता है क्यूंकी मार्खम कॉलेज की लापरवाही कम होने का नाम नहीं ले रहा।

**छात्रा का छलका दर्द**

नाम न छापने की शर्त पर स्नातक, राजनीतिक विज्ञान की छात्रा बताती हैं कि वो बहुत गरीब वर्ग से आती है। किसी तरह बस से रोज कॉलेज आकर पढ़ाई पूरी कर रही है। स्कालरशीप मिल जाने से थोड़ी सी राहत मिल जाती थी, परंतु कॉलेज की लापरवाही के कारण आवेदन करना बर्बाद हो गया। आवेदन करते समय साइबर कैफै वाले ने 200 रुपया लिया था जो अब बर्बाद हो चुका है। मेरे लिए वो 200 भी बहुत था, जो कुर्सी पर बैठ कर 25000-50000 रुपये कमाने वाले लोग नहीं समझेंगे। यह कहते हुए छात्रा का गल भर आया, आँखों मे आँसू आ गए।

## जीएम ऑफिस में बैकवर्ड क्लास कोल एम्पलाई वेलफेयर एसोसिएशन हुआ गठन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिरका :** अरगड्डा के जीएम ऑफिस सभागार में शनिवार को बैकवर्ड क्लास (ओबीसी) कोल एम्पलाई वेलफेयर एसोसिएशन की बैठक आयोजित हुई। इसकी अगुवाई कुंजलाल प्रजापति ने किया। बैठक में एसोसिएशन के अरगड्डा क्षेत्र का गठन किया गया। इसमें प्रभारी कुंजलाल प्रजापति, कार्यकारी अध्यक्ष अरविंद कुमार सोनी, अध्यक्ष योगेश्वर गोप, उपाध्यक्ष, कमलेश कुमार, उपाध्यक्ष, बिरजू महतो, कामता सिंह बटवार, मितेश कुमार, शंभू नाथ महतो, अताउल रहमान सचिव तिरवैनी चंद्र दास, सह सचिव अजीत मेहता, विष्णु देव यादव, कृष्णा चौहान, विजय प्रसाद, संगठन मंत्री विजय विश्वकर्मा, सह संगठन मंत्री अखिलेश कुमार, कोषाध्यक्ष, रामजी प्रसाद राम, सह कोषाध्यक्ष दुर्गा चरण महतो आदि शामिल हैं। कार्यकारणी में संजय कुमार, हलू अहमद, राजेश चौधरी संतोष कुमार, अर्जुन प्रजापति, नितेश प्रजापति, राजेंद्र महतो, बिगन महतो, महानंद महतो, शंभू नाथ महतो, विकास कुमार, विजय प्रसाद, आरपी राणा, मो. सहवान अली, हरिहर कावार, मो. समीर अंसारी हैं। मौके पर कई उपस्थित थे।

## आय, आवासीय, जाति प्रमाणपत्र निर्गत होने में विलंब होने से छात्र व अभिभावक परेशान




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बरकट्ठा :** प्रखंड सह अंचल कार्यालय बरकट्ठा से ऑनलाइन जाति,आय, आवासीय प्रमाणपत्र के आवेदन पत्र प्रज्ञा केंद्र से ऑनलाइन करनें के दो माह बाद भी निर्गत नहीं होने से छात्र-छात्राओं के साथ-साथ अभिभावकों में भी काफी रोष व्यापत है। प्रमाणपत्र के लिए छात्र-छात्राएं अंचल सह प्रखंड कार्यालय का चक्कर लगा रहे हैं।लेकिन इन पढने वालें बच्चों के परेशानियों पर कोई भी दिलचस्पी नहीं दिखा रहे हैं।इस वजह से प्रखंड क्षेत्र के सैकड़ों बच्चे मेधा,छात्रवृत्ति से वंचित हो जाएंगे।कर्मचारी से पदाधिकारी तक के उदासीन रवैये के कारण छात्रों समेत अभिभावकों में रोष है।इस संदर्भ में अंचलाधिकारी श्री कांत लाल मांझी से संपर्क करने पर बताया कि हल्का 01,02,03 का प्रमाणपत्र लॉगिन से निर्गत किया जा रहा है परतुं हल्का 04,05,06 में परेशानी हो रहा है और इसका मुख्य कारण यह है कि राजस्व कर्मचारी बीमार हैं। जिनका(डाइलिसिस)ईलाज रांची में हो रहा है।जिससे परेशानी हो रही है।इधर बताया जाता है कि छात्रवृत्ति आवेदन की तिथि समाप्त होते देख छात्रों में गहरा रोष पनप सकता है।कई अभिभावकों ने बताया कि जाति,आय, आवासीय प्रमाणपत्र के लिए आवेदन ऑनलाइन के दो माह हो गए हैं। इसके बावजूद नहीं बन पाया है।अभिभावकों के मुताबिक निरंकुश हो चुके कर्मचारी अग अगला लेकर पदाधिकारी पर अंकुश लगाने और सही समय पर कार्य हो इस समस्या पर बरकट्ठा दक्षिणी जिप प्रतिनिधि चंद्रकांत पाण्डेय से संपर्क करनें पर बताया कि उपायुक्त महोदय हजारीबाग को बरकट्ठा प्रखंड क्षेत्र के बच्चों का प्रमाणपत्र जारी करने में विलंब होने की समस्या से अवगत करवाया हूँ।जिसपर उपायुक्त महोदय से आश्वासन मिला है कि जल्द ही इस समस्या का निराकरण किया जायेगा।

## बड़कागांव वन विभाग ने अवैध कोयला लदे पिकअप व दो ट्रैक्टर को किया जब्त

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बड़कागांव :** हजारीबाग पश्चिमी वन प्रमंडल के द्वारा बड़कागांव वन क्षेत्र से हो रहे अवैध कोयला कारोबार की गुप्त सूचना मिलने पर हजारीबाग सहायक वन संरक्षक अविनाश कुमार परमार तथा बड़कागांव रेंजर अखिलेश सिंह के निर्देशानुसार बड़कागांव फॉरेस्टर रामचंद्र प्रसाद के नेतृत्व में वन विभाग बड़कागांव की टीम ने अवैध कोयला लदा एक पिकअप व दो ट्रैक्टर को पकड़कर बड़कागांव रेंज ऑफ़िस लाया।



पिकअप गाड़ी केरेडारी प्रखंड अंतर्गत कोले जंगल से जप्त किया गया है। गाड़ी मालिक सह चालक को पकड़कर जेल भेजा गया। वहीं राउतपारा जंगल से अवैध कोयला लदे दो ट्रैक्टर को जब्त किया गया। रात के अंधेरे का लाभ उठा कर ट्रैक्टर के चालक और उपचालक भागने में सफल रहे। दोनों मामलों में कुल 7 लोगों को नामजद तथा अन्य को अज्ञात अभियुक्त बनाया गया है।

फॉरेस्टर रामचंद्र प्रसाद ने कहा कि अधिसूचित वनक्षेत्र से अवैध कोयला कारोबार के विरुद्ध निरंतर छापेमारी जारी रहेगी। सहायक वन संरक्षक एके परमार ने कहा के अवैध कोयला कारोबार के रोकथाम को लेकर लगातार करवाई की जाएगी। छापेमारी दल में मुख्य रूप से वनरक्षी भोला साहू,केशव महतो, चंदन सिंह, अजय यादव, अशोक कुमार आदि शामिल थें।

### ट्रक और मोटरसाइकिल की भिड़ंत

**विष्णुगढ़ ।** गोमिया रोड स्थित ग्राम बनासो के आगे कोनार होटल के पास ट्रक संख्या जेएच09एक्स 7140 एवं मोटरसाइकिल, रजिस्ट्रेशन नंबर जेएच09ए एल-7262 के बीच टक्कर होने से बैठे बुद्धन कमार ग्राम-नागी का घटनास्थल पर ही मृत्यु हो गई एवं उनके दामाद सुधीर करमाली गंभीर रूप से जख्मी है । जिन्हें इलाज हेतु सदर अस्पताल हजारीबाग ले जाया गया है । इस संबंध में विष्णुगढ़ थाना कांड संख्या 61/ 23 दिनांक 18.3.2023 धारा 279/ 304ड्ड/338 भाश्वि दर्ज की गई है शव को पोस्टमार्टम हेतु हजारीबाग भेज दिया गया।

## पूर्व मंत्री योगेंद्र साव ने कांग्रेस पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष मलिकार्जुन खड़गे से दिल्ली में की मुलाकात

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बड़कागांव :** झारखंड के पूर्व कृषि मंत्री एवं कांग्रेस नेता योगेंद्र साव ने कॉन्ग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मलिकार्जुन खड़गे से नई दिल्ली राजाजी मार्ग 10 नंबर स्थित आवास में मुलाकात की। इस मौके पर पूर्व मंत्री ने राष्ट्रीय अध्यक्ष को बुके देकर अभिनंदन किया। पूर्व मंत्री की यह शिष्टाचार मुलाकात थी एवं इस दौरान झारखंड की वर्तमान राजनीतिक हालात पर विस्तृत चर्चा हुई। पूर्व मंत्री का राष्ट्रीय अध्यक्ष के



साथ रामगढ़ उपचुनाव से संबंधित मसले पर भी चर्चा व राज्य में कांग्रेस पार्टी को मजबूती प्रदान करने के संबंध में आवश्यक कदम उठाने का भी विचार विमर्श हुआ। विश्वस्त सूत्रों के अनुसार राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मंत्री योगेंद्र साव के साथ काफी देर तक बातचीत हुई।

## जिप सदस्या प्रीति गुप्ता ने बरही एसडीओ को दिया आवेदन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बरही :** एनएच 31 के सड़क निर्माण के दौरान सड़क के दोनो ओर नाली निर्माण किया जाना तय किया गया है। नाली के जल निकास व बर्षा के पानी के निकास एवं समुचित जल प्रबंधन को लेकर बरही पश्चिमी के जिला परिषद सदस्या प्रीति कुमारी ने बरही अनुमंडल पदाधिकारी को एक लिखित आवेदन दिया। आवेदन के माध्यम से उन्होंने बताया कि नाली के जल का निकास सिंचाई विभाग के द्वारा जरहिया डैम से कोयली ग्राम तक निर्मित नहर में किया जाना है। उक्त नहर के चौड़ीकरण एवं गहरीकरण के साथ साथ एन एच 31 में तिलैया रोड नहर से 500 मीटर पश्चिम में स्थित तिलैया अहरी में जल संग्रहण के समुचित प्रबंधन की मांग की है। उन्होंने कहा कि यदि आज हम सब प्रशासन के सहयोग से इस मुद्दे पर काम करते हैं तो आने वाला समय में बरही की जनता सुख शांति से रह पाएगी अन्यथा समुचित जल प्रबंधन के अभाव में आधी आबादी काल के गाल में चले जाने की संभावना है। अनुमंडल पदाधिकारी ने भी इस मामले को हल करने का हर संभव प्रयास करने का भरोसा दिलाया। कहा कि निश्चित रूप से आपके द्वारा बताई गई समस्या को हल करने की पूरी कोशिश हमारी ओर से की जाएगी।आवेदन देने वालों में जिला परिषद सदस्या प्रीति कुमारी के अलावा विहिप जिला सह मंत्री सह सामाजिक कार्यकर्ता गुरुदेव गुप्ता एवं मिथिलेश कुमार उपस्थित थे।

## रामनवमी के मद्देनजर सेवा प्रदाता विभागो के साथ उपायुक्त ने की मंत्रणा, आपसी समन्वय का दिया निर्देश

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग :** रामनवमी पर्व के दौरान सुचारू व्यवस्था के निमित्त उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी नैंसी सहाय की अध्यक्षता में विद्युत,पेयजल,नगर निगम,पुलिस सहित आवश्यक सेवा प्रदाता विभागो के साथ महत्वपूर्ण तैयारी बैठक किया गया। सामान्य नागरिक सुविधा सहित अन्य व्यवस्थाएं सुचारू रूप से लोगों को मिले इसके लिए जिला प्रशासन की तैयारियों के लिए ख़ासकर अभियंत्रण विभाग, आवश्यक सेवा एवं अन्य लाइन डिपार्टमेंट के साथ समन्वय बनाने के लिए उपायुक्त ने निर्देशित किया। पर्व के दौरान यातायात व्यवस्था सहित भीड़-भाड़ नियंत्रण हेतु 54 जगहों पर ड्रॉप गेट एवं बैरिकेटिंग बनाने का निर्देश दिया गया। इस बार कुछ अतिरिक्त जगहों पर भी ड्रॉप गेट लगाने के निर्देश दिए गए हैं। जुलूस के दौरान मार्गो पर विद्युत




प्रकाश की समुचित व्यवस्था के लिए वैकल्पिक लाइट की व्यवस्था करने के अलावे चलंत वाहनों पर भी लाइट की मुकम्मल व्यवस्था करने के लिए निर्देशित किया। कमज़ोर, लटके बिजली के तार,सूखे पेड़, टहनियों, डालियों से किसी प्रकार की अप्रिय घटना या हादसा न हो इसके लिए कार्यपालक अभियंता विद्युत, नगर निगम, वन विभाग एवं अंचल अधिकारी को संयुक्त रूप से जुलूस मार्ग का भौतिक निरीक्षण एवं सत्यापन कर चिंहित जगहों पर खामियों को जल्द दूर कर मरम्मत का काम प्रारंभ करने का निर्देश दिया। नगर निगम को जुलूस मार्ग अथवा भीड़भाड़ वाले जगहों पर नालियों के टूटे स्लैब की मरम्मत करने,सड़क के गड्ढों को दुरूस्त करने, अस्थाई शौचालय की व्यवस्था करने के लिए निर्देशित किया। श्रद्धालुओं सहित आम लोगों की सुविधा सहित असामाजिक तत्वों की मंशा पर अंकुश लगाने के लिए सड़क एवं मकानों की छत पर भवन निर्माण सामग्री जैसे पत्थर, चिप्स, ईट आदि प्रतिबंधित एवं आपत्तिजनक सामग्रियों को सड़क से हटाने के लिए आम लोगों से अपील करने एवं उल्लंघन करने वाले लोगों पर कार्रवाई करने का निर्देश उपायुक्त के द्वारा दिया गया। सिविल सर्जन को जुलूस के दौरान सदर अस्पतालों में अनावश्यक भीड़ भाड़ ना हो इसके लिए सात चिन्हित जगहों पर अस्थाई मेडिकल कैंप, मेडिकल स्टॉफ की प्रतिनियुक्ति प्राथमिक उपचार की समुचित व्यवस्था करने के लिए निर्देशित किया गया। पुलिस अधीक्षक चोथे मनोज रतन ने शहर के जुलूस मार्ग पर ड्रोन, सीसीटीवी कैमरा के माध्यम से निगरानी सर्वेक्षण करने का निर्देश दिया। उत्पाद विभाग को रामनवमी पर्व त्योहारों के दौरान सभी उत्पाद के प्रतिष्ठानों को शीलबंद रखते हुए अवैध शराब आदि के खिलाफ कार्रवाई करने हेतु अभियान चलाने के लिए निर्देशित किया गया।

उपायुक्त ने सभी महत्वपूर्ण विभागों को आपसी समन्वय के साथ मुस्तैद रहते हुए ससमय आवश्यक तैयारियों को अंजाम देने को कहा।

## कैथा में बनने वाले अक्षय पात्र किचन का ग्रामीणों ने किया विरोध

**रामगढ़ (प्रभात मंत्र संवाददाता):** रामगढ़ नगर परिषद क्षेत्र के वार्ड नं 26 कैथा स्थित खाता संख्या -84, प्लॉट संख्या -900 पर अक्षय पात्र किचन निर्माण का कैथा ,हुहआ ,



पारडीह, कोठार गोबरदरहा आदि के ग्रामीणों ने विरोध किया।वार्ड पार्षद देवधारी महतो ने कहा कि पूर्व में उक्त स्थल पर बस पड़ाव निर्माण कार्य प्रस्तावित था। किंतु अब अक्षय पात्र किचन निर्माण कार्य आरंभ किया जा रहा है।हम ग्रामीण इस निर्माण कार्य का विरोध करते हैं। वही पार्षद रौशन महतो ने कहा कि बस पड़ाव निर्माण होने से यात्रियों को आवागमन में सुविधा होगी।लोग रोजगार से जुड़ेंगे।राजेश महतो ने कहा कि बस पड़ाव निर्माण की मांग ग्रामीण राष्ट्रीय राजमार्ग निर्माण होने के साथ ही कर रहे हैं।इस बाबत रामगढ़ उपायुक्त, नगर परिषद अध्यक्ष, उपाध्यक्ष व कार्यपालक अभियंता को ग्रामीणों ने ज्ञापन भी दिया है। ग्रामीण राजेंद्र महतो ने कहा कि हम ग्रामीण निरंतर बस पड़ाव निर्माण कार्य को लेकर प्रयासरत रहे हैं।पूर्व में उक्त स्थल पर बस पड़ाव निर्माण कार्य को लेकर प्रक्रिया आरंभ भी हुई किंतु अब उक्त स्थल पर किचन निर्माण की बात सामने आना आश्चर्यजनक है। ग्रामीणों में इस बात का रोष व्याप्त है। विरोध प्रदर्शन मे मुख्य रूप से संजय करमाली महेंद्र चौधरी,डिया महतो, कैलाश महतो, प्रदीप महतो मनोज कुमार करण कुमार अजीत कुमार कुंवर महतो मुरली महतो मुकेश महतो संजय साव दिलीप कुमार नागेंद्र महतो रितु महतो मुनेश्वर रविदास भुनेश्वर महतो आदि शामिल थे।

### रामगढ़ विधानसभा स्तरीय कार्यशाला आयोजित

**रामगढ़ (प्रभात मंत्र संवाददाता):** शनिवार को भाजपा रामगढ़ के जिला कार्यालय में बुथ सशक्तिकरण अभियान के तहत रामगढ़ विधानसभा स्तरीय कार्यशाला आयोजित हुई। जिलाध्यक्ष प्रवीण मेहता की अध्यक्षता में हुए इस कार्यक्रम का मंच संचालन जिला महामंत्री सह अभियान संयोजक प्रो. खिरोधर साहू ने किया कार्यशाला में बतौर मुख्य अतिथि भाजपा प्रदेश संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह उपस्थित हुए। कार्यक्रम की शुरुआत डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी एवं पंडित दीनदयाल उपाध्याय की तस्वीरों पर पुष्पांजलि एवं माल्यार्पण के बाद राष्ट्रीय गीत वंदे मातरम के साथ हुई। संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह ने रामगढ़ विधानसभा उपचुनाव में हुए अपनी जीत के लिए कार्यकर्ताओं की बधाई तथा आभार प्रकट किया तत्पश्चात उपस्थित क्षेत्र के सभी शक्तिकेंद्रों के अल्पकालीन विस्तारकों एवं अभियान के मंडलटोली से परिचय प्राप्त किया। अपने संबोधन में उन्होंने बूथ सशक्तिकरण के लिए भाजपा द्वारा चलाए जा रहे राष्ट्रव्यापी अभियान कोई सफल बनाने का आवाहन किया । सशक्त बूथ का निर्माण के कई महत्वपूर्ण मंत्र एवं सुझाव देते हुए आगामी सात दिनों तक कार्य पूरा करने का निर्देश दिया। साथ हीं उन्होंने कहा की 31 सदस्यीय हर बूथ में महिलाओं एवं सभी समाज के व्यक्तियों का समावेश होना चाहिए। साथ हीं हर बूथ के अंतर्गत आने वाले मुहल्ले और टोला में निवास करने वाले प्रमुख व्यक्तियों के साथ प्रत्येक बूथ अध्यक्ष को एक व्हाट्सएप ग्रुप बनाने का निर्देश देते हुए उन्होंने कहा की हर बुथ के समूह को केंद्र द्वारा संचालित सरल पोर्टल से भी सभी को तय समय सीमा के अंतर्गत जोड़ा जाना जरूरी है।

## प्रखंड स्तरीय बैंकर्स कमेटी की बैठक



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पतरातू :** शनिवार को प्रखंड स्तरीय बैंकर्स कमेटी की बैठक प्रखंड मुख्यालय के सभागार में हुई। जिसकी अध्यक्षता प्रखंड विकास पदाधिकारी हलधर कुमार सेठी ने किया। इस बैठक में पतरातू प्रखंड के सभी बैंकों के बैंक अधिकारी जनसेवक एटीएम किसान मित्र एवं इंडियन पोस्ट पेमेंट बैंक के प्रबंधक शामिल हुए। बैठक में उपस्थित सभी अधिकारियों को दिशा-निर्देश जारी करते हुए कहा गया कि बैंक के अधिकारी प्रत्येक शनिवार को आवंटित पंचायतों में जाकर कैंप लगाकर ग्रामीणों की समस्याओं को समाधान करते हुए पीएम किसान सम्मान निधि योजना केसीसी लोन लेने एवं छोटे दुकानदारों को मुद्रा लोन से संबंधित जानकारी देते हुए जागरूक करे।

साथ ही शत-प्रतिशत लाभुकों को लाभ पहुंचाने का काम करेंगे। ताकि सरकार की महत्वाकांक्षी योजनाओं का लाभ आम नागरिक ले सके। वहीं मौके पर उपस्थित इंडियन पोस्ट पेमेंट बैंक प्रबंधक के वंशिता सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि वैसे किसान जो किसी कारणवश पीएम किसान सम्मान निधि योजना का किस्त खाते में नहीं जा रहा है। वैसे किसान केवल आधार का उपयोग कर इंडियन पोस्ट पेमेंट बैंक में खाता खुलवाकर तुरंत लाभ ले सकते हैं। मौके पर एलडीएम संजीव कुमार,नाबार्ड डीडीएम उपेंद्र कुमार सिंह शाखा प्रबंधक आशुतोष कुमार सिंह सौरभ शुक्ला सद्दाम खान जनसेवक परमानंद कुमार चित्र सिंह मुंडा अजीत कुमार गुप्ता एटीएम अमित कुमार संजय कुमार शमशाद क्योर किसान मित्र बैजनाथ कुमार महतो इंद्र लाल बेदीय संजय राम दशरथ राम मुंडा जेएसएलपीएस बीपीओ अभिषेक कुमार वर्मा इंडियन पोस्ट पेमेंट बैंक प्रबंधक वंसिता सिंह आदि उपस्थित थे।

## महिलाओं को प्रधान मंत्री बीमा योजनाओं के प्रति किया गया जागरूक

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पतरातू :** महिला सशक्तिकरण को लेकर ग्राम पंचायत सांकुल के पंचायत भवन में महिला स्वयं सहायता समूह की बैठक हुई। जिसमें महिलाओं को बीमा योजनाओं के बारे में जागरूक करना था। बैठक कि अध्यक्षता पंचायत कि मुखिया सुमन भारती और संचालन परमानंद राजीव ने किया। कार्यक्रम का शुभारंभ संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया गया। मौके पर डिस्ट्रिक प्रोग्राम मैनेजर गौरव जायसवाल एफ आई धीरज होरो बीपीओ अभिषेक वर्मा द्वारा लोगों को प्रधान मंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना और प्रधान मंत्री सुरक्षा बीमा योजना के बारे में विस्तृत रूप से जानकारी दी गई द्य साथ ही उन्होंने कहा कि वर्तमान



समय में महिलाये समुह में जुड़ कर बैंक से लोन लेकर छोटे-छोटे कार्य करते हुए आत्मनिर्भर बन रहे हैं। लेकिन, लोन प्राप्त करने के पूर्व उपर्युक्त बीमा लेना ज़रूरी है। इसके अलावा प्रीमियम राशि, आयु सीमा ,बीमा अवधि ,जरूरी दस्तावेज, एवं दावा प्रकिया आदि की चर्चा की गई। वहीं राजदीप राम वाल्मीकि नगर सांकुल निवासी ने बताया कि मेरी पत्नी वीना देवी की नॉर्मल डेथ हो जाने पर उपर्युक्त बीमा योजना के तहत दो लाख राशि नॉमिनी को मिल चुका है। बैठक में एम आई अमित कुमार झारखंड ग्रामीण बैंक से अंशु कुमारी बैंक सखी गायत्री कुमारी आई पी आर पी लखी देवी वीओए पिंकी देवी ग्राम संगठन अध्यक्ष ममता देवी सचिव रिंकी देवी-1 कोषाध्यक्ष रिंकी देवी-2 सरस्वती देवी सोनी देवी सारिका देवी मनीषा कुमारी आशा देवी पूर्व वार्ड सदस्य देवंती देवी आकाश कुमार रवि राजदीप राम रमेश राम रेखा देवी और पूजा देवी सहित दर्जनों महिलाएं उपस्थित थे ।


प्रभात मंत्र प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक रेशमा खान द्वारा खबर-एक्सप्रेस प्रा0 लि0 3 व 4, ओपोजिट मॉरिश फूड कोकर इन्डसट्रियल एरिया, कोकर, रांची से मुद्रित कर कार्यालय प्रभात मंत्र राईन मार्केट पहला तल्ला, उर्दू लाइब्रेरी, मेन रोड रांची से प्रकाशित, संपादकीय कार्यालय-2बी दूसरा तल्ला, अनवर अरकेड, विश्वकर्मा मंदिर लेन , मेन रोड, रांची। संपादक : रवींद्र कुमार उपाध्याय*। *पीआरबी एक्ट के तहत समाचारों के चयन के लिए उत्तरदायी। मो0 न0 7004121786, 06513571957

# उप विकास आयुक्त ने की कार्यों की समीक्षा

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ़ :** मास ड्रग एडमिनिस्ट्रेशन कार्यक्रम अंतर्गत फाइलेरिया उन्मूलन अभियान के तहत रामगढ़ जिले में किए गए कार्यों की शनिवार को जिले के उप विकास आयुक्त नागेंद्र कुमार सिन्हा ने समाहरणालय के ब्लॉक बी स्थित सभाकक्ष में समीक्षा की। इस दौरान सिविल सर्जन डॉ प्रभात कुमार के द्वारा उप विकास आयुक्त सहित उपस्थित अन्य अधिकारियों को जानकारी दी गई कि मास ड्रग एडमिनिस्ट्रेशन कार्यक्रम अंतर्गत फाइलेरिया उन्मूलन अभियान के तहत दिनांक 10 फरवरी 2023 से 25 फरवरी 2023 तक जिले के विभिन्न क्षेत्रों में लोगों/बच्चों को फाइलेरिया रोधी दवाइयां खिलाने का कार्य किया गया वहीं जो लोग 25 फरवरी 2023 तक किसी कारणवश दवाइयां नहीं ले पाए उनके लिए 26 फरवरी 2023 से 4 मार्च 2023 तक माप अप राउंड का आयोजन कर उन्हें फाइलेरिया रोधी दवाइयां खिलाने का कार्य किया गया। इस दौरान उन्होंने जानकारी देते हुए बताया कि 10 फरवरी से 25 फरवरी तक आयोजित फाइलेरिया उन्मूलन अभियान के तहत पूरे जिले में कुल 9 लाख 47 हजार 494 लोगों/बच्चों एवं 26 फरवरी से 4 मार्च 2023 तक आयोजित मॉप अप राउंड के तहत कुल 90461 लोगों/बच्चों को फाइलेरिया रोधी दवाइयां खिलाई गई। इस तरह से पूरे जिले में लक्ष्य के विरुद्ध 97.12त्न यानी 1037955 लोगों/बच्चों को फाइलेरिया रोधी दवाइयां खिलाई गयी। कार्यक्रम के सफल आयोजन के उद्देश्य से स्वास्थ्य कर्मियों के द्वारा इस बार के फाइलेरिया उन्मूलन अभियान के तहत सभी लोगों/बच्चों को अपने सामने फाइलेरिया रोधी दवाइयां खिलाने का कार्य किया गया।

मौके पर उप विकास आयुक्त श्री नागेंद्र कुमार सिन्हा ने स्वास्थ्य विभाग की पूरी टीम, सभी संबंधित अधिकारियों एवं कर्मियों को मास ड्रग एडमिनिस्ट्रेशन कार्यक्रम अंतर्गत फाइलेरिया उन्मूलन अभियान के तहत किए गए कार्यों के लिए शुभकामनाएं दी वहीं उन्होंने सभी की सराहना करते हुए इसी तरह से हर अभियान में अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने का सभी को निर्देश दिया।

## गार्डन फ्लावर स्कूल का उद्घाटन

**राँची (प्रभात मंत्र संवाददाता):** गार्डन फ्लावर स्कूल आजाद बस्ती हमीद स्ट्रीट रांची का विधिवत उद्घाटन वार्ड पार्षद नजीमा रजा ने फीता काटकर किया इस ।मौके पर नाजिमा रजा ने कहा कि स्लम क्षेत्र में इस तरह का अंग्रेजी माध्यम स्कूल खोला जाना एक अच्छा कदम है ।आज की जरूरत है शिक्षा और हर व्यक्ति को शिक्षा मिले यह जरूरी है। इस मौके पर स्कूल के निदेशक नोमान आलम ने कहा कि यहां प्री नर्सरी से 6 क्लास तक की पढ़ाई अंग्रेजी माध्यम से सीबीएसई पैटर्न पर होगी ।उन्होंने कहा कि यहां के सारे शिक्षक ट्रेंड है ,और बच्चों को चौतरफा विकास के लिए समय-समय पर बच्चों के बीच अलग-अलग तरह के कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा, जिससे बच्चे खेल खेल में पढ़ाई कर सके। उन्होंने कहा कि इंग्लिश मीडियम की पढ़ाई के साथ-साथ बच्चों को अरेबिक और उर्दू की भी पढ़ाई की जाएगी। इस मौके पर स्कूल की प्रिंसिपल फरहाना खातून ने कहा कि हमारा लक्ष्य है बच्चों को अच्छी तरह से पढ़ाना जिससे वह अपने भविष्य सही कर पाए ।हमने अपने स्कूल का फीस कम रखा है जिससे कि ज्यादा से ज्यादा बच्चे पढ़ पाए। उन्होंने कहा कि बच्चों को सप्ताहिक और हर माह टेस्ट लिया जाएगा जिससे उनकी क्षमता का आकलन किया जा सके , जिससे बच्चों में कमी को ठीक करने का कोशिश किया जाएगा। बच्चों के आने जाने के लिए ट्रांसपोर्ट की व्यवस्था भी है ।इस मौके पर निदेशक नोमान आलम, प्रिंसिपल फरहाना खातून, तबस्सुम बेगम, साहिन परवीन, तरन्नुम परवीन, शिलवंती हेरेंज, सानिया परवीन समेत कई लोग मौजूद थे।

## एनजीओ कम तहत सिलाई सेंटर का उद्घाटन

**रामगढ़ (प्रभात मंत्र संवाददाता):** रामगढ़ छावनी परिषद क्षेत्र के आम बगीचा न्यू कालोनी में आशीर्वाद द वर्ल्ड वेलफेयर सोशल सोसायटी एनजीओ के तहत बिहार फाऊंडरी के सौजन्य से सिलाई सेंटर का उद्घाटन किया गया। मुख्य अतिथि राकेश कुमार गुप्ता, अजय कुमार बहुरिया, आशीष कटारिया, सेहबाल कुनार, अभिषेक प्रसाद, सूरज देव प्रसाद ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर सिलाई सेंटर का उद्घाटन किया गया। एनजीओ के सचिव सीटू सलूजा तथा संचालिका रानी देवी का महत्वपूर्ण योगदान रहा। आशीर्वाद द वर्ल्ड वेलफेयर सोशल सोसायटी ने कहा कि एनजीओ की राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिका दत्ता का मुख्य उद्देश्य एनजीओ के द्वारा पिछड़ी एवं ग्रामीण महिलाओं को प्रशिक्षण देकर स्वरोजगार से जोड़कर सशक्त बनाना औंर समाज के मुख्यधारा से जोड़ने का कार्य किया जा रहा है। उक्त मौके पर संचालिका रानी देवी, सुमित्रा देवी, कांति देवी, पूनम देवी, अंजली देवी, सम्मा प्रवीन, नीतू देवी, मीरा देवी, नेहरिका देवी, सावित्री देवी, विगली देवी इत्यादि सैकड़ों लोग उपस्थित थी।

## रानीचुआं में सरहुल महोत्सव की रही धूम

**बरही (प्रभात मंत्र संवाददाता):** बरही प्रखंड के आदिवासी बहुल रानीचुंआ पंचायत में सरना समिति के द्वारा मध्य विद्यालय, रानीचुंआ स्थित मैदान में सरहुल महोत्सव की रही धूम रही। मौके पर विधि विधान के साथ पूजा अर्चना बाद शुक्रवार संध्या समय सांस्कृतिक कार्यक्रम किया गया, जो देर रात्रि तक चली। वहीं पारंपरिक वेशभूषा के साथ गीत- संगीत, नृत्य और मांदर की थाप पर श्रद्धालु जमकर झूमते नजर आए। सरहुल महोत्सव का उद्घाटन बतौर मुख्य अतिथि झामुमो के केंद्रीय सदस्य सह पूर्व प्रत्याशी बरही विधानसभा क्षेत्र के बिनोद विश्वकर्मा ने फीता काट कर किया। वहीं मांदर बजाते हुए नृत्य - संगीत कार्यक्रम में शामिल भी हुए। मौके पर बिनोद विश्वकर्मा ने कहा कि सरहुल पर्व प्रकृति के प्रति आस्था रखने का संदेश देता है। वहीं कहा कि पर्यावरण को संरक्षित कर वातावरण को दूषित होने से बचाने एवं पेड़ पौधा का रक्षा के लिए संकल्प लेने का त्यौहार है।

कार्यक्रम आयोजन समिति के आयोजक पूर्व मुखिया प्रतिनिधि गाजो टुडू व पूर्व पंसस राजाराम बेसरा ने बताया कि प्रकृति मानव जीवन के लिए काफी महत्व रखता है, यही कारण है कि सरहुल पर्व के दिन पेड़ पौधा, धरती आदि की पूजा कर प्रकृति के प्रति आभार प्रकट करते हैं। मौके पर सरना स्थल रानीचुआं गांव के पाहन संजय संजय टुडू के देखरेख में मरांड़ बुरु व जाहेर आयो आदि देवताओं का परंपरागत रीति रिवाज के साथ पूजा पूजा -अर्चना किया गया। मौके पर सरहुल सरना पूजा समिति के आयोजक गाजो टूडु व राजाराम बेसरा, अध्यक्ष रघु टूडू, सचिव राजु बेसरा, कोषाध्यक्ष दिलीप मरांडी, गोविन्द भगत, पूर्व मुखिया रीता मुर्मू, संजय टुडु, बीरबल बेसरा, रामेश हाँसदा, लालजी बास्के, रामजी सोरेन, राजाराम बेसरा, महादेव टूडु, रघु टुडु, विनोद टुडु, रामचन्द्र टुडु, सीतामुनी देवी ,सीता देवी, जसो देवी, चिरमुन्नी देवी, सुनीता देवी, ललीता देवी, अनिता देवी, बसन्ती देवी, लालबाबू टुडु, पंकज बासके, मतु किस्कु, सोहन बसके समेत भारी संख्या में आदिवासी समाज के श्रद्धालु लोग शामिल हुए।

## महिला समूहों की हुई सामूहिक बैठक

**रामगढ़ (प्रभात मंत्र संवाददाता):** भुरकुंडा के सौन्दा डी पंचायत भवन जेएसपीएलएस संगठन के महिला समूहों की सामुहिक बैठक हुई। इसकी अध्यक्षता मुखिया उपेंद्र शर्मा एवं संचालन महिला समूह बैंक सखी मंडल नीलम कुमारी ने किया। बैठक में मुख्य रूप से पंजाब नेशनल बैंक के मैनेजर बिमल प्रीतम मौजूद थें। इसमें ग्राम पंचायत की महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने पर विस्तार पूर्वक चर्चा की गई। इस दौरान पंजाब नेशनल बैंक के मैनेजर विमल प्रीतम एवं उनके सहयोगी निखिल राव द्वारा सौन्दा डी के विभिन्न महिला समूह शिव, खुशी, सुभानी, समृद्धि, लक्ष्मी, महादेवी, उज्जवल, गुलाब, शक्ति, सखी मंडल के बीच प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना, प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना एवं मुद्रा लोन के बारे में विस्तार रूप से जानकारी दी गई है। इन लोनों को लेने से क्या फायदा है और कैसे लिया जा सकता है आदि के बावत जागरूक किया गया। पंजाब नेशनल बैंक द्वारा 435 रूपये में 2 लाख रुपए सहित अन्य लाभ हेतु इंश्योरेंस का फॉर्म भराया गया। मौके पर पंचायत समिति प्रतिनिधि डब्लू पांडेय, उप मुखिया संजय भारती, पूनम देवी, पूजा कुमारी, मधु देवी, बीना देवी, रीना देवी, गीता देवी, रागिनी देवी, शोभा देवी, पार्वती देवी, सुनीता देवी, प्रियंका कुमारी, राम दुलारी देवी, प्रतिमा देवी, सुनीता देवी, डॉली कुमारी, रीता कुमारी सहित 17 महिला समुह कि अध्यक्ष, सचिव, कोषाध्यक्ष मौजूद थें।


**Office of the**
**Deputy Commissioner–Cum–District Magistrate, Ramgarh**
**(District Development Section)**
1st Floor, Block "B", Collectorate Ramgarh, Chatarmandu, Ramgarh- 825101, Jharkhand

**NOTICE INVITING FOR VERY SHORT TENDER**

***Selection of Consultancy services/Agencies for supply & installation of Open Gym in various locations of Ramgarh district, Jharkhand***

Tender No: 08/**2022-23** Ramgarh, Dated 18-03-2023

The District Administration Ramgarh invites tender from eligible bidders for **Selection of Consultancy services/Agencies for supply & installation of Open Gym in various locations of Ramgarh district,**

The document can be downloaded from the website: http://ramgarh.nic.in. Response to this tender shall be deemed to have been done after careful study and examination of this document with full understanding of its implications.

The bids are to be submitted by post (Registered/ Speed) or by hand as per the format specified in this tender, at the following address latest by 11**:00 AM on 25/03/2023**.

**Address for communication & Submission of documents**
**District Development Section**, "B" Block, 1st Floor, Collectorate Ramgarh, Chhattarmandu, Ramgarh-825101, Email: dporamgarh@gmail.com

The tender would be opened in office of the Deputy Commissioner (DC) Office, "A Block", 1st Floor, Collectorate Ramgarh, Chattarmandu, Ramgarh, 825101 on 25/**03/2023 at 01:00 PM** in the presence of bidders who choose to be present and supporting documents are in order.

ह0/–
**उप विकास आयुक्त,**
रामगढ़।

PR 293030 (District) 22-23 (D)



**कार्यालय मेदिनीनगर नगर निगम**

**सैरात बन्दोबस्ती सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि नगर निगम मेदिनीनगर क्षेत्रान्तर्गत निम्नांकित सैरातों की बन्दोवस्ती वर्ष 2023–24 (01 अप्रैल 2023 से 31 मार्च 2024 तक) के लिए खुली डाक बोली द्वारा दिनांक **25.03.2023** को 12.30 बजे अपराह्न को होगी। जिस सैरात की डाक उक्त तिथि को नहीं होगी वह डाक दिनांक **27.03.2023** को 12.30 बजे अपराह्न को होगी। उपरोक्त दोनो तिथि को डाक नहीं होने की स्थिति में उस सैरात का डाक दिनांक **28.03.2023** को 12.30 बजे अपराह्न खुली डाक द्वारा बन्दोबस्ती की जायेगी। सैरातो की डाक मेदिनीनगर नगर निगम कार्यालय सभा कक्ष में की जाएगी।

| क्र0 | सैरातों का नाम | वर्ष 2022–23 की बन्दोबस्ती राशि (01 अप्रैल 2022 से मार्च 2023 तक) | वर्ष 2023–24 के लिए सरकारी डाक राशि | जमानत की राशि (सरकारी डाक राशि का 25%) |
|---|---|---|---|---|
| 1 | मुख्य सब्जी बाजार | 3106600 | 3417260 | 854315 |
| 2 | सब्जी बाजार पाँकी रोड़ रेड़मा, | 510600 | 561660 | 140415 |
| 3 | सब्जी बाजार सदीक मंजिल चौक | 221000 | 243100 | 60775 |
| 4 | सब्जी बाजार, स्टेशन/गाँधी मैदान रोड़ | 553000 | 608300 | 152075 |
| 5 | बकरी बाजार | 152500 | 167750 | 41940 |
| 6 | **वाहन पार्किंग** (छोटी गाड़ियों के लिए) – गीता भवन से थाना तक | 341000 | 375100 | 93775 |
| 7 | **वाहन स्टैण्ड** (टैक्सी/टैम्पु/मीनी बस स्टैण्ड इत्यादि) – संदीक मंजिल चौक, कोयल पुल के निकट ( संदिक मंजिल चौक से कॉपरेटीभ चौक , नामधारी गुरूद्वारा चौक, तीनकोनिया मोड़ एवं पलामू क्लब रोड़ तक) | 498500 | 548350 | 137090 |
| 8 | गल्ला बाजार (मुख्य बाजार) | 193500 | 212850 | 53220 |
| 9 | स्टैण्ड रिहर्सल मोड़ रतन लाल पेट्रोल पम्प के सामने | 216000 | 237600 | 59400 |
| 10 | **वाहन पार्किंग** – हॉस्पिटल चौक के समिप आई0एम0ए0 हॉल के सामने | 168000 | 184000 | 46200 |
| 11 | रेड़मा चौक से जी0एल0ए0 कॉलेज रजवाडीह टैम्पु स्टेण्ड तक | 65000 | 71500 | 17875 |
| 12 | चैनपुर सब्जी बाजार | 333500 | 366850 | 91720 |
| 13 | चैनपुर स्टेण्ड | 111000 | 122100 | 30525 |

नोट :– न्यूनतम सुरक्षित राशि पूर्व की बन्दोवस्ती राशि में 10% की वृद्धि के पश्चात् निर्धारित की गयी है। डाक की नियम एवं शर्ते कार्यालय सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।

ह0/–
**नगर आयुक्त**
**मेदिनीनगर नगर निगम**

**PR292974Urban Development(22-23)#D**



**कार्यपालक अभियन्ता का कार्यालय, लघु सिंचाई प्रमंडल, गुमला**

अति अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना संख्या 43 वर्ष 2022–23(2nd Call)

पत्रांक :– ............ / गुमला, दिनांक :– ..../...../2023.

1. विभाग का नाम :– जल संसाधन (लघु सिंचाई) विभाग, झारखंड सरकार, रॉची।
2. विज्ञापन दाता का नाम :– कार्यपालक अभियन्ता, लघु सिंचाई प्रमंडल, गुमला।
3. परिमाण विपत्र की विक्री की तिथि :– 30.03.2023 से 02.04.2023 तक (3:00 बजे अपराह्न तक)
4. निविदा प्राप्त करने की तिथि एंव समय :– 03.04.2023 को 03:00 बजे अपराह्न् तक
5. निविदा खोलने की तिथि एंव समय :– 03.04.2023 को 3:30 बजे अपराह्न्
6. परिमाण विपत्र विक्री का स्थान :– (1) कार्यपालक अभियन्ता, लघु सिंचाई प्रमंडल, गुमला। (2) सहायक अभियन्ता, लघु सिंचाई अनुमंडल, गुमला।
7. निविदा प्राप्ति एंव निविदा खोलने का स्थान :– कार्यालय परिसर, लघु सिंचाई प्रमंडल, गुमला।
8. परिमाण विपत्र का मूल्य :– राष्ट्रीयकृत बैंक द्वारा निर्गत बैंक ड्राफ्ट जों राष्ट्रीयकृत बैंक, गुमला में भुगतेय हो, मान्य होगा।
9. कार्य की विस्तृत विवरणी :–

| ग्रुप सं0 | योजना का नाम | प्रखंड | योजना मद का नाम | परिमाण विपत्र की राशि (रू0 में) | अग्रधन की राशि (रू0 में) | परिमाण विपत्र का मूल्य (रू0 में) | कार्य समाप्ति की अवधि | निविदा दाता की समुचित श्रेणी |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | सम्प्रेक्षण गृह गुमला के वार्ड रूम एवं स्मार्ट क्लास रूम का जीर्णोद्वार एवं मरम्मति कार्य प्रखण्ड गुमला । | गुमला | जिला समाज कल्याण | 1900000.00 | 38000.00 | 5000.00 | तीन माह | श्रेणी–03 |

निविदा की शर्ते :– 1. बैंक ड्राफ्ट निबंधित संवेदक के स्वयं के खाता से निर्गत हुआ हो तथा बैंक ड्राफ्ट की वैद्यता अवधि निविदा की प्रकाशन की तिथि से तीन माह तक का हो, मान्य होगा ।

2. निविदा में 10% न्युनतम दर से अधिक न्युनतम दर उद्धृत करने पर प्राक्कलित राशि का 20% अथवा 30% अतिरिक्त जमा राशि का डाकधर सावधी जमा पासबुक/बैंक द्वारा निर्गत फिक्स डिपोजिट निविदा के साथ जमा करना अनिवार्य होगा ।

3. जो निम्न है:– 1. 10 से 20 प्रतिशत कम दर की राशि का 20% तक।
2. 20 प्रतिशत से अधिक कम दर की राशि का 30% अतिरिक्त जमानत राशि देय होगा ।

10. निविदा से संबंधित सभी सूचना अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय के सूचनापट पर देखा जा सकता है।

E-mial ID – eemidgum@gmail.com.

**कार्यपालक अभियंता,**
**लघु सिंचाई प्रमण्डल, गुमला।**

PR 292988 Minor Irrigation(22-23)D



**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
**पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, मेदिनीनगर**

ई–प्रोक्योरमेंट अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना **(2nd Call)**

निविदा सूचना संख्या – **DWSD/SVS (JJM)/Med-36/2022-23** दिनांक 17.03.2023

| Sl.No. | Name of Work / Group No. | No. of Schemes | Estimated Cost (Rs.) | Bid Security (Rs.) | Cost of BOQ (Rs.) | Time of Completion |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | केन्द्र प्रायोजित योजना "जल जीवन मिशन" के अन्तर्गत :– Construction of Rural Pipe Water Scheme through DT/ HYDT/GPT (Solar Based) 01/2.0 H.P. D.C Motor Pump complete set for different tolas of concern villages which is not included in MVS and has no electricity or less electricity to supply water 2000 LPH maximum at least 15/30 year for 24x7 supply with 100% coverage by Tap water Facility under JJM for the year 2022-23. | | | | | |
| (i) | **Sarja group** of svs scheme under Panchayat **Ramgarh**, Block Ramgarh **(Group No. 08)** | 9 | 9682785.00 | 194000.00 | 10000.00 | 03 Month |
| | **Total :-** | **9 Nos.** | | | | |
| 2 | Date & time of Tender Uploading on Website | **20.03.2023 / 12.30 P.M.** | | | | |
| 3 | Date & time of Document Download start date | **20.03.2023 / 12.35 P.M.** | | | | |
| 4 | Last date & time of Bid Submission | **03.04.2023 / 05.00 P.M.** | | | | |
| 5 | Last date time of Submission Cost of BOQ and EMD (in Hard Copy) | **05.04.2023 / 05.00 P.M.** 1.Office of the Regional Chief Engineer, D W & S Department, Ranchi Zone Ranchi. 2. Office of the Superintending Engineer, DW&S Circle, Medininagar 3. Office of the Executive Engineer, DW&S Division, Medininagar | | | | |
| 6 | Date & time of Opening Tender | **06.04.2023 / 04.00 P.M.** | | | | |
| 7 | Name & Address of Office inviting tender | Executive Engineer, DW&S Division, Medininagar | | | | |
| 8 | Name & Address of Tender Opening officer | Executive Engineer, DW&S Division, Medininagar | | | | |
| 9 | Contact No. of Procurement office | 9835068475 | | | | |
| 10 | Help No. of e-Procurement Cell | 0651-2490920 | | | | |

नोटः– 1. विभागीय स्वीकृत्यादेश सं0–231 (स्वी0) रांची, दिनांक 14.02.2023
2. निविदा की प्राक्कलित राशि घट–बढ़ सकती है। तत्पश्चात अग्रधन की राशि देय मान्य होगा।
विस्तृत जानकारी हेतु वेबसाइट http://jharkhandtenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता,
पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, मेदिनीनगर।

PR 292986 (Drinking Water and Sanitation) 22-23 (D)



**झारखंड सरकार, कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
**राष्ट्रीय ग्रामीण नियोजन कार्यक्रम, गुमला**

**ई- अति अल्पकालिन निविदा आमंत्रण सूचना**

ई–अति अल्पकालिन पुनर्निविदा संख्या:- R1/2022-23/NREP/EE/GUMLA

1. कार्य का नाम – गुमला जिला अन्तर्गत स्वास्थ्य उपकेन्द्रों का निर्माण।

| क्र0 सं0 | आईडेन्टी फिकेशन संख्या/ पैकेज संख्या | प्रखण्ड | स्वास्थ्य उपकेन्द्रो का नाम | प्राक्कलित राशि (रूपये में) अंक में | अक्षर में | कार्य समाप्ति की तिथि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | NREP/EE/GUMLA/ 02/ 2022-23 | Chainpur | Dokapath | 5500000.00 | पचपन लाख रू0 मात्र | 6 माह |
| 2 | NREP/EE/GUMLA/ 07/ 2022-23 | Ghaghra | Gutwa Jokari | 5500000.00 | पचपन लाख रू0 मात्र | 6 माह |
| 3 | NREP/EE/GUMLA/ 11/ 2022-23 | Dumri | Koda | 5500000.00 | पचपन लाख रू0 मात्र | 6 माह |
| 4 | NREP/EE/GUMLA/ 22/ 2022-23 | Bishunpur | Harup | 5500000.00 | पचपन लाख रू0 मात्र | 6 माह |

2. वेबसाईट में निविदा प्रकाशन की तिथि:– 20.03.2023
3. ई–निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय:– 26.03.2023 अपराह्न 5.00 बजे।
4. जिला नियंत्रण कक्ष, गुमला में निविदा शुल्क, अग्रधन की राशि, शपथ पत्र के मूल प्रति एवं अपलोड किये गये तकनीकी योग्यता दस्तावेज की एक प्रति जमा करने की तिथि 27.03.2023 पूर्वाह्न 10.00 बजे से अपराह्न 3.00 बजे तक।
5. निविदा खोलने की तिथि एवं समय 28.03.2023 पूर्वाह्न 11.30 बजे।
6. निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता :– कार्यपालक अभियंता, एन0आर0ई0पी0, गुमला, झारखण्ड, पिन– 835207.
7. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं0– 9472706638.
8. निविदा शुल्क झारखण्ड राज्य में अवस्थित भारतीय स्टेट बैंक/अन्य राष्ट्रीयकृत बैंक द्वारा निविदाकार के नाम/अकाउंट से ही निर्गत बैंक ड्राफ्ट के रूप में कार्यपालक अभियंता, एन0आर0ई0पी0, गुमला के पक्ष में एवं गुमला में भुगतेय होगा जो लौटाया नहीं जायेगा।
9. उपरोक्त निविदा में भवन निर्माण विभाग एवं ग्रामीण कार्य विभाग का निबंधन मान्य होगा।
9. निविदादाता को UCAN Registration की Photocopy Upload करना अनिवार्य है।
10. Form of Bid एवं Bill of Quantity में दर भिन्न रहने पर निविदा अमान्य समझा जाएगा।

विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट jharkhandtenders.gov.in में देखा जा सकता है।

ह0/–
कार्यपालक अभियंता
एन0आर0ई0पी0, गुमला

PR 292984 NREP (22-23)_D



**झारखण्ड सरकार**
**श्रम, नियोजन, प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग**
**जिला नियोजनालय–सह–माफडल कैरियर सेन्टर, रामगढ़**

रोजगार मेला दिनांक 21 मार्च 2023

सूचना

राज्य के शिक्षित बेरोजगार युवाओं को निजी क्षेत्र के प्रतिष्ठानों में नियोजन प्राप्त करने का अवसर उपलब्ध कराने के उद्धेश्य से झारखण्ड सरकार श्रम, नियोजन, प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग के तत्वाधान में जिला नियोजनालय, रामगढ़ द्वारा "दत्तोपंत ठेंगडी रोजगार योजना" के तहत रोजगार मेला – 2023 का आयोजन 21.03.2023 को पूर्वाह्न् 10.00 बजे से अपराह्न् 04.00 बजे तक स्थानीय छावनी परिषद् फुटबाल मैदान, रामगढ (झारखण्ड) में किया जा रहा है।

इस रोजगार मेला में निम्नलिखित निजी क्षेत्र के नियोजकों ने उपस्थित रहने की सहमति प्रदान की है, तथा उनसे प्राप्त रिक्तियॉ निम्नलिखित है :–

| Sl No | Name & Address of the Employer | Post | No of Vacancies | Qualification | Age | Salary (Rs.) | Job Location |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | Radha Gobind Shiksha Swasthya Trust, Ramgarh | Center In charge | 01 | Graduation | 18-35 Years | Depend on Interview & Experience | Ramgarh |
| | | Soft Skill Trainer | 06 | English Hons with TOT Certificate | 18-35 Years | | |
| | | GDA Trainer | 06 | GNM/B.Sc Nursing with TOT Certificate | 20-40 Year | | |
| | | Solar Trainer | 04 | Diploma/B.Tech with TOT Certificate | 20-35 Year | | |
| | | FTCP Trainer | 04 | Diploma/B.Tech with TOT Certificate | 20-35 Year | | |
| | | SMO/SET Trainer | 06 | Graduation with TOT Certificate | 20-35 Year | | |
| | | MIS | 02 | BCA/MCA | 20-35 Year | | |
| | | DDEO Trainer | 04 | Diploma/B.Tech with TOT Certificate | 20-35 Year | | |
| | | Boys Hostel Warden (M) | 01 | Graduation | 18-35 Years | | |
| | | Girls Hostel Warden (F) | 01 | Graduation | 18-35 Years | | |
| 2 | Fashion Factory (Reliane Retail) | CSA | 01 | Graduation | 32 Years | 10000-11000 | Ramgarh |
| 3 | Deccan Management Consultant Finishing School (DMCFS) | NAPS Trainee (OJT) | 100 | 12th Pass/ITI Pass | 18–35 Year | 11487 – 14500 | Hindudpu (A.P)/Satara (MH) |
| 4 | Jan Jyoti Educational & Charitable Trust, Ramgarh | Marketing Manager (M/F/ | 10 | 10th Pass | 20-35 Year | 8000-15000 | Ramgarh/ Dumka |
| | | Mobile Repairing Teacher (M/F) | 01 | ITI (Electrician), Graduation | 20-35 Year | 10000-15000 | |
| | | Computer Teacher (M/F) | 02 | 12th Pass/BCA/Good Computer Skill | 20-35 Year | 10000-15000 | |
| | | GDA Teacher (Nursing) - F | 02 | GNM/B.Sc Nursing | 20-40 Year | 15000-25000 | |
| | | MIS/Computer Operator | 03 | 12th Pass/BCA/Good Computer Skill | 20-35 Year | 9000-13500 | |
| 5 | Dominos Pizza, Ramgarh | Delivery Boys | 04 | 10th Pass | 18-45 Year | 9000 | Ramgarh |
| | | House Keeping | 01 | 10th Pass | 18-35 Year | 7000 | |
| 6 | Ranchi Security, Ranchi | Centre Manager | 02 | Graduation | 18-50 Year | 20000-27000 | Ranchi |
| | | Trainer (Security, Sewing Machine Operator, Driving, IT) | 02 | Graduation | 18-50 Year | 20000-25000 | |
| | | Training Co-ordinator | 05 | Graduation | 18-35 Year | 12000-15000 | |
| | | Security Guard | 100 | 10th Pass | 18-35 Year | 8000-14000 | |
| | | Mobilizer/Field Officers | 200 | 10th Pass | 18-50 Year | 10000-14000 | |
| | | Security Guard-cum-Machine Operator (only Female) | 100 | 10th Pass | 18-35 Year | 14000 | All Over India |
| | | Sewing Machine Operator | 100 | 10th Pass | 18-30 Year | 10000-12000 | |
| 7 | SpandanaSphoorty Financial Ltd., Ramgarh | Credit Assistant | 05 | 12th Pass (Bike with valid DL) | 20-27 Years | 9000 | Ramgarh |
| 8 | Fusion Microfinance Ltd., Ramgarh | Relationship Officer | 60 | 12th Pass | 18-30 Year | 11000 | Ramgarh |
| | | SR. Relationship Officer | 60 | 12th Pass | 20-34 Year | 12000 | |
| 9 | Maa Banjari Pvt. ITI, Ramgarh | Instructor (Electrician) | 03 | B.Tech/Diploma (Electrical) | 18-40 Year | Negotiable | Ramgarh |
| | | Instructor (Mechanical) | 03 | B.Tech/Diploma (Mechanical) | 18-40 Year | 8000-10000 | |
| 10 | Bagaria Group, Ramgarh | Sales Man | 03 | 12th Pass | 18- 25 Year | 9000-10000 | Ramgarh |
| | | Accountant | 01 | B.Com | 18-25 Year | 12000 | |
| 11 | Tata AIG Life Insurance, Ranchi | Advisor | 15 | 12th Pass | 18-35 Year | 7000 | Ramgarh |
| | | Sales Manager | 05 | Graduation | 18-35 Year | 12000 | |
| 12 | Rural Educational & Training Foundation, Jamtara | Production | 90 | 10th/12th Pass | 18-36 Year | 12000-18000 | All Over India |
| | | M/c Operator | 10 | ITI Pass | 18-36 Year | 20000-25000 | |
| 13 | JIS Foundation, Gola, Ramgarh | Mobilizer | 08 | 12th Pass | 21-30 Years | 9000-12000 | Ramgarh |
| | | Placement Field Executive | 02 | Graduation | 21-30 Years | 12000-15000 | |
| | | Tele caller (Female) | 01 | Graduation | 21-25 Years | 9000-11000 | |
| | | Accountant | 01 | B.Com | 21-30 Years | 15000-20000 | |
| 14 | Suzuki Motors Pvt. Ltd., Gujrat | Trainee | 100 | 10th Pass | 18-21 Years | 11600 | Gujrat |

रोजगार मेले में जिला नियोजनालय, रामगढ़ की भूमिका मात्र सुविधा प्रदाता के रुप में होगी। संबंधित प्रतिष्ठानों के द्वारा चयन हेतु आयोजित जॉच/साक्षात्कार की प्रक्रिया में नियोजनालय का किसी तरह का हस्तक्षेप नहीं होगा।

रोजगार मेला में भाग लेने हेतु प्रार्थी का झारखण्ड के किसी भी नियोजनालय में निबंधित होना अनिवार्य है। अतः मेला में भाग लेने के इच्छुक युवाओं को सलाह दी जाती है कि निर्धारित तिथि एवं समय पर अपने बायोडाटा, नियोजनालय का निबंधन कार्ड एवं प्रमाण पत्रों की छायाप्रति के साथ अधिक से अधिक संख्या में भाग लेकर अवसर का लाभ उठावें। रोजगार मेला के दिन स्थानिय नियोजनालय में निबंधन का कार्य नहीं होगा।

विश्वासभाजन
ह0/– (देव कुमार प्रसाद)
जिला नियोजन पदाधिकारी रामगढ़

PR 293017 (Labour Employment and Traning)22-23*D

## सुभाष शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय में एक दिवसीय सेमिनार का आयोजन

**गिरिडीह(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** शनिवार को गिरिडीह ज़िले के सुभाष



शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय गिरिडीह में एक सेमिनार का आयोजन किया गया जिसका विषय रक्तदान के लाभ था। इस सेमिनार का शुभारंभ महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ अनुज कुमार एवं प्राध्यापक गण द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित किया गया। इस सेमिनार का एंकरिंग सुभाष शाह एवं सीलम प्रियम द्वारा किया गया। जिसमें सभी प्रशिक्षु एक-एक करके रक्तदान के महत्व के बारे में बताया। रक्तदान से रोग प्रतिरोधक क्षमता का विकास होता है खून की कोशिका में बढ़ोतरी होती है कैंसर रोग होने की संभावना कम होती है। इस तरह से रक्तदान का हमारे समाज में अत्यधिक महत्व है। रक्तदान से जरूरतमंद रोगी को जीवन मिल जाता है इसलिए रक्तदान महादान कहा जाता है। इस सेमिनार में प्रो. कौशल राज, प्रो. संजीव कुमार सिंह, डॉ. ओम प्रकाश कुमार राय, प्रो. राज किशोर प्रसाद, प्रो. पोरस कुमार, प्रो. धर्मेंद्र मंडल, डॉ. शमा परवीन, प्रो. सोमा सूत्रधार, शुभम वर्णवाल,राजेश, उदय, अभिषेक, दीक्षा, सपना, राहुल, आकांक्षा, आदि का सराहनीय योगदान रहा।

## ब्राह्मण कल्याण मंच ने रीति रिवाज के साथ नेपू व आनंद का करवाया पुनर्विवाह

**बाघमारा(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** ब्राह्मण कल्याण मंच ने दो बेरंग जिंदगियों में खुशियां भरने का सराहनीय क़दम उठाते हुए नेपू कुमारी उम्र 40 का शिक्षक आनंद पांडेय उम्र 45 से पुनर्विवाह बुधवार को लिलोरी मंदिर परिसर में करवाया, समाज के प्रबुद्ध जनों की उपस्थिति में पूरे रीति रिवाज के साथ विवाह संपन्न कराया गया,समाज हित तथा नव दंपत्ति को नई खुशी देने के लिए ब्राह्मण कल्याण मंच का चार ओर प्रशंसा हो रही है,इस नेक कार्य में कल्याण मंच के अध्यक्ष अरविंद दुबे सचिव राम कुमार पांडे नरेश पांडे उर्फ एनडी पाण्डेय सुमन पांडे उत्तम पांडे, रंजीत पाठक,विजय कांत पाण्डेय,अभिराम पाण्डेय,शर्वएशवर पाण्डेय राजू शर्मा,अभिनाष दुवे ,भोला दुबे, निरंजन पाण्डेय, ज्योतिषाचार्य आशुतोष पाण्डेय सांसद प्रतिनिधि रामाशंकर तिवारी, ललित तिवारी, डब्ल्यू तिवारी, चंडी प्रसाद पाण्डेय, नकुल पाण्डेय, बसंत पाण्डेय, रमेश पाण्डेय, बृजबिहारी पाण्डेय, नंदकिशोर पाण्डेय, सहित अन्य का सराहनीय योगदान रहा।

## हावड़ा दिल्ली राजधानी एक्सप्रेस ने तीन को रौंदा

**बगमारा(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** धनबाद जिला के गोमो में हावड़ा से दिल्ली जा रही राजधानी एक्सप्रेस कि चपेट मे आने से दुर्गापड़ा नया बजार के रहने वाले तीन युवकों की दर्दनाक मौत हो गई। जिनकी पहचान शिव चरण साव 22 वर्ष, बबलू साव 18 पिता शंकर साव, विकास साव के रूप में की गई । फिलहाल पुलिस जांच में जुट गई है।

## झारखंड प्राथमिक शिक्षक संघ की बैठक संपन्न

**मधुबन(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** मधुबनथाना क्षेत्र के मध्य विद्यालय नवागढ़ में झारखंड प्राथमिक शिक्षक संघ अंचल बाघमारा की एक अति आवश्यक बैठक आयोजित की गई बैठक की अध्यक्षता अंचल कमेटी अध्यक्ष श्रवण कुमार महतो ने की। बैठक का संचालन प्रवीण कुमार लाला ने किया बैठक में बाघमारा अंचल के विद्यालयों में शिक्षकों के विभिन्न समस्याओं के निदान हेतु गहन चिंतन और विचार विमर्श किया गया। बैठक में मुख्य रूप से कैंसर पीड़ित शिक्षक अर्जुन रजक को आर्थिक रूप से सहयोग करने का प्रस्ताव पारित किया गया ।जिसमें अधिक से अधिक शिक्षकों से संपर्क कर उनके लिए सहयोग राशि इकट्ठा करने का निर्णय लिया गया। इसके अलावा मध्य विद्यालय कुंजी के 3 शिक्षकों के एक माह के बंद वेतन के भुगतान हेतु क्षेत्र शिक्षा पदाधिकारी से संपर्क करने, रसोइया की बहाली, आदि का निर्णय लिया गया ।

## ओरवाटांड़ के युवक की इलाज के दौरान मौत

**सरिया(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** सरिया के ओरवाटांड़ निवासी गणेश पंडित के पुत्र अनिल पंडित 32 की मौत रांची के रिम्स में इलाज के दौरान शुक्रवार को हो गई। मृतक को 27 फरवरी को हार्ड अटैक आने के बाद रिम्स में में भर्ती कराया गया था। गणेश पंडित ने बताया कि मेरा पुत्र हैदराबाद में काम करता था फरवरी में वह घर आया था हार्ड अटैक आने के बाद इलाज के लिए रांची ले जाने के क्रम में बेहोश हो गया था फिर 17 दिनों तक इलाज के बाद शुक्रवार को मौत हो गई।

## मुखिया व पंसस ने संयुक्त रूप से एसबीआई के सीएसपी केंद्र का उद्घाटन किया

**बगोदर(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** बगोदर प्रखंड अंतर्गत अडवारा पंचायत के धवैया गांव में शनिवार को अडवारा मुखिया संगीता कुमारी एवं पंसस डोली कुमारी द्वारा संयुक्त रूप से भारतीय स्टेट बैंक ग्राहक सेवा केन्द्र का विधिवत उद्घाटन किया। अडवारा पंचायत के कई गांव के लोग इस केंद्र का लाभ ले सकेंगे। क्योंकि यहां केंद्र खुलने से घर के पास होने से लोगों को बगोदर आवागमन करने से निजात मिलेगी ।

बैंकिंग की सुविधा यहां मुफ्त मिलेगी जिससे यहां के स्थानीय लोगों को काफी सहूलियत होगी ।

वहीं उद्घाटन मौके पर भारतीय स्टेट बैंक बगोदर के शाखा के प्रबंधक संतोष कुमार, गिरिडीह जिला सीएसपी कोऑर्डिनेटर राजीव कुमार सिन्हा अन्य अधिकारी प्रशांत कुमार, नीरज कुमार पाण्डेय, लखेन्द्र सिंह, भुनेश्वर महतो,थानू महतो सहित कई लोग उपस्थित थे।

# किसान के बेटे को मिला राष्ट्रीय शिक्षक रत्न का सम्मान, बलियापुर में हर्ष का माहौल

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**झरिया :** इंटेलिऑनीक्स (नॉन -प्रॉफिट इंस्टिट्यूट) के फाउंडर एवं डायरेक्टर शंकर मुर्मू को आसनसोल की सामाजिक सेवा संस्था नव्या फाउण्डेशन ने प्रशस्ति पत्र प्रदान कर ÷राष्ट्रीय शिक्षक रत्न सम्मान÷ से सम्मानित किया है। नेशनल कॉर्डिनेटर बबीता दास ने जानकारी देते हुए बताया कि नव्या फाउण्डेशन द्वारा यह सम्मान पूरे भारत देश में शिक्षा, साहित्य, खेल, पत्रकारिता, समाज सेवा, कला एवं संस्कृति इत्यादि क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य करने वाले युवाओं को प्रदान किया जाता है। शंकर मुर्मू द्वारा विगत कई वर्षो से शिक्षा के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य करने पर नव्या फाण्डेशन के साइंटिफिक एडवाईजर निरंजन, अध्यक्ष योगेश चन्द्र व नेशनल



कोआर्डिनेटर बबीता दास द्वारा सम्मान दिया गया।

कुसमाटांड़ बांधटांड़ निवासी व किसान दशरथ मुर्मू के पुत्र शंकर मुर्मू 2015 से ही नन प्रॉफिट इंस्टिट्यूट के तहत गोड्डा, पाकुड़, जामताड़ा, गिरिडीह, चंदनक्यारी, बोकारो, बलियापुर के बच्चों को निःशुल्क शिक्षा दे रहे हैं।

अभी तक उन्होंने 17000 बच्चों को प्रशिक्षण दिया है। जिसमे 12000 बच्चों का इन्फेलुसर बुक ऑफ़ वर्ल्ड रिकॉर्ड मे भी नाम करा चुके है।

जामताड़ा में भी मैथ क्लीनिक सेंटर है। इसके पूर्व इन्हें 10 फरवरी को कोलकाता में राष्ट्रीय गौरव पुरस्कार से भी सम्मानित किया गया था।

राष्ट्रीय शिक्षक रत्न से सम्मानित होने पर बलियापुर के लोगों में हर्ष का माहौल है। आज भी किसान दशरथ मुर्मू टूटे फूटे झोपड़ी में रहने को मजबूर हैं। आज भी खेती कर अपना जीवन यापन कर रहे हैं।

## मैट्रिक में 3661 व इंटरमीडिएट परीक्षा में शामिल हुए 1440 परीक्षार्थी

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**धनबाद :** मैट्रिक व इंटरमिडिएट की पांचवे दिन की परीक्षा कदाचार मुक्त एवं शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न हुई। इसकी जानकारी देते हुए अनुमंडल पदाधिकारी सह बज्रगृह - सह - जिला नियंत्रण कक्ष के प्रभारी श्री प्रेम कुमार तिवारी ने बताया कि आज सभी परीक्षा केंद्रों पर मैट्रिक व इंटरमीडिएट की परीक्षा निर्धारित समय से शुरू हुई। किसी भी सेंटर से कदाचार करने या अन्य किसी प्रकार की शिकायतें प्राप्त नहीं हुई। जिला शिक्षा पदाधिकारी श्री भूतनाथ रजवार ने बताया कि आज जिले के 103 सेंटर पर मैट्रिक के लिए उर्दू/बांग्ला/उड़िया तथा 88 सेंटर पर इंटरमिडिएट आर्ट्स के लिए म्युजिक व इंटरमिडिएट साइंस तथा इंटरमिडिएट कामर्स के लिए कम्प्यूटर साइंस की परीक्षा संपन्न हुई।

मैट्रिक की परीक्षा में 3694 में 3661 परीक्षार्थी शामिल हुए तथा 33 अनुपस्थित रहे। वहीं इंटरमीडिएट परीक्षा में 1473 में 1440 परीक्षार्थी शामिल हुए और 33 अनुपस्थित रहे। परीक्षा के दौरान पर्यवेक्षक सह स्टैटिक मजिस्ट्रेट तथा उड़नदस्ता सह गश्ती दल दंडाधिकारी भी अपने निर्धारित स्थल पर उपस्थित रहे। परीक्षा समाप्ति के बाद उड़नदस्ता सह गश्ती दल दंडाधिकारियों ने परीक्षा केंद्र से ओएमआर शीट एवं उत्तर पुस्तिकाओं के पैकेट प्राप्त कर अपनी देखरेख एवं पुलिस अभिरक्षा में बज्रगृह सह जिला नियंत्रण कक्ष (राजकीय पॉलिटेक्निक धनबाद) में हस्तगत कराए। सोमवार, 20 मार्च 2023, को मैट्रिक के लिए सामाजिक विज्ञान तथा इंटरमिडिएट आर्ट्स के लिए एंथ्रोपोलॉजी व इंटरमिडिएट साइंस तथा इंटरमिडिएट कामर्स के लिए इकोनोमिक्स की परीक्षा होगी।

## भाजपाई किस उपलब्धि पर सांसद खेल उत्सव मना रहें हैं : शमशेर आलम

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**धनबाद :** झारखंड प्रदेश कांग्रेस सचिव शमशेर आलम ने एक प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा की भाजपाई किस उपलब्धि पे "सांसद खेल उत्सव" मना रही है? क्या यही उपलब्धि है, हर साल दो करोड़ नौजवान को रोजगार नही उपलब्ध कराने की, डीजल पेट्रोल-डीजल रसोई गैस की बेतहाशा वृद्धी की, कमरतोड़ महंगाई की। धनबाद से एयरपोर्ट चला गया, एम्स चला गया, धनबाद मे ट्रैफिक जाम से जनता जनार्दन परेशान, फ्लाई ओवर नही बनना, देश की गरीब जनता की गाढ़ी कमाई बैंको मे जमा पूंजी को अडाणी



के द्वारा लुट कर देश को खोखला कर देना, अडाणी और मोदी भाई-भाई। नेहरू जी, लालबहादुर जी, इंदिरा जी, राजीव गाधी जी, मनमोहन जी द्वारा कल कारखाने एयरपोर्ट, पोट को मोदी जी द्वारा अडाणी, अम्बानी को अपने चंद पूंजीपति के हाथो बेच रहा है। इसी उपलब्धि पर धनबाद के सांसद पी एन सिंह, भाजपाई एंव केन्द्रीय मंत्री, खेल उत्सव से खेलकूद कर भोली भाली जनता के साथ खेल कर रहे है। और सांसद एवं इनकी केंद्र की नरेन्द्र मोदी सरकार आपनी नाकामी को छिपाने के लिए समय-समय पर कभी ताली थाली तो कभी राष्ट्र भक्ती के आड़ मे अपना उल्लू सिधा करते है। जिसका देश एवं धनबाद लोकसभा की जनता-जनार्दन वर्ष 2024 की आम चुनाव मे जवाब देकर बिदाई समरोह मनाकर उत्सव मनाएगी। जनता सब समझती है।

## ट्रैफिक व्यवस्था दुरुस्त करने को लेकर नगर थाना पुलिस ने चलाया अभियान

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गिरिडीह :** गिरिडीह ज़िले में बिगड़ी ट्रैफिक व्यवस्था को दुरुस्त करने और बेतरतीब वाहनों के पार्किंग के खिलाफ नगर निगम की ओर से पिछले कई दिनों से दी जा रही कार्रवाई की चेतावनी के बाद शनिवार को नगर थाना पुलिस की ओर से कार्रवाई शुरू हुई. इस दौरान पुलिस जवानों ने मुख्य सड़क किनारे बेतरतीब ढंग से लगाए गए ठेला और टोटो के साथ-साथ बाइक चालको पर भी सख्ती की गई और जुर्माना वसूला गया. लेकिन पुलिस की सख्ती और कार्रवाई का असर कुछ देर तक ही रहा क्योंकि जैसे ही



कार्रवाई बंद हुई, तो वापस ठेला और टोटो चालकों ने दुबारा सड़क किनारे पर कब्जा जमा लिया. दरअसल, शहर में रोड जाम होने का सबसे बड़ा कारण टोटो और फुटपाथी ठेला दुकानदार हैं और इनके कारण ही शहर के कई सड़को पर सारा दिन जाम लगा रहता है. लेकिन स्थानीय राजनीतिक संरक्षण के कारण निगम और नगर थाना पुलिस कोई ठोस कार्रवाई नही कर पा रही है।

## एफपीओ से किसानों का होगा विकास : एलडीएम

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गिरिडीह :** राष्ट्रीय कृषि और ग्रामीण विकास बैंक के द्वारा रेड चिली होटल में गिरिडीह में नाबार्ड प्रायोजित 22 कृषक उत्पादक संगठन (एफपीओ) के एक -एक डायरेक्टर और सीईओ का तीन दिवसीय प्रशिक्षण शुक्रवार को सम्पन्न हुआ। समापन समारोह में एफपीओ पदाधिकारियों को संबोधित करते हुए एलडीएम नितेश कुमार ने कहा कि सरकार एफपीओ के माध्यम से किसानों का विकास करने के लिए तत्पर है। उन्होंने कहा कि एफपीओ को किसानों के छोटे छोटे समूह में अपना व्यवसाय का चयन कर काम शुरू करने की जरूरत है। इसके लिए



सरकार द्वारा कई तरह की ऋण योजना चलाई जा रही है। एलडीएम ने कहा कि एफपीओ को पूँजी की कमी नहीं होगी। नाबार्ड गिरिडीह के डीडीएम आशुतोष प्रकाश ने कहा कि एफपीओ गठन के लगभग तीन साल पूरे हो गए हैं। अब सभी एफपीओ बिजनेस मोड में आ गए हैं। बहुत जल्द गिरिडीह में लोकल किसान उत्पाद बाजार में मिलने शुरू हो जायेंगे। प्रशिक्षण के प्रथम दिन जिला कृषि पदाधिकारी सुरेन्द्र सिंह ने एफपीओ लिए सरकार द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि अगले वित्तीय वर्ष में झारखंड सरकार ने एफपीओ के लिए 50 करोड़ रुपए का बजट में प्रावधान किया है। झारखंड राज्य ग्रामीण बैंक के आर एम विजय प्रकाश ने कहा कि ग्रामीण बैंक के द्वारा एफपीओ द्वारा गठित जेएलजी के माध्यम से किसानों को ऋण मुहैया कराया जा रहा है।

## तीन चोर गिरफ्तार, सामान जब्त

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**धनबाद :** बरोरा थाना क्षेत्र के दरीदा बस्ती में रहने वाले नागेश्वर राय के बंद आवास का ताला तोड़कर चोरों ने 40 हजार रुपया मूल्य की संपत्ति चुरा ली थी। मामले मे शनिवार को बरोरा पुलिस चोरी का उद्भेदन कर तीनों चोरों को जेल भेज दिया।

चोरी हुए सामानों में जेट पंप, इनवर्टर, बैट्री, पांच प्लास्टिक के बोरा मे एक क्विंटल चावल, 30 पैकेट आधा किलो वाला रिफाइन तेल, एक किलो का 9 पैकेट सरसो तेल पुलिस ने आरोपी के निशानदेही पर बरामद किया।

गिरफ्तार आरोपी मे रामप्रवेश सिंह उर्फ मनोहर सिंह, गौतम सिंह, टिंकू महतो है। सभी गिरफ्तार आरोपी बेहराकुदर बस्ती के रहने वाले हैं। छापेमारी मे बरोरा थाना प्रभारी निरज कुमार, नितिन अश्वनी, चंद्रशेखर राय व अन्य जवान शामिल थे।

## अपशब्द भाषा का इस्तेमाल करने वाले युवक की गिरफ्तारी की मांग



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**टुंडी :** टुंडी सीएचसी में तत्काल आवश्यक सेवाओं को छोड़ कर सभी तरह की सेवाएं ठप रहेगी। प्राप्त समाचार के अनुसार टुंडी प्रखंड के मधुरसा निवासी राजकुमार मंडल द्वारा किसी बच्ची की इलाज में कोताही बरतने पर टुंडी प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ श्रवण कुमार को दूरभाष के माध्यम से अपशब्द भाषा का प्रयोग किया गया था इसी को लेकर डाक्टर श्रवण कुमार ने राजकुमार मंडल के खिलाफ टुंडी थाना में लिखित शिकायत दर्ज कराई है एवं आज शनिवार को संवाददाता को बताया कि थाना में आवेदन दिए 24 घंटे से ज्यादा समय बीतने चला मगर अब तक टुंडी पुलिस द्वारा गिरफ्तारी नहीं हुई जब तक आरोपी युवक राजकुमार मंडल की गिरफ्तारी नहीं हो जाती हमलोग सभी स्वास्थ्य कर्मी आवश्यक सेवाओं को छोड़ कर किसी तरह की सेवाएं देने में असमर्थ हैं आगे प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ श्रवण ने कहा हमलोगों का सम्मान में ठेस पहुंचाया गया है जब तक आरोपी की गिरफ्तारी नहीं हो जाती ओपीडी की तमाम सेवाएं ठप रहेगी और जरूरत पड़ने पर हमलोग हड़ताल पर भी जा सकते हैं।

## पुलिस की गुंडागर्दी नहीं होगी बर्दाश्त : मरांडी



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बिरनी :** शनिवार को प्रखण्ड क्षेत्र के ग्राम जनता जरीडीह में झारखंड के दिग्गजों का जमावाड़ा रहा. विगत 9 मार्च की जरीडीह की बहुचर्चित मामले में नया मोड ले लिया है।

इस बीच झारखंड के प्रथम मुख्यमंत्री सह भाजपा नेता बाबुलाल मरांडी पीडीत परिवारों से मिलने जरीडीह पहुंच कर उन्हें सांत्वना दिया. इस बीच उन्होंने कहा कि जिस प्रकार से पुलिस ने जरीडीह की जनता पर बेरहमी से कार्यवाई किया है यह पुलिस की गुंडागर्दी गर्दी है. जब तक इन दोषी पुलिस कर्मियों को सजा नहीं हो जाती तब तक हम चुप नहीं बैठेंगे. आपको बता दें कि उक्त मामले में बिरनी पुलिस ने स्थानीय मुखिया समेत दर्जनों लोगों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है जिसमें दो नाबालिग मैट्रिक का छात्र हैं जिनकी परीक्षा अगले सोमवार को है. मौके पर पूर्व सांसद रविंद्र राय, पूर्व विधायक नागेंद्र महतो, पूर्व आईजी सह भाजपा नेता लक्ष्मण सिंह, सांसद प्रतिनिधि प्रेमचंद प्रसाद कुशवाहा, सांसद प्रतिनिधि देवनाथ राणा, जिलाध्यक्ष महादेव दूबे. मनोज, सुरज, रतन, अजय यादव मंडल अध्यक्ष राजदेव समेत सैंकड़ों लोग उपस्थित थे।

## भाजपा ने कई वार्ड के बूथ साथी संग बूथ सशक्तिकरण डाटा उपयोगिता कार्यक्रम का किया आयोजन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गिरिडीह :** शनिवार को भारतीय जनता पार्टी झारखंड प्रदेश के निर्देशानुसार संगठनात्मक कार्यों को लेकर गिरिडीह नगर के वार्ड संख्या 4, 5, एवं 6 के कुल 12 बूथ मे से नजदीक के बुथ साथियों के साथ वार्ड संख्या 4 के बूथ संख्या 14 काली मंडा बोडो के प्रांगण में नगर अध्यक्ष हरमिंदर सिंह बग्गा की अध्यक्षता में उक्त वार्ड के अल्पकालिक विस्तारक प्रदेश प्रवक्ता भाजपा ओबीसी मोर्चा के विनय कुमार सिंह एवं भाजपा नेता अल्पकालिक विस्तारक दीपक स्वर्णकार की उपस्थिति में कार्यक्रम संपन्न हुआ। कार्यक्रम में महामहिम राष्ट्रपति महोदय के अभिभाषण को नगर अध्यक्ष हरमिंदर सिंह बग्गा, जिला महामंत्री संदीप डंगैच, नगर मंत्री संचालन कर्ता ज्योति शर्मा एवं अल्पकालिक विस्तारक विनय कुमार सिंह द्वारा कार्यक्रम में पढ़कर सुनाया गया। सिंह के द्वारा बताया गया कि देश के यशस्वी माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र भाई मोदी जी के कुशल नेतृत्व में देश के चौमुखी विकास एवं जन कल्याणकारी योजनाओं से सभी वर्ग के गरीबों को प्रधानमंत्री आवास, आयुष्मान भारत के तहत पांच लाख तक चिकित्सा सुविधा शौचालय, प्रधानमंत्री कृषि आशीर्वाद योजना, कोविड-19 से लगातार प्रति व्यक्ति 5 किलो मुक्त राशन प्रति महिना जन धन योजना, नारी सशक्तिकरण आदि देश हित में अनेकों महत्वपूर्ण कार्यों का जिक्र है।

## कांग्रेस का हाथ से जोड़ो हाथ यात्रा कार्यक्रम का आयोजन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**धनबाद :** कांग्रेस के हाथ से जोड़ो हाथ यात्रा कार्यक्रम के अंतर्गत धनबाद जिला कांग्रेस कमिटी के अध्यक्ष संतोष कुमार सिंह के नेतृत्व में समाज के अंतिम व्यक्ती तक कांग्रेस पार्टी के पहुंचने के संकल्प के साथ दो कार्यक्रम आयोजित की गई। पहला कार्यक्रम गोविंदपुर बरवा पूर्व पंचायत अंतर्गत खड़काबाद बाउरी टोला मे तथा दूसरा कार्यक्रम गोविंदपुर के मोरंगा पंचायत अंतर्गत घोड़ामुर्गा टोला में हुआ जिसकी अध्यक्षता प्रखंड कांग्रेस अध्यक्ष मनोज कुमार हाड़ी ने तथा संचालन शरीफ अंसारी ने किया। जिसमें ग्रामीण क्षेत्र से सैकड़ों लोगों की उपस्थिती हुई। कार्यक्रम में मुख्य रूप से कार्यकारी अध्यक्ष राशिद राजा अंसारी, भोला राम, योगेन्द्र सिंह योगी, कयूम खान, जावेद रजा, दिनेश सिंह, नवनित नीरज, अनूप सिंह उर्फ डेविड सिंह, शरीफ अंसारी, अरशद कलीम, एस के मिश्रा, अरविंद कुमार सैनी, सूरज कुमार वर्मा, गोपाल धारी, अनवर अंसारी आदि थे।

## प्रेमी जोड़ा पहुंचा मधुबन थाना, एक साथ रहने की लगाई गुहार



**मधुबन(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** महेशपुर टू पंचायत से तीन दिनों से फरार एक प्रेमी जोड़ा गुरुवार की संध्या को मधुबन थाना पहुच कर न्यायालय में शादी की बात बता कर एक साथ रहने की गुहार लगाया बाद में पुलिस ने प्रेमी जोड़े के परिजनों को थाना बुलाकर मामले से अवगत कराया प्रेमी युवक के परिजन इस शादी को मनाने से साफ इंकार कर दिया।जबकि प्रेमिका के परिजनों ने शादी पर सहमति जताई।इधर प्रेमी जोड़े साथ जियेंगे साथ मरेंगे की कसमें के साथ अपनी जिद पर अड़े रहे बाद में पंचायत के ग्रामीणों ने थाना के समीप काली मंदिर में प्रेमी जोड़े को शादी करा दी।इस मौके पर महेशपुर टू मुखिया प्रतिनिधि हरि साव संजय रजवार तुलसी महतो धर्मेंद्र कमार फिरोज खान अनिल ठाकुर सहदेव महतो गोलू रवानी पिंटू तुरी रवि कमार कमली देवी,सुगा देवी पानकुमारी देवी कुली महतवाइन पुतरी देवी सुधा देवी आदि शामिल थे।

## संक्षिप्त खबरे

### देव आनंद ने नटराज स्टूडियो के शूटिंग हॉल में फोटो वीडियो एक्सपो 2023 का पोस्टर किया लॉन्च

प्रभात मंत्र संवाददाता

**लोहरदगा :** झारखंड फोटोग्राफी एसोसिएशन लोहरदगा के तत्वाधान में आज जिले के सभी फोटोग्राफर एवं वीडियोग्राफरो के द्वारा स्थानीय नटराज स्टूडियो के शूटिंग हॉल में फोटो वीडियो एक्सपो 2023 का पोस्टर लॉन्च किया गया। इस कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि जिले के प्रख्यात चित्रकार एवं जे एन वी के सेवा निर्मित कला शिक्षक देव आनंद महतो थे। मुख्य अतिथि का स्वागत सचिव पवन कुमार के द्वारा पुष्प गुच्छा देकर एवं शॉल ओढ़ाकर उन्हें सम्मानित किया गया। इन्होंने 4th झारखंड इमेजिंग एक्सपो 2023 का पोस्टर लॉन्च करते हुए कहा कि सौंदर्य सभी जगह बिखरा पड़ा हुआ है सिर्फ सौंदर्य को पहचानने की जो क्षमता होती है वह फोटोग्राफरों के पास होती है और उस सौंदर्य को फोटोग्राफर कैमरा के माध्यम से लोगों के पास रखता है।

# सिमडेगा की जनता ने जो स्नेह दिया है उसकी आवाज सांसद में गूंजती है : अर्जुन मुंडा

## कार्यकर्ता पार्टी की रीढ़, बूथ को करें मजबूत : अर्जुन मुंडा

प्रभात मंत्र संवाददाता

**सिमडेगा :** भारतीय जनता पार्टी के संगठनात्मक बैठक जिला कार्यालय में हुई बैठक में जिला के पदाधिकारी सभी कार्यकर्ता मंडल अध्यक्ष एवं अल्पकालीन विस्तारक मुख्य रूप से मौजूद थे बैठक की अध्यक्षता करते हुए जिला अध्यक्ष लक्ष्मण बड़ाईक ने केंद्रीय मंत्री का स्वागत करते हुए कार्यकर्ताओं को प्रदेश द्वारा निर्देशित सभी कार्य समय पूरा करने का आग्रह किया साथ। बैठक को संबोधित करते हुए केंद्रीय मंत्री व स्थानीय सांसद श्री अर्जुन मुंडा ने स्वागत करते हुए के खूंटी लोकसभा क्षेत्र एवं सिमडेगा की जनता ने मुझे जो वोट देकर स्नेह दिया है उसकी आवाज सांसद में गूंजती है और पूरा देश सुनता है यह सिमडेगा की



जनता के आशीर्वाद से ही संभव हो पाया है, साथ ही केंद्रीय मंत्री ने कहा अल्पकालीन विस्तारक का कार्य बहुत ही भूत सशक्त बनाने की जिम्मेदारी उनके कंधों पर है वह सशक्त बूथ का निर्माण कर संगठन का विस्तार करें केंद्रीय मंत्री ने कहा की कार्यकर्ता बूथ स्तर तक जाकर केंद्र सरकार के जन कल्याणकारी कार्यो को घर-घर तक पहुंचाने का कार्य करें देश आज सांस्कृतिक एवं विकसित दोनों तरफ समान रूप से आगे बढ़ रहा है जहां देश में एक तरफ अयोध्या मंदिर का निर्माण हो रहा है वहीं दूसरी ओर लोकतंत्र का मंदिर नया संसद भवन का भी निर्माण हो रहा है जहां एक तरफ काशी विश्वनाथ कॉरिडोर का निर्माण हो रहा है वहीं दूसरी ओर हर जिले में मेडिकल कॉलेज का निर्माण हो रहा है जहां एक और ऐतिहासिक धरोहरों को संरक्षित करने का कार्य किया जा रहा है दूसरी ओर सैटेलाइट के क्षेत्र में भारत आगे बढ़ रहा है प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का सपना है कि भारत का संपूर्ण विकास होना चाहिए हमारे लिए गर्व की बात है कि देश की राष्ट्रपति पहली बार कोई महिला आदिवासी को बनाया गया है यह झारखंड और करोड़ों आदिवासियों मूल वासियों के लिए सम्मान की बात है भारत में जिस तरह से आज नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में कार्य हो रहे हैं वाह आज तक नहीं हो पाया प्रधानमंत्री युवा शक्ति को संकल्प के साथ आगे बढ़ने का मौका दे रहे हैं, प्रधानमंत्री के नेतृत्व में आधुनिक भारत के निर्माण के बुनियाद रखी जा रही है हमें गर्व है कि इस अमृत काल में भारत का स्वर्णिम समय आ रहा है संगठन की की मजबूती के लिए केंद्रीय मंत्री ने कार्यकर्ताओं को टिप्स देते हुए कहा कि एक बूथ में दो अल्पकालीन विस्तारक एक संयोजक एक सह संयोजक एक प्रभारी 5 कार्यकर्ताओं का टीम है जिस तरह पांच उंगलियां मिलकर मुट्ठी का निर्माण होता है उसी तरह यह 5 कार्यकर्ता मिलकर भूत को सशक्त बनाने का कार्य करें। सिमडेगा जिला में मेडिकल कॉलेज के निर्माण नहीं होने पर केंद्रीय मंत्री श्री अर्जुन मुंडा ने कहा कि भारत सरकार स्वास्थ्य के क्षेत्र में गंभीरता पूर्वक आगे बढ़ रही है और हर जिले में एक मेडिकल कॉलेज का निर्माण करने की योजना पर कार्य कर रही है पर सिमडेगा जिला में मेडिकल कॉलेज बनने पर राजनीति की गई राज्य सरकार विकास नहीं विनाश की राजनीति कर रही है।

## उपायुक्त ने बैंक प्रबंधकों के साथ की बैठक



**लोहरदगा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण की अध्यक्षता में सभी बैंक प्रबंधकों के साथ बैठक समाहरणालय सभागार में की गई। बैठक में प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम (पीएमईजीपी) से संबंधित बैंकों में प्राप्त, निष्पादित व लंबित आवदनों की समीक्षा बैंकवार की गई। साथ ही, जिन बैंकों की उपलब्धि लगातार खराब रह रही है उनके स्टेट हेड को कार्रवाई हेतु पत्राचार किये जाने का निदेश अग्रणी बैंक प्रबंधक को दिया गया। आज की बैठक में जिला उद्योग महाप्रबंधक के प्रभार में आलोक कुमार, जिला अग्रणी बैंक प्रबंधक रविंद्र प्रसाद, संबंधित बैंकों के प्रबंधक उपस्थित थे।

## 88 परिक्षार्थीयों ने दिया मैट्रिक में उर्दू की परीक्षा



**सेन्हा-लोहरदगा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** झारखण्ड अविविद्य परिषद द्वारा आयोजित मैट्रिक की परीक्षा में शनिवार को नन्दलाल प्लस 2 उच्च विद्यालय अरु व कन्या मध्य विद्यालय सेन्हा में उर्दू का परीक्षा हुआ। सेन्हा प्रखंड क्षेत्र स्थित संचालित नंदलाल प्लस टू उच्च विद्यालय अरु एव कन्या मध्य विद्यालय सेन्हा को परीक्षा केन्द्र बनाया गया है। नन्दलाल प्लस 2 उच्च विद्यालय अरु में 36 परिक्षार्थी एवं कन्या मध्य विद्यालय सेन्हा में 52 परिक्षार्थी कुल 88 परीक्षार्थीयो ने परीक्षा में शामिल हो उर्दू विषय का परीक्षा दिया। केन्द्राधीक्षक अभिषेक गौरव और सीमा नैन्सी लकड़ा ने बताया की मैट्रिक की परीक्षा शांति पूर्ण और कदाचार मुक्त सम्पन्न हुआ। मौके पर प्रखंड कृषि पदाधिकारी सह दंडाधिकारी रघुनंदन वैद्य एवं प्रखंड पशुपालन पदादिकारी सह दंडाधिकारी डॉ मनोज कुमार तथा शिक्षक शिक्षिकाओं के अलावे ए एस आई जमशेद खान,आयता खेस पुलीस दल मौजूद थे।

## शुभकामना पत्र निर्माण प्रतियोगिता में शशि और अल्फा प्रथम

# विद्या मंदिर +2 में भारतीय नव वर्ष शुभकामना पत्र निर्माण प्रतियोगिता का हुआ आयोजन

प्रभात मंत्र संवाददाता

**लोहरदगा :** मनोहर लाल अग्रवाल सरस्वती विद्या मंदिर +2 विद्यालय में हाथ नोवल शुभकामना पत्र निर्माण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। भारतीय नव वर्ष शुभकामना पत्र निर्माण प्रतियोगिता में विज्ञान संकाय में शशि कच्छप ने प्रथम स्थान, रितेश मुंडा ने द्वितीय स्थान और बबली कुमारी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। वही कला संकाय में अल्फा कुजूर, मधु श्वेता कुजुर और नेहा कुमारी ने क्रमशः प्रथम द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त किया। सभी विजेता प्रतिभागियों को प्राचार्य उत्तम मुखर्जी एवं शिक्षक शिक्षिकाओं के द्वारा प्रशस्ति पत्र भेंट करके पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम में सुषमा अभिषेक लकड़ा, अमित उरांव, रोशन उरांव, सुहानी टोप्पो,



निशा उरांव, रोशनी कुमारी, अनीमा लकड़ा, सुजीत उरांव, प्रिया कुजुर, संदीप उरांव, अमित उरांव, प्रिया कुजुर, आदित्य उरांव, निशा कुजुर, कोमल कुमारी साहू, धर्मदेव उरांव, मंतोष उरांव, पूर्णिमा भगत, सोनी केरकेट्टा, रोशनी उरांव, पूनम कुमारी, अजीत उरांव आदि छात्र-छात्राओं ने भी उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। कार्यक्रम में कविता कुमारी, रेणु कुमारी, प्रीति कुमारी गुप्ता, रश्मि साहू, यशोदा कुमारी, चेतना प्रिया, आरती भगत, ऋद्धि मिश्रा, नीतू कुमारी सहित शिक्षक शिक्षिकाएं एवं विद्यार्थी उपस्थित थे।

## पांच आरोपियों को गिरफ्तार कर भेजा गया जेल

प्रभात मंत्र संवाददाता

**सेन्हा-लोहतदगा :** कंडरा जगल के समीप देर रात्रि गश्ती के दौरान लूट पाट की प्राप्त सूचना का सत्यापन थाना प्रभारी धनंजय कुमार पासवान के नेतृत्व में स0अ0नि0 श्रीकांत दास दल बल के साथ पांच युवकों को गिरफ्तार कर थाना लाया गया। पुछताछ के क्रम में गिरफ़्तार युवकों के निशान देहि पर चोरी का समान बरामद कर नियम संगत करवाई करते हुए सेन्हा थाना कांड संख्या 38/23 दर्ज कर धारा 399, 402 भादवि के तहत गिरफ्तार अभियुक्त अलीहसन अन्सारी, पिता कुर्बान अन्सारी, फरीद अन्सारी, पिता स्व कुर्बान अन्सारी, अफरोज अन्सारी, पिता स्व जुल्फान अन्सारी, सुलेमान अन्सारी, पिता स्व हुसैन अन्सारी सभी साकिन भड़गाँव, थाना सेन्हा, जिला लोहरदगा तथा दानिश कोटवार, पिता कलीम कोटवार गुमला जिला अन्तर्गत भरनो थाना क्षेत्र के मलगो निवासी को गिरफ्तार किया गया। बताया जाता है। कि लाल रंग का



बैगन आर जे एच 0 2 जे 5136 को डायभरसन के समीप एन एच 143 पथ को ब्लॉक कर घटना को अंजाम देने का फिराक में जुटा हुआ था। उसी दौरान सूचना सत्यापन में निकली हुई गश्ती टीम को रोड ब्लॉक एवं पाँच युवक को एक साथ देख कर शनदेह उतपन्न हुई। जिसके पश्चात पुलिस द्वारा पुछताछ एवं जाँच पड़ताल के दौरान काला रंग का बैग, हथौड़ा, नौ पीस पेचकस, स्टील का तलवार और रिंच बरामद किया गया। तथा उन लोगो के निशानदेही पर घाघरा थाना क्षेत्र के देवाकि मंदिर से महज दो किलोमीटर दूरी खड़ी बॉकसाइड ट्रक से बैटरी चोरी करने की बात स्वीकार किया जिस पर पूछताछ के पश्चात जांचोपरांत नियम संगत कारवाई करते हुए मीडिया के समक्ष प्रस्तुत कर सभी अभियुक्तों को न्यायिक हिरासत में जेल भेजा गया। मौके पर सर्कल पुलिस इंपेक्टर चन्द्रमोहन हांसदा, थाना प्रभारी धनंजय कुमार पासवान,एस आई गणेश कुमार यादव मौजूद थे।

## बीडीओ ने आरसीसी पुलिया कार्य का किया निरीक्षण दिया आवश्यक दिशा निर्देश

**सेन्हा-लोहरदगा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** नौदी में बन रहा आरसीसी पुलिया का प्रखंड विकास पदाधिकारी ने किया निरीक्षण कहा समय के साथ गुणवत्तापूर्ण ढंग से कार्य करें। सेन्हा प्रखंड मुख्यालय स्थित सेन्हा



पंचायत के नौदी ग्राम में प्रखंड विकास पदाधिकारी अशोक कुमार चोपड़ा एवं कनीय अभियंता संजीत कुमार द्वारा लाखों की लागत से बन रहा आरसीसी पुलिया निर्माण का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान मजदूरों से बात किया और गांव में काम करने को कहा। उन्हनो कहा की एससीए योजनामद से योजना का पुलिया निर्माण किया जा रहा है प्रखंड विकास पदाधिकारी ने कहा कि ग्रामीणों के कहने के अनुसार किसानो का खेती से उत्पादन को आसानी से घर लाया जा सकता है और अरु सीमा को पथ जोड़ता है। जिसे लोगों को लाभ मिलेगा। नौदी अम्बा गढ़ा नाला में पुलिया नहीं होने से काफी परेशानी होता था उन्होंने संवेदक रोहित साहू को कहा कि कार्य को समय सीमा के अंदर कार्य यथाशीघ्र बरसात से पहले पूर्ण करें। और सड़क का निर्माण कर जनता को दें।उन्होंने गांव में पीसीसी पथ का भी निरीक्षण किया साथ ही कहा कि विकास के कार्य में ग्रामीण सहयोग करें और गुणवत्तापूर्ण कार्य कराने में अहम भूमिका निभाई स्थानीय लोगों को योजना में काम दें और साथ में मजदुरी का भुक्तान करें। मौके पर बीडीआ अशोक कुमार चोपड़ा, कनीय अभियंता सजीत कुमार, मिथलेश मिश्रा आदि उपस्थित थे।

## जेएसएलपीएस के तत्वाधान में एक दिवसीय बीमा क्लेम सह जागरूकता शिविर आयोजित



प्रभात मंत्र संवाददाता

**कैरो-लोहरदगा :** कैरो प्रखंड कैरो जिला लोहरदगा के अंतर्गत प्रखंड क्षेत्र के 26 गांवों के 31 ग्राम संगठनों में 17 मार्च शुक्रवार को जेएसएलपीएस के तत्वावधान में एक दिवसीय बीमा क्लेम सह जागरुकता शिविर का किया गया आयोजन। मौके पर उपस्थित लोगों ने स्वयं बीमा कराने व दूसरे लोगों को भी बीमा कराने के लिए प्रेरित करने के लिए शपथ लिया।जिसके माध्यम से लोगों को प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना,प्रधानमंत्री जीवन ज्योति योजना,अटल पेंशन योजना सहित अन्य बीमा योजनाओं की जानकारी दी गई। नरौली स्थित जागरूकता शिविर में मुख्य रूप से उपस्थित संस्थान के राज्य कार्यक्रम प्रबंधक आशीष कुमार ने कहा कि सभी लोग बीमा योजना का लाभ उठाएं। कार्यक्रम के माध्यम से उन्होंने लोगों को बताया कि बीमा के पश्चात अगर किसी का मृत्यु हो जाती है तो उस परिवार के नामित व्यक्ति का किस प्रकार से बैंक से समंवय स्थापित कर क्लेम सेटलमेंट किया जाएगा। साथ ही क्लेम जमा करने के उपरांत वर्तमान अवस्था का लगातार बैंक से पता करने से परिचर्चा,क्लेम जमा के लिए आवश्यक कागजात, नियम व उसके प्रावधानों पर मुख्य रूप से चर्चा किया गया। सभी ग्राम संगठन में नोडल नियुक्त किया गया, जिसकी देखरेख में कार्यक्रम संचालित किया गया।

## उपायुक्त ने प्रधानमंत्री आवास योजना को लेकर की समीक्षा बैठक



प्रभात मंत्र संवाददाता

**लोहरदगा :** उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण की अध्यक्षता में आज प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) की समीक्षा बैठक की गई। बैठक में वर्ष 2022-23, 2021-22 और वर्ष 2021 से पूर्व में प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) में प्राप्त लक्ष्य, लक्ष्य के विरूद्ध पूर्ण आवास व लंबित आवास, किश्त राशि का भुगतान आदि बिंदुओं की समीक्षा की गई। बैठक में मार्च व अप्रैल माह में निर्धारित संख्या में आवास पूर्ण करने का लक्ष्य दिया गया। जिन लाभुकों के बैंक खाता का सत्यापन नहीं हुआ है एक दिन में कर लें। साथ ही, निदेश दिया गया कि जो लाभुक आवास बनाने हेतु योजना की राशि प्राप्त कर चुके हैं और अब तक पूर्ण नहीं किये हैं, उन पर कड़ी कार्रवाई किये जाने का निदेश दिया गया। आज की बैठक में उप विकास आयुक्त समीरा एस, अनुमण्डल पदाधिकारी अरविंद कुमार लाल, सभी प्रखण्ड विकास पदाधिकारी, प्रधानमंत्री आवास जिला समन्वयक केके गुप्ता, सभी प्रखण्डों के कार्यक्रम समन्वयक उपस्थित थे।

## वज्रपात की चपेट में आने से सीठीयो की महिला का बिहार के गोपालगंज जिला में हुई मौत

प्रभात मंत्र संवाददाता

**सेन्हा-लोहरदगा :** बज्रपात की चपेट में आने से सीठीयो की महिला का बिहार के गोपालगंज जिला में हुई मौत प्रशासनिक प्रकिया के उपरांत शव पहुंचा गांव परिवार एवं गांव में छाया मातम। सेन्हा थाना क्षेत्र के सीठीयो निवासी तुलसी महली के 25 वर्षीय पत्नी पुनिया देवी की मौत बज्रपात के चपेट में आने से बिहार राज्य के गोपालगंज जिला अंतर्गत मकसूदपुर थाना क्षेत्र के महुवा एमके ईंट भट्ठा में कार्य करने के दौरान 17 मार्च को हो गया। घटना की सूचना पर स्थानीय प्रशासन नियम संगत कारवाई करते हुए पोस्टमार्टम करवा कर शव परिजनों को अंतिम संस्कार के लिए सौपा दिया। बताया जाता है कि नवम्बर माह में बिहार राज्य के गोपालगंज जिला स्थित महुवा एमके ईंट भट्ठा में अपने परिवार के साथ काम करने गई थी। वही आर्थिक स्थिति काफी दैनीय बताया जा रहा है। गांव में शनिवार सुबह शव पहुंचते ही परिवार व गांव में मातम छा गया। शव के पहुंचने की सूचना पर पंचायत की मुखिया



शोभा देवी मृतक के घर पहुंच शोकाकुल परिवार को ढांढस दिलाते हुए शव पहुंचने की सूचना अंचलाधिकारी विजय कुमार एवं थाना प्रभारी धनंजय कुमार पासवान को दिया। इसके अलावा परिजन एवं ग्रामीण ने अंतिम संस्कार की तैयारी में जुट गये। घटना को लेकर मुखिया शोभा देवी ने बताया कि मृतक महिला अपने परिवार के साथ ईंट भट्ठा में काम करने गई थी। और आर्थिक स्थिति काफी दौनीय है। मृतक महिला अपने पीछे दो बच्चों को पति के सहारे छोड़ गई है। परंतु परिवार की आर्थिक स्थिति ठीक नही होने के कारण परिवार के बीच समस्या बना हुआ है। वहीं अंचलाधिकारी विजय कुमार ने कहा बज्रपात से अंचल क्षेत्र के सीठीयो ग्राम की महिला का मौत बिहार राज्य के गोपालगंज जिला में होने की सूचना प्राप्त हुआ है।

## हिंडालको ने कुजाम में 92 स्कूली बच्चों के बीच डेस्क किट का किया वितरण



**लोहरदगा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** हिंडालको द्वारा ग्राम पंचायत गुरदारी के राजकीय उत्क्रमित मध्य विद्यालय कुजाम में 92 बच्चो के बीच डेस्क किट का वितरण किया गया। डेस्क किट के माध्यम से बच्चों को बैठकर लिखने में सुविधा उपलब्ध हो सकेगी। साथ ही बच्चो को नियमित उपस्थिति के लिए अभिवावक के साथ बैठक कर नियमित स्कूल में उपस्थिति सुनिश्चित हो। इसके लिए बच्चो एवम अभिभावक में जागरूक किया गया। साथ ही विद्यालय में दरी वितरण का भी वितरण किया गया। कार्यक्रम का आयोजन हिंडालको सीएसआर एवम विद्यालय द्वारा किया गया। कार्यक्रम में कुजाम माइंस के सीएसआर अधिकारी मनोज कुमार द्वारा बच्चो में जागरूकता हेतु बच्चो को नियमित स्कूल भेजने हेतु जागरूक किया। साथ ही अभिवावक को अपने बच्चो के प्रति शिक्षा के प्रति जवाबदेह बनने की प्रेरणा दी। साथ ही बच्चो के माता पिता को साक्षर बनने की प्रेरणा के लिय कहानी के माध्यम से जागरूक किया, स्कूल के प्रधानाध्यापक प्रमोद कुमार उराव द्वारा आज की उपस्थिति देख कर उत्साहित हुए। उन्होंने नियमित रूप से बच्चो को स्कूल आने के लिय माता पिता को शिक्षा के प्रति जागरूक होने की बात कही । कार्यक्रम में विद्यालय के शिक्षक एवं वार्ड सदस्य अजीत असुर,सुरेश असुर आदि उपस्थित हुए।

# अविराम कॉलेज ऑफ एजुकेशन में राष्ट्रीय सेमिनार का हुआ भव्य शुभारंभ

प्रभात मंत्र संवाददाता

**लोहरदगा :** अविराम कॉलेज ऑफ एजुकेशन टिको कुरू लोहरदगा में दो दिवसीय राष्ट्रीय सेमिनार का आयोजन उच्च शिक्षा परिदृश्य पर सोशल मीडिया का प्रभाव विषय पर शुभारंभ शिक्षा क्षेत्र की महान हस्तियों के द्वारा किया गया। जिनमें नीलंबर पीतांबर यूनिवर्सिटी के पूर्व कुलपति डॉ फिरोज अहमद, स्कूल ऑफ मास कम्युनिकेशन के निदेशक रेडियो रांची यूनिवर्सिटी आदि और डॉक्यूमेंट्री के निर्माता डॉ बिनोद कुमार, रांची यूनिवर्सिटी के पूर्व छात्र कल्याण अधिष्ठाता डॉ गौरी शंकर झा, राष्ट्रीय सेवा योजना के समन्वयक डॉ बृजेश कुमार, उपेंद्र उपाध्याय नेतरहाट आवासीय विद्यालय से अवकाश प्राप्त शिक्षक, इंद्रजीत कुमार ने दीप प्रज्वलन कर, शोध स्मारिका विमोचन कर किया। सभी अतिथियों का अभिनंदन शॉल, पगड़ी, बैच, बुके, झारखंडी पारंपरिक गमझा, पत्ता टोपी पहना कर किया गया और महाविद्यालय के प्रशिक्षुओ द्वारा निर्मित वर्मी कंपोस्ट भेंट सचिव



इंद्रजीत कुमार द्वारा दिया गया। सांस्कृतिक कार्यक्रमों में योग नृत्य करण और साथियों द्वारा, सुंदर झारखंड पर नृत्य अनुपा और साथी, महिला सशक्तिकरण पर स्किट रश्मि और साथियों द्वारा अदभुत रूप से प्रस्तुत किया गया। स्वागत उद्बोधन में इंद्रजीत कुमार द्वारा सभी अतिथियों का स्वागत किया गया और महाविद्यालय की यात्रा को साझा भी किया गया। उद्बोधन में डॉ फिरोज अहमद ने कहा कि सोशल मीडिया के नकारात्मक पक्ष है परंतु ऐसा ही कुछ जब रेडियो, टेलीविजन आया था तब भी सोचा जाता था क्योंकि समाज परिवर्तन को जल्दी आत्मसात नहीं करता है पर ये वर्तमान की आवश्यकता है। डॉ बिनोद ने कहा कि प्राचीन काल में पत्थर, दीवाल, चेहरे और शरीर पर गोद कर संप्रेषण किया जाता था बाद में अखबार, रेडियो, फिल्म, टेलीविजन, फोन, पेजर, मोबाइल, ओटीटी और सोशल मीडिया तक का सफर हम सभी ने तय किया है पर इनमे से अधिकांश आज भी प्रासंगिक हैं अतः परिवर्तन से डरने की अपेक्षा उसके कुप्रभावो से बचने की आवश्यकता है, डॉ गौरीशंकर झा ने कहा कि सोशल मीडिया शिक्षा ही नहीं सभी क्षेत्रों के लिए उपयोगी हमे सोशल मीडिया को नकल करने के लिए प्रयुक्त नहीं करना चाहिए अपितु इसके साथ साथ प्राथमिक ज्ञान श्रोत पुस्तकों को नही भूलना चाहिए, डॉ बृजेश कुमार ने कहा कि सोशल मीडिया ने बहुत सरल कर दिया है।

## जलडेगा एस एस +2 हाई स्कूल परिसर में हुआ एक दिवसीय सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन

प्रभात मंत्र संवाददाता

**सिमडेगा :** प्रज्वलित बिहार कटहल कोचा रांची के तत्वावधान में जलडेगा प्रखण्ड मुख्यालय एस एस +2 हाई स्कूल परिसर में पर्यटन, कला सांस्कृतिक खेल खुद एवं युवा कार्य विभाग झारखण्ड सरकार के संरक्षण में एक दिवसीय सांस्कृतिक कार्यक्रम कार्यशाला का आयोजन किया गया। आयोजित कार्यक्रम के बतौर अतिथि के रूप में सीओ खगेन महतो, बीडीओ राजेश विजय बारला थाना प्रभारी हिरालाल महतो उपस्थित थे। उपस्थित अतिथियों का आयोजक सदस्यों द्वारा अंग वस्त्र एवं बुके देकर स्वागत किया गया । सीओ खगेन महतो ने कहा कलाकार कला का रीढ़ होता है। कला हमारी एवं हमारी पहचान है, हमारी सांस्कृतिक को बचना हमारी जिम्मेवारी है। थाना प्रभारी हिरालाल महतो ने कहा हमारी सांस्कृति हमारे पुर्वजों की देन है इसे संजोए रखना हमारी जिम्मेवारी है। बीडीओ राजेश विजय बारला ने कहा हमारी वेशभूषा, रहन



सहन, खान पान, और सांस्कृतिक ही हमारी पहचान है। आज इस बदलते समय में हमारी वर्तमान पिढी हमारी सांस्कृतिक एवं परम्परा की जानकारी का अभाव है। झारखण्ड सरकार कला सांस्कृतिक के माध्यम जागरूक करने का काम कर रही है। ताकी अपनी परम्परा सांस्कृतिक के संरक्षण के लिए लोग तत्पर हों। सिमडेगा जिला आदिवासी सांस्कृतिक बहुल क्षेत्र है। यहां के नाच गान का भी एक उद्देश्य है, आज हमारी सांस्कृतिक में आधुनिकता एवं बाहरी सांस्कृतिक का स्थानिय सांस्कृतिक में हावी हो जा रहा है, और इस बदलाव समय में हमारी सांस्कृति, एवं परम्परा बचाए रखना एक चिन्तनीय बिषय संरक्षण की जिम्मेवारी है। आयोजक दल के द्वारा पारम्परिक वेशभूषा में उत्सवनुसार ढोल, नगाड़े, मांदर, सहनाई, बांसुरी के साथ गायन एवं नृत्य प्रस्तुत कर लोगों समाजिक सांस्कृति के संबंध जानकारी एवं जागरूक किया गया है। गाना सरहुल पर्व आलक दादा, कत ई सुन्दर रे, ढोल मांदर बाजे रे बहुते माजा लागे। राटा नृत्य, जदुरा नृत्य, पैंकी नृत्य आदि स्थानिय नृत्य की प्रस्तुति की गई। मौके पर मुखिया बालमुनी लुगून, जयंति देवी, सुभाष साहू, हेमश्रण सिंह, अर्जून होरो, रामेश्वर सिंह,चतुर बड़ाइक, गायक दल के कलाकार एवं बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

## रामजड़ी में आयोजित अखंड हरिकीर्तन में शामिल हुए झापा नेता संदेश एक्का

**कोलेबिरा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** कोलेबिरा के रामजड़ी में हरिकीर्तन यज्ञ समिति राम जड़ी बस्ती की ओर से आयोजित 24 घंटे का हरि कीर्तन पूर्णाहुति और भंडारे के मौके पर झारखंड पार्टी के युवा जिला अध्यक्ष संदेश एक्का पहुंचे। सर्वप्रथम उन्होंने माथा टेकते हुए क्षेत्र की सुख समृद्धि की कामना की जिसके बाद आयोजित अखंड हरिकीर्तन में उन्होंने कीर्तन करते



हुए भक्ति में लीन दिखे। इस मौके पर उन्होंने कहा कि इस प्रकार के धार्मिक अनुष्ठान होने से क्षेत्र में सामाजिक समरसता और धर्म के प्रति लोगों में रुझान बढ़ता है और आजकल की नई पीढ़ी जो अपने धर्म संस्कृति को भूल रहे हैं वह इससे जुड़कर अपने सभ्यता संस्कृति के प्रति सजग होकर आगे आकर महत्वपूर्ण भूमिका निभाते है। हमें इस प्रकार के धार्मिक अनुष्ठान बीच-बीच में करनी चाहिए जिससे कि धर्म का प्रचार क्षेत्र में होता रहे। इस मौके पर उनके साथ कई अन्य लोग भी शामिल हुए जिन्होंने कीर्तन में शामिल हुआ जिसके बाद वहां पर कीर्तन की समाप्ति के मौके पर भजन-कीर्तन के साथ भंडारा एवं हवन पूजन हुई और लोगों के बीच प्रसाद वितरण किया गया इस दौरान कई लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया।

# प्रभात मंत्र

e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com




## चलते चलते एक नजर

### झारखंड के आईएएस राजीव एक्का को ईडी का फिर समन, अब 27 मार्च को बुलाया

**रांची :** झारखंड के मुख्यमंत्री के पूर्व प्रधान सचिव राजीव अरुण एक्का को ईडी ने दोबारा समन भेजकर 27 मार्च को पूछताछ के लिए बुलाया है। इससे पहले आईएएस एक्का को ईडी ने समन भेजकर 15 मार्च को बुलाया था। एक्का ने ईडी को पत्र भेजकर विधानसभा सत्र का हवाला देते हुए 24 मार्च के बाद बुलाने का आग्रह किया था। जांच एजेंसी एक्का से यह जानने की कोशिश कर सकती है कि विशाल चौधरी से उनका क्या संबंध है। क्या दोनों के बीच पैसों का लेनदेन भी हुआ है। पिछले साल 24 मई को ईडी ने विशाल चौधरी के अशोक नगर स्थित आवास पर छापा मारा था। इस दौरान चौधरी ने अपना मोबाइल फोन कचरे में फेंक दिया था। एक्का झारखंड के तीसरे आईएएस अधिकारी हैं, जिनसे ईडी पूछताछ करेगी। इससे पहले पूजा सिंघल और साहिबगंज डीसी रामनिवास यादव से ईडी पूछताछ कर चुकी है। एक्का सीएम के प्रधान सचिव रहे हैं। उनके पास सूचना एवं जनसंपर्क, गृह, कारा एवं आपदा प्रबंधन विभाग का अतिरिक्त प्रभार भी था। वीडियो जारी होने के तत्काल बाद उन्हें सभी पदों से हटाकर पंचायती राज विभाग का प्रधान सचिव बना दिया गया था।

### उपायुक्त ने योजना के तहत 611 लाभुकों का किया चयन

**रांची।** उपायुक्त, रांची राहुल कुमार सिन्हा की अध्यक्षता मेंअनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति एवं पिछड़ा वर्गों के लिये मुख्यमंत्री स्वास्थ्य सहायता योजनान्तर्गत जिला स्तरीय समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में मुख्यमंत्री स्वास्थ्य सहायता योजनान्तर्गत प्राप्त आवेदनों पर समिति द्वारा विचार विमर्श कर लाभुकों का चयन किया गया। समिति द्वारा मुख्यमंत्री स्वास्थ्य सहायता योजना के तहत राँची जिलान्तर्गत विभिन्न प्रखण्डों से कुल 611 लाभुकों का चयन किया गया। जिसमें अनुसूचित जनजाति के 289, अनुसूचित जाति के 37 एवं पिछड़ी जाति के 285 लाभुक शामिल हैं। उपायुक्त द्वारा सभी प्रखंड विकास पदाधिकारियों को प्रखण्ड स्तर पर मुख्यमंत्री स्वास्थ्य सहायता योजना का व्यापक रूप से प्रचार-प्रसार कर अधिक संख्या में आवेदन प्राप्त करते हुए योजना का क्रियान्वयन करने का निर्देश दिया गया है, ताकि अधिक से अधिक लोगों को योजना का लाभ मिल सके।


### एण्डटीवी के भाबीजी घर पर हैं, ने पूरे किए आठ साल

**रांची।** नई दिल्ली एण्डटीवी के कल्ट-कॉमेडी शो 'भाबीजी घर पर हैं' के लिये यह दोगुने जश्न का अवसर है। इस शो ने 8 बेमिसाल साल और 2000 एपिसोड्स का उल्लेखनीय सफर पूरा किया है । यह हांस्य एवं आनंद का एक अद्भुत सफर रहा है। यह कल्ट-कॉमेडी शो अपने मजेदार किरदारों एवं कहानियों से लगातार अपने दर्शकों का मनोरंजन कर रहा है और ये दो उपलब्धियां इस शो की बेइंतहां लोकप्रियता को साबित करती हैं। प्रोडक्शन्स के संजय कोहली ने कहा, ''यह हम सभी के लिये एक गौरवान्वित करने वाला पल है। क्योंकि हमने आठ सफल वर्षों को पूरा करने और 2000 से ज्यादा एपिसोड्स प्रसारित करने की उपलब्धि हासिल की है। आसिफ शेख ऊर्फ विभूति नारायण मिश्रा,रोहिताश्व गौड़ ऊर्फ मनमोहन तिवारी, विदिशा श्रीवास्तव आदि खुशी जाहिर की है।

## रेल मंत्री से मिले सांसद वीडी राम, कई मांगो पर की चर्चा

प्रभात मंत्र संवाददाता

**मेदिनीनगर :** पलामू के सांसद विष्णु दयाल राम ने नई दिल्ली स्थित रेल भवन में रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव से मुलाकात कर पलामू संसदीय क्षेत्र के अंतर्गत रेलवे से जुड़ी पलामू संसदीय क्षेत्र की जनता की कई मांगो पर चर्चा की.



अंदरगामी पुल का निर्माण, रांची नई दिल्ली राजधानी एक्सप्रेस ट्रेन संख्या 12453/12454 अप/डाउन का नगर उंटारी रेलवे स्टेशन पर ठहराव ठहराव, ट्रेन सं0 03360/03359 वाराणसी-बराकाकाना बीडीएम का परिचालन प्रारम्भ करना आदि के संबंध में बात की। इसके साथ ही ट्रेन संख्या 03603/03604 बरवाडीह चुनार पैसेंजर ट्रेन को कोरोना काल से ही बंद है। उक्त दोनों ट्रेनों के बंद होने से जनता को आवागमन में हो रही कठिनाईयों को देखते हुए दोनों का परिचालन प्रारम्भ करने का अनुरोध किया। उपरोक्त मांगों पर माननीय मंत्री ने गंभीरता पूर्वक विचार करते हुए राजधानी एक्सप्रेस ट्रेन संख्या 12453/12454 का नगर उंटारी में ठहराव, उपरोक्त वर्णित स्थानों पर अंदरगामी पुल का निर्माण, ट्रेन सं0 03360/03359 वाराणसी-बराकाकाना बीडीएम एवं ट्रेन संख्या 03603/03604 बरवाडीह चुनार पैसेंजर ट्रेन को चलाने पर सहमति जतायी है। उम्मीद है कि बहुत जल्द जनता को आवागमन में हो रही कठिनाईयों से निजात मिल सकेगी।

## मुख्यमंत्री ने पुलिस के लिए नए हथियार ख़रीदने की दी स्वीकृति

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची।** झारखंड विधानसभा में चल रहे बजट सत्र के द्वारान हेमंत सरकार ने पुलिस के जवानों को नए आधुनिक हथियार से लैस करने को हरी झंडी दिखा दी है। इसके तहत नए रायफल की खरीदारी को राज्य सरकार ने स्वीकृति दे दी है। राज्य सरकार इसके लिए कुल 43,84,83,47 रुपये खर्च करेगी। इससे पुलिस को 3,179 इनसास राइफल (5.56 एम एम) दी जाएगी। इसके साथ ही 4,767 मोटर बम( 51एम एम ) देने की भी स्वीकृति दी गई है। बताते चलें कि नए हथियार की आवश्यकता इसलिए पड़ रही है क्योंकि हाल के दिनों में झारखंड में नक्सलियों की गतिविधियों के दौरान पुलिस द्वारा



सर्च अभियान चलाएं जाने पर कई ऐसे नक्सलियों के हथियार बरामद हुए हैं , जो विदेशी हैं इन सभी को देखते हुए पुलिस अब नए तकनीक से नक्सलियों पर अंकुश लगाने में जुटी हुई है। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन अपने हथियार की खरीदारी करने की योजना बनाई है।

## पार्टी को मजबूत बनाएं : बीशवम

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची ।** भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के कार्यालय में शहीद मंजूर हसन खान के 51 वा शहादत दिवस मनाया गया। राष्टीय सचिव सह राज्यसभा सांसद विनय विश्वम ,राज्य सचिव महेन्द्र पाठक जिला सचिव अजय सिंह मौजूद थे, शहीद मजरुल हसन खान के चित्र पर माल्यार्पण कर दो मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि अर्पित की गई, और पार्टी के मजबूत बनाने के लिए संकल्प लिया गया । सांसद विनय विश्वम ने लोगों को संबोधित करते हुए कहा की महाजन जमींदारों के खिलाफ जमीन आंदोलन के प्रणेता शहीद मजरुल हसन खां पार्टी को मजबूत बनाने किसानों मजदूरों शोषित पीड़ित लोगों के आवाज बनकर पूरी जिंदगी गंवा दिया, उन्होंने रामगढ़ क्षेत्र में महाजनों के खिलाफ लगातार आंदोलन चलाएं। उनके पिता बड़े जमींदार हाजी मोहम्मद आसीन खान के , घरबार को छोड़कर सारी सुख सुविधा को त्याग कर और जनता के हित में जन आंदोलन के लिए गांव कस्बों में गरीबों के साथ आंदोलन को तेज किया। रामगढ़ की जनता ने उन्हें जीता कर विधानसभा में भेजा ,लेकिन वे शपथ भी नहीं ले पाए और दुश्मनों ने उन्हें पटना के फ्लैट में गोली मारकर हत्या कर दी। राज्य सचिव महेंद्र पाठक ने कहा कि शहीद मांजरुल हसन का के बताएं रास्ते पर चलकर पार्टी को मजबूत किया जाएगा। श्रद्धांजलि सभा में सांसद विनय विश्वयम भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी राज्य सचिव महेंद्र पाठक जिला सचिव अजय कुमार सिंह ,राज्य परिषद ईसहाकअंसारी ,नागो प्रसाद, इम्तियाज़ खान, दीपक दास , अनिरुद्ध कुमार, मनोज ठाकुर रोशन रोहित सहित कई लोग मौजूद थे।

## एमएसए स्कूल में हुआ शिक्षक-अभिभावक बैठक

**कम फीस में बेहतर शिक्षा देना मेरा प्राथमिकता शफीक अंसारी**

प्रभात मंत्र संवाददाता

**मेदिनीनगर :** नगर निगम के अंतर्गत पोखराहा खुर्द स्थित एम.एस.ए पब्लिक स्कूल में आज कक्षा 1 से 10वीं तक के विद्यार्थियों के अभिभावकों और शिक्षकों के बीच बैठक पेरेंट्स-टीचर मीटिंग का आयोजन किया गया। इस बैठक का मुख्य उद्देश्य था कि सभी अभिभावक अपने शिक्षकों के साथ वार्तालाप करें और अपने बच्चों के प्रगति की पूरी जानकारी शिक्षकों से ले जिसमें शिक्षकों को अभिभावकों से रूबरू करवाकर उनकी समस्याएं



जानी गई और उनका समाधान निकाला गया। इस मौके पर स्कूल संस्थापक सह अध्यक्ष मों शफीक अंसारी ने कहा कि स्कूल परिवार लगातार पलामू के बच्चों को कम फीस मे गुणवत्तापूर्ण शिक्षा देने को प्रतिबद्ध है। साथ ही उन्होंने अभिभावकों से बच्चों को मोबाइल से दूरी बनाए रखने का सलाह दिए। मौके पर स्कूल के प्रिंसिपल ओंकारनाथ अग्निमित्रा विद्यार्थियों को पूरी लगन व मेहनत से पढ़ाई करने के लिए प्रेरित किया और वार्षिक परीक्षा में बेहतर करने के लिए कई टिप्स दिए। उन्होंने अभिभावकों से अपने सम्बोधन में बताया कि नए सत्र 2023-24 में अभी एडमिशन ऑफर 5000 मॉफ के तहत फ्री एडमिशन लिया जा रहा है। बैठक का अध्यक्षता शिक्षक अफजल शफीक और सुनीता प्रसाद कर रहे थे वहीं मंच संचालन सत्यार्थ उपाध्याय सर कर रहे थे। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में विद्यालय के सभी शिक्षकों का महत्वपूर्ण ययोगदान रहा। बैठक में अभिभावक अश्विनी ठाकुर, फिरोज आलम, नागेंद्र सिंह, अखिलेश उरांव, शिवनाथ तिर्की, लल्लू राम, अशमीना खातुन, कविता देवी, तारा उरांव, अरविंद उरांव, असगर अंसारी, सरजु उरांव, रविकांत, रविंद्र गिरी, सदाम हुसैन, सतीश पासवान, सत्यम पासवान गीता साहु, सुजनती लकड़ा, हदीस अंसारी, अनुप पासवान, नाजमा बीबी, ममता देवी , दिलिप पासवान, वन्सीधर गिरी, रेशमा बेगम, उपमुखिया नागेंद्र पासवान सहित सैकड़ो अभिभावक अपना विचार प्रकट किए और कार्यक्रम को सराहनीय बताया।

## मैं जो वादा की हूं, उसको हर हाल में निभाऊंगी : अरुणा शंकर

प्रभात मंत्र संवाददाता

**मेदिनीनगर:** महापौर अरुणा शंकर, उपमहापौर मंगल सिंह एवं शहर के प्रतिष्ठित व्यवसाइ सुरेश जैन,ख्याति प्राप्त डॉक्टर रघुवंश नारायण सिंह एवं समाजसेवी अरुणजय नारायण सिन्हा ने साथ मिलकर शिवाजी मैदान सुंदरीकरण का शिलान्यास किया। महापौर अरुणा शंकर ने कहा कि जब भी इस मैदान के तरफ से मैं सुबह शाम गुजरती थी, तो देखती थी कि कई गणमान्य महिला पुरुष यहां अंधेरे में इवनिंग वाक करते थे। ना कोई बैठने की व्यवस्था थी ना ही टॉयलेट। उसी वक्त मैंने निर्णय लिया था कि इसे सुसज्जित एवं सुव्यवस्थित किया जाएगा। जिसका आज शिलान्यास हम सबों ने मिलकर किया। इस शिलान्यास के अवसर पर इप्टा के कार्यक्रम में भाग लेने आए छत्तीसगढ़ के कलाकारों ने भी शिलान्यास में सम्मिलित होकर शोभा बढ़ाया। महापौर ने कहा कि यह एक ऐतिहासिक मैदान है। यहां सारे




**66 वर्षों में जीरो, 3 साल में जनता को समर्पित किया चार पार्क**

बड़े-बड़े पॉलिटिकल एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम हुआ करते हैं। इसके लिए नए ढंग से स्टेज, ग्रीन रूम, टॉयलेट बनाए जा रहे हैं। ताकि आयोजक कम राशि में कार्यक्रम का आयोजन कर सके। पूरे फील्ड में विशेष लाइट की व्यवस्था भी की जा रही। महापौर ने कहा कि जब मैं महापौर बनी थी, उस वक्त पूरे निगम क्षेत्र में 66 साल एक ही परिवार द्वारा राज करने के बाद भी एक मैदान नहीं था। जहां महिलाएं ,बुजुर्ग घूम सकें और बच्चे खेल सके। लेकिन आज मुझे खुशी है कि हमारे निगम क्षेत्र में 2 वर्ष कोरोना के कारण खोकर भी हम मात्र 3 वर्ष के कार्य अवधि में गांधी उद्यान, अंबेडकर पार्क, मरीन ड्राइव और अब शिवाजी मैदान जनता को समर्पित करेंगे। इन मैदानों को बच्चे,बुजुर्ग, महिलाएं एवं यूथ सभी को ध्यान में रखकर निर्माण किया जा रहा है। महापौर ने कहा कि इसके अलावा भी कई मोहल्ले में मोहल्ला पार्क का निर्माण 2 माह के अंदर किया जाएगा। जिसमें चैनपुर, शाहपुर, रेडमा, सुदना व पुलिस लाइन प्रमुख है। जहां बच्चों के लिए अत्याधुनिक मल्टी प्ले स्टेशन लगाने की तैयारी है। इस अवसर पर मंगल सिंह ने कहा कि जो जो वादा हम दोनों ने मिलकर किया था, सब पूरा करेंगे।

## सांसद संजय सेठ से मिले स्कूल ऑफ गवर्नेंस के प्रमुख

**रांची :** पुणे स्थित एमआईटी स्कूल ऑफ गवर्नेस के प्रमुख राहुल कराद ने शनिवार को सांसद संजय सेठ से उनके कार्यालय में मुलाकात की। इस दौरान सांसद ने उनका स्वागत किया। संस्था के द्वारा 15, 16, 17 और 18 जून को मुंबई में राष्टीय विधायक सम्मेलन का आयोजन किया गया है। इसमें देश के सभी राज्यों के विधायक शामिल होंगे। कराद ने सांसद को कार्यक्रम की रूपरेखा बताई। इस कार्यक्रम के माध्यम से भारतीय लोकतंत्र और भी सशक्त हो, यह उनका प्रयास है। सांसद ने आयोजन के लिए अपनी शुभकामनाएं दी। सांसद ने कहा कि राहुल ने भारतीय लोकतंत्र में एक नया प्रयोग किया है। यह भारतीय राजनीति को नई दिशा प्रदान करेगा। हमारे लोकतंत्र को समर्थ और सशक्त बनाने में बड़ी भूमिका निभाएगा।

## झारखंड विधानसभा में अल्पसंख्यक कल्याण के लिए 2690 करोड़ रुपये का अनुदान मांग पारित

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची :** झारखंड विधानसभा के बजट सत्र के दूसरे चरण के 12वें दिन शनिवार को भोजनावकाश के बाद हुई सदन की कार्यवाही में विपक्ष के बहिष्कार के बीच सदन से एससी, एसटी, पिछड़ा वर्ग और अल्पसंख्यक कल्याण के लिए 2690 करोड़ रुपये का अनुदान मांग पारित हुआ। चर्चा का जवाब देते हुए मंत्री चम्पई सोरेन ने कहा कि सबसे पहले राज्य की सामाजिक और बुनियादी व्यवस्था को मजबूत करना है। ग्रामीण क्षेत्रों के छात्र- छात्राओं को शहरों में शिक्षा ग्रहण में परेशानी नहीं हो इसको ध्यान में रखकर रांची, जमशेदपुर, हजारीबाग, दुमका, देवघर, चाईबासा, गोड्डा में बहुमंजिला छात्रावास का निर्माण कराया जाएगा।

उन्होंने कहा कि एससी, एसटी, ओबीसी, अल्पसंख्यकों के लिए संचालित छात्रावास में रसोइया और सफाईकर्मी की नियुक्ति की जाएगी। साथ ही छात्रावास में रहनेवाले छात्र-छात्राओं के लिए भोजन की व्यवस्था भी सरकार करेगी। हर छात्रावास में लाइब्रेरी का निर्माण किया जाएगा। आदिवासी संस्कृति कलाकेंद्र की व्यवस्था की जाएगी। एससी, ओबीसी बहुल गांवों में धार्मिक स्थल और श्मशान घाटों की घेराबंदी कराई जाएगी।

केदार हाजरा ने अनुदान मांग पर कटौती प्रस्ताव लाया सदन में कल्याण विभाग के अनुदान मांग पर चर्चा हुई। अनुदान मांग पर कटौती प्रस्ताव लाते हुए भाजपा विधायक केदार हाजरा ने कहा कि केंद्र सरकार ने



एससी, एसटी और ओबीसी का बजट तीन गुना बड़ाया।आदिवासी समाज का गौरव बड़े, इसको ध्यान में रखकर मोदी सरकार ने भगवान बिरसा मुंडा की जयंती को आदिवासी गौरव दिवस के रूप में मनाने का निर्णय लिया। द्रौपदी मुर्मू को राष्टपति बनाया। हेमंत सरकार ने 10 हजार पोषण सखियों को नौकरी से हटाया।

झामुमो विधायक जिगा सुसरान होरो ने चर्चा में भाग लेते हुए कहा कि हेमंत सरकार में झारखंड के आदिवासी बच्चे को विदेश पड़ने के लिए भेजा जा रहा है। सरना मसना स्थल की घेराबंदी कराई जा रही है।

## लंबोदर महतो ने विधानसभा में बांध पंचायत में जलापूर्ति योजना का मामला उठाया



प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची :** झारखंड विधानसभा में शनिवार को गोमिया विधायक डॉ. लंबोदर महतो ने गोमिया प्रखंड अंतर्गत बांध पंचायत में जलापूर्ति योजना मामला उठाया। उन्होंने तारांकित प्रश्न करते हुए सदन के माध्यम से सरकार से यह पूछा कि बांध पंचायत में जलापूर्ति योजना का इंटेकवेल की गहराई कम होने एवं उचित स्थान पर नहीं होने के कारण अब तक शुद्ध, स्वच्छ और पर्याप्त मात्रा में जलापूर्ति नहीं हो रहा है। इस वजह से 20 हजार से ज्यादा लोग पेयजल से वंचित हैं। साथ ही उन्होंने सरकार से यह भी पूछा कि सरकार बांध जलापूर्ति योजना के लिए तेनुघाट डैम से पानी लेकर नया इंटेकवेल एवं डब्ल्यूटीपी, पाइपलाइन बिछाते हुए नई जलापूर्ति योजना की प्रशासनिक स्वीकृति कराना चाहती है है या नहीं। इस पर जवाब देते हुए राज्य के पेयजल एवं स्वच्छता मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर ने बताया कि बांध पंचायत में जलापूर्ति योजना के डीपीआर के अनुरूप प्रस्तावित स्थल पर बोकारो नदी में इंटक वेल बनाया गया है। दो वर्षों के ओ एंड एम के उपरांत योजना वीडब्ल्यूएससी को हस्तांतरित कर दी गई है। वीडब्ल्यूएससी के द्वारा जलकर की राशि से योजना का संचालन मरम्मत एवं संप्रेषण किया जा रहा है। योजना चालू है। उन्होंने सदन को यह बताया कि बांध ग्रामीण जलापूर्ति योजना से बांध, महली बांध ग्रामों की जलापूर्ति की जाती है। पलानी ग्राम को झिरके ग्रामीण जलापूर्ति योजना से जलापूर्ति की जा रही है। भुरकुण्डवा ग्राम को सीसीएल के द्वारा जलापूर्ति की जाती है। इसके अतिरिक्त इन ग्रामों में नलकूपों के जलापूर्ति की जा रही है। बांध पंचायत में 4156 आबादी के बीच 23 ,महली बांध में 1160 आबादी के बीच 17, पलानी में 396 आबादी के बीच 08 और भुरकुण्डवा में 347 आबादी के बीच 05 नलकूप है। सभी नलकूप चालू स्थिति में हैं। डॉ. लंबोदर महतो ने झारखंड विधानसभा के बजट सत्र के शून्य काल में राज्य में पूर्ण शराबबंदी करने की मांग की। उन्होंने सदन में कहा कि पूरे राज्य में विदेशी, देशी शराब की खरीद बिक्री एवं भंडार हो रहा है। शराब के सेवन से राज्य के हजारों लोग लीवर कैंसर, लीवर सिरोसिस जैसे गंभीर बीमारियों से पीड़ित होकर काल के गाल में समा रहे हैं। साथ ही सड़क दुर्घटना के कारण भी लोगों की मृत्यु हो रही है। इन सब को देखते हुए हमारी सदन के माध्यम से सरकार से यह मांग है कि राज्य भर में पूरी तरह से शराबबंदी की जानी चाहिए।

## जमीन विवाद में गोलीबारी करने के मामले 12 लोगों को किया गिरफ्तार

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची।** नामकुम थाना क्षेत्र के केतारी बगान के पास जमीन विवाद को लेकर गोलीबारी करने के मामले रांची पुलिस ने 12 लोगों को हथियार के साथ गिरफ्तार किया है। इस घटना में 2 लोग घायल हुए थे। पत्रकारों को संबोधित करते हुए नामकुम क्षेत्र केसहायक पुलिस अधीक्षक (मु) प्रथम, ने बताया कि खाता नंबर-239 प्लॉट नंबर-1184 रकबा 1.44 एकड़ जमीन को लेकर कई वर्षो से विवाद नामकुम थाना अन्तर्गत केतारीबगान घाट रोड में सुरेश्वर महोदव मंदिर के बगल चल रहा है। यह जमीन भुईहरी एवं पहनई है, जो खतियान में रंजीत पाहन पिता स्व नाम से दर्ज है, एवं बकब्जे सूरज खलको लिखा हुआ है। इसी जमीन विवाद को लेकर कई कमल भुटकुमार सा-सामलोग अखाड़ा कोचा, थाना नामकुम के वंशज सोमरा पाहन के बार धारा-144 दप्रस के तहत कार्रवाई की गयी है, तथा अनुमंडल दण्डाधिकारी सदर, रांची ने अपने निर्णय मे स्वामित्व विवाद को लेकर सक्षम न्यायालय मे जाने का आदेश दिया गया है। अनुमंडल दण्डाधिकारी सदर रांची ने 27.08.22 को उक्त भूमि मे स्टेटश को रखने का आदेश दिया गया था, जिसे 22.10.22 को विलोपित कर दिया गया। तत्पश्चात रंजीत पाहन के द्वारा उक्त जमीन में निर्माण कार्य कराया जा रहा था, जिसे बीच मे द्वितीक्ष पक्ष के सन्त्री आकाश खलखो द्वारा तोड़ा भी गया था। जिस संबंध में नामकुम थाना कांड संख्या-60/23 04.02.23 दर्ज किया गया था। पुनः रंजीत पाहन द्वारा उक्त जमीन में कार्य किया जा रहा था. तो 16.03.23 को अनुमंडल पदाधिकारी सदर रांची के यहा से स्टेटश को प्राप्त होने पर कार्य को बंद करा दिया गया था। 17.03.23 को सुब में ग्रेस खलखो के समर्थक करीब 50-60 व्यक्ति निर्माण कार्य को तोड़ने के लिए उक्त भूमि पर पहुंचे एवं तोड़ फोड़ शुरू किये, इसी बीच रंजीत पाहन के तरफ से 40 से 50 लोग आपस में भीड़ गये एवं मारपीट होने लगी, दोनो तरफ से फायरिंग की घटना हुई, जिसमे रंजीत पाहन के ग्रुप की महिला नीलिमा सरोज के सिर में एवं एक व्यक्ति आशीष श्रीवास्तव के



घुटना में चोट लगी। रंजीत पाहन के तरफ से आये अपराधकर्मी के शूटर प्रवेश कुमार राम एवं सुरज साहू के द्वारा फायरिंग की गयी जिससे राहुल नाग पिता जयंत नाग सा0- कृष्णापुरी रोड नं0-01, चुटिया एवं आशीष कुमार पिता धर्मनाथ सिंह पता- न्यू मार्केट कांके रोड, रांची, के पैर में गोली लगी। दोनो का ईलाज रिम्स अस्पताल रांची में चल रहा है। प्रशासन द्वारा घटनास्थल पर पहुंच कर शान्ति व्यवस्था कायम की गयी।आवेदक अजय जोसेफ खलखो पिता स्व0 किस्टोफर खलखो सा0-मरियम टोली लोवाडीह, थाना नामकुम जिला रांची द्वारा अशोक पासवान एवं उनके गुर्गे के विरूद्ध नामकुम थाना कांड संख्या-134 / 23 17093.23 एवं दुसरे पक्ष के रंजीत पाहन पिता स्व0 कमल पाहन सा0-अखरा कोचा, सामलौंग, थाना नामकुम जिला रांची, द्वारा 11 नामजद एवं 70-80 अज्ञात के विरूद्ध नामकुम थाना कांड संख्या-135/23 17.03. 23 दर्ज कराया गया है। कांड अनुसंधान के क्रम मे कांड संख्या-134/23 17.03.23 धारा-147/ 148/ 149/ 326/ 307/ 506 भादवि एवं 27 आर्म्स एक्ट में शामिल 12 अभियुक्तों को हथियार एवं गोली के साथ गिरफ्तार किया गया है।

**गिरफ्तार अभियुक्तः**
अप्राथमिकी अभियुक्त प्रवेश कुमार राम , ओमप्रकाश राम , सुरज कुमार साहु , सुनील मुण्डा , विनोद कुमार राम उर्फ कारू , शुभम कुमार , मनीष उर्फ मोनू कुमार गिरी, विजय टोप्पो , रोहन सिंह , जिला रांची, समीर , आलोक कुल्लू , सिमडेगा वर्तमान पता- ओल्ड पीस रोड, थाना लालपुर, जिला रांची, प्रकाश कुमार रवि सिन्हा उर्फ रौशन कोतवाली, जिला रांची को गिरफ्तार किया गया है।

**जप्त सामानः** 9 एम0एम0 बोर का एक पिस्टल 9 एम0एम0 बोर का चार गोली। 7.65 एम0एम0 बोर का एक पिस्टल । 7.65 एम0एम0 बोर का दो गोली।
मोबाईल सेट 13 (तेरह) अदद ।
दो मोटरसाईकिल ।

**छापामारी दलः** सहायक पुलिस अधीक्षक (मु) प्रथम, राँची मूमल राज पुरोहित पु0नि0 सह थाना प्रभारी नामकुम सुनील कुमार तिवारी,पुअनि शिव नारायण तिवारी, पुअनि रवि कुमार केशरी, पुअनि मनोज कुमार,सअनि चन्द्रनाथ उरांव आदि शामिल थे।